kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-98 | शुक्रवार, 09 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले का जिस तरह से जवाब दिया गया है, उससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।भारतीय सेना हर परिस्थिति में जवाब देने में सक्षम है।



मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रस्ताव पारित कर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर चिंता जताई 11

दिल्ली की मुख्यमंत्री बोलीं- हर वादा समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे 12

## संक्षेप

### भारत वैश्विक शांति में विश्वास रखता है : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक शांति, बंधुत्व और कल्याण में विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब फलता-फूलता है जब अभिव्यक्ति और संवाद एक-दूसरे के पूरक होते हैं। यही लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से अलग करता है। भारत में लोकतंत्र केवल संविधान के लागू होने या विदेशी शासन से स्वतंत्र होने के बाद शुरू नहीं हुआ। हम हज़ारों वर्षों से लोकतांत्रिक भावना के साथ जीते आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में अपने आवास पर इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फ़ेलोज़ से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य के दर्शन को कर्म में उतारा है। कौटिल्य की विचारधारा शासन का एक ग्रंथ है, जो राज्य संचालन, सुरक्षा, और राजा की भूमिका जो अब निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं हर पहलू को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि आज के बहुध्रुवीय विश्व में, जहां गठबंधन लगातार बदलते रहते हैं, कौटिल्य ने पहले ही यह कल्पना की थी। उन्होंने कौटिल्य को उद्धृत करते हुए कहाः 'पड़ोसी राज्य शत्रु होता है और शत्रु का शत्रु मित्र होता है।' कौन-सा देश इस बात को भारत से बेहतर जानता है? हम सदैव वैश्विक शांति, वैश्विक बंधुत्व और वैश्विक कल्याण में विश्वास रखते हैं। शक्ति और शासन के मूलभूत सिद्धांतों पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि शक्ति को उसकी सीमाओं से परिभाषित किया जाता है। लोकतंत्र तब ही पोषित होता है जब हम शक्ति की सीमाओं को समझते हैं। यदि आप कौटिल्य की दर्शन में गहराई से जाएं तो पाएंगे कि यह सब अंततः जनकल्याण पर केंद्रित होता है, यही सुशासन का अमृत है। धनखड़ ने कहा, ल्लकौटिल्य ने कहा, राजा की प्रसन्नता उसकी प्रजा की प्रसन्नता में है। यदि आप किसी भी लोकतांत्रिक देश का संविधान देखें, तो पाएंगे कि यही दर्शन लोकतांत्रिक शासन और मूल्यों की आत्मा है।

### ईडी का जीएसटी घोटाले में झारखंड और कोलकाता में नौ ठिकानों पर छापा

रांची । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जीएसटी घोटाला केस में आज झारखंड और कोलकाता में नौ स्थानों पर छापा मारा है। ईडी के सूत्रों के अनुसार, रांची में तीन जमशेदपुर में एक और कोलकाता में पांच स्थानों पर दबिश दी है। ईडी ने शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता और अमित गुप्ता को छापेमारी के दायरे शामिल किया है। इन व्यापारियों ने 14,325 करोड़ रुपये का फर्जी बिल बनाया और 800 करोड़ का जीएसटी का घोटाला किया। बताया जा रहा है कि जीएसटी घोटाले का मास्टर माइंड झारखंड और पश्चिम बंगाल का है। घोटाले में शामिल व्यापारियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर व्यापारिक प्रतिष्ठान बनाया। इसके बाद आईटीसी का अनुचित लाभ लिया और अपने-अपने फर्जी प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया। झारखंड ईडी की ओर से जीएसटी घोटाले को पीएमएलए के दायरे में लाकर छापा मारने की यह पहली घटना है।

## पाक का हमला नाकाम, भारत की जबरदस्त जवाबी कार्रवाई

# भारत ने पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को किया तबाह

## भारत ने 15 से अधिक मिसाइलों और 3 लड़ाकू विमानों को को हवा में मार गिराया

एजेंसी



नई दिल्ली/चंडीगढ़/इस्लामाबाद/लाहौर । भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान की कई मिसाइल हमलों को नाकाम करते हुए उसके तीन लड़ाकू विमानों को मार गिराने के बाद जबरदस्त कार्रवाई करते हुए दुश्मन पाकिस्तान के कई शहरों लाहौर, कराची, सियालकोट में जबरदस्त हमला कर दिया है। भारत ने एक जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को हवा में मार गिराया। लाहौर में एक पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट किया। खबर लिखे जाने तक भारत का पाकिस्तान के कई शहरों में मिसाइल और ड्रोन से हमला जारी था। वहीं पाकिस्तानी सेना ने माना है कि उसके कई शहरों में जबरदस्त ड्रोन से हमला हुआ है जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और उसके चार सैनिकों समेत आठ लोग घायल हुए हैं। हालांकि यह संख्या उनके दावे से कहीं अधिक बताई जा रही है। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कराची बंदरगाह पर भी हमले की खबर मिली है। इससे पहले भारत ने बृहस्पतिवार पूरे दिन पाकिस्तानी सेना द्वारा ड्रोन और मिसाइलों के 15 जगहों पर हुए हमले को नाकाम करते उसके हुए उनके मंसूबे को नाकाम कर दिया। नई दिल्ली में भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार रात ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को विफल कर दिया और जवाबी कार्वाई में लाहौर में एक पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। एकीकृत रक्षा स्टाफ के आधिकारिक एक्स अकाउंट ने भी इस घटनाक्रम की पुष्टि की। इसने पोस्ट किया, जम्मू और कश्मीर में अंतर्राष्टीय सीमा के निकट जम्मू, पठानकोट और उधमपुर के सैन्य स्टेशनों को पाकिस्तान ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके निशाना बनाया। कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप प्रधानमंत्रीविदेश मंत्री इशाक डार ने भारत पर आरोप लगाया कि उसने पाकिस्तान पर कई ड्रोन हमले किए हैं। डार ने कहा कि पाकिस्तान ने अब तक सीमित प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को जवाब देने का अधिकार है। चौधरी ने दावा किया कि लाहौर, गुजरांवाला, चकवाल, बहावलपुर, मियानो, कराची, छोर, रावलपिंडी और अटक में ड्रोन को मार गिराया गया है। उन्होंने दावा किया कि अब तक पाकिस्तानी सेना के सॉफ्ट किल (तकनीकी) और हार्ड किल (हथियारों) से इजराइल में निर्मित 29 हारोप ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। डार ने दावा किया कि भारत की ओर से किए गए ड्रोन हमले से रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि लाहौर छावनी क्षेत्र में कम से कम चार ड्रोन हमले हुए हैं। भारत के हमले के बाद पूरे पाकिस्तान में सायरन बजने लगा लोगों घरों में छिपने लगे जिससे लाहौर के सीमावर्ती क्षेत्रों और डिफेंस हाउस अथॉरिटी के निवासियों में दहशत फैल गई। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने बृहस्पतिवार को पूरे प्रांत के सभी शैक्षणिक संस्थानों को रविवार तक बंद करने की घोषणा की है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी और कई राज्यों ने स्कूल बंद करने, सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट करने और पुलिसकर्मियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने की घोषणा की है।

## पहलगाम हमला ही था असल उकसावा

# झूठ और भ्रामक दावे कर रहा पाकिस्तान : भारत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान लगातार पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम पर झूठ बोल रहा है। भारत स्पष्ट करना चाहता है कि पहलगाम ही पहले उकसावे की घटना थी। इसी के जवाब में भारत ने आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक और संयमित कार्रवाई की है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में एक स्पेशल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ल्लहमने केवल आतंकी ढांचे को निशाना बनाया है। अगर पाकिस्तान आगे कोई हमला करता है तो जवाबी कार्रवाई के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।ङ्क उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमला एक सोची-समझी उकसावे की कार्रवाई थी, जिसमें लश्कर ए तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े 'द रजिस्टेंस फ्रंट' की भूमिका सामने आई है। हालांकि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के पहलगाम हमले पर जारी होने वाले बयान से इस संगठन का नाम हटवाया, जबकि संगठन ने शुरुआत में अपनी भूमिका स्वीकार की थी। विदेश सचिव मिस्री ने पाकिस्तान की ओर से पूरे घटनाक्रम पर फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम से जुड़े दावों को बेनकाब किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमले के बाद से ही निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात करता आ रहा है, लेकिन मुंबई और पठानकोट जैसे आतंकी हमलों पर ठोस सबूत देने के बावजूद भी आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पाकिस्तान के भारत के हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने के दावे का उन्होंने खंडन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है जहां आतंकियों को 'शहीद' बताकर महिमामंडित किया जा रहा है। वहीं कल पाकिस्तान ने भारत के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। कल के सीमापार से किए गए हमले में 16 भारतीय नागरिकों की जान गई है जिसमें 5 महिलाएं और 3 बच्चे हैं।

विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि भारत ने किसी धार्मिक स्थल पर नहीं, बल्कि आतंकवाद की पनाहगाह पर कार्रवाई की थी। पाकिस्तान द्वारा जिस मस्जिद को निशाना बनाने की बात कही जा रही है, वह एक आतंकी प्रशिक्षण केंद्र था। दूसरी ओर कल पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में गुरुद्वारे पर हमला किया। इससे उसकी नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उन्होंने सिंधु जल संधि का भी उल्लेख किया और इसपर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का खंडन किया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि का मुद्दा हमले के बाद नहीं उपजा है। भारत ने बीते दो वर्षों से संधि के नियम और शर्तों के अनुरुप पुनःवार्ता (री-नेगोसिएशन) के लिए नोटिस दिया है। छह दशकों यहां तक कि युद्धकाल में भी भारत ने इस संधि का सम्मान किया। बावजूद ● शेष पेज 11 पर

## छेड़ने वालों को मांद में घुसकर मारता है नया भारत : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक बताते हुए कहा कि विकसित भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अनावश्यक किसी के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन अगर कोई हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके हमारे नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता भी नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। कल इस भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि दुनिया बदल चुकी है। हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी। हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी। चयन की पूरी प्रक्रिया में, उसकी निष्पक्षता में, उसकी पारिदर्शिता में किसी भी प्रकार का कोई प्रश्न खड़ा नहीं हुआ।

## उत्तराखंड हेलीकॉप्टर दुर्घटना : मृतकों में अनंतपुर सांसद की बहन भी शामिल

अनंतपुर। उत्तराखंड में देहरादून से गंगोत्री जाते समय हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मरने वालों में स्थानीय सांसद लक्ष्मीनारायण की बहन वेदवती भी हैं। इस दुर्घटना में सांसद के बहनोई और वेदवती के पति भास्करघायल हुए हैं। जिन्हें ऋषिकेष के एम्स में भर्ती कराया गया है। गुरुवार सुबह छह श्रद्धालुओं को लेकर एक हेलीकॉप्टर देहरादून से गंगोत्री जा रहा था। उत्तरकाशी में यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में पायलट और पांच श्रद्धालु सहित छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के समय हेलीकॉप्टर में सात यात्री सवार थे। इस हेलीकॉटर में अनंतपुर के सांसद लक्ष्मीनारायण की बहन वेदवती और बहनोई एम भास्कर भी सवार थे।

इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सांसद की बहन वेदवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वेदवती के पति एम? भास्कर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल भास्कर को हेली एंबुलेंस के जरिए ऋषिकेष के एम्स पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय एक अधिकारी ने अनंतपुर के सांसद लक्ष्मीनारायण की बहन वेदवती की मौत की पुष्टि की है।

## प्रधानमंत्री ने सचिवों के साथ की बैठक, मंत्रालयों व विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



### सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को पाकिस्तानी मिसाइलें मार गिराने की जानकारी दी

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके उन्हें देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल करने की जानकारी दी। पीएम मोदी को बताया गया कि रूस से मिली शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का पहली बार उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया गया। भारत और ● शेष पेज 11 पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और विभिन्न एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। सचिवों को अपने-अपने मंत्रालय के संचालन की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों के पूर्ण-सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें तत्परता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया गया है। सचिवों ने मौजूदा स्थिति में समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ अपनी योजना का विवरण दिया। सभी मंत्रालयों ने संघर्ष के संबंध में अपनी कार्रवाई योग्यताओं की पहचान की है और प्रक्रियाओं को मजबूत कर रहे हैं। मंत्रालय सभी प्रकार की उभरती स्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें अन्य बातों के अलावा, नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, ● शेष पेज 11 पर

## बीजापुर में मुठभेड़ जारी, आठ नक्सलियों की मौत, पांच जवान शहीद



एजेंसी

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेंगुट्टा पहाड़ पर चल रहे सबसे बड़े अभियान के बीच तेलंगाना में नक्सलियों ने ग्रेहाउंड्स की टीम को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है जिसकी चपेट में आकर ग्रेहाउंड्स के पांच जवान शहीद हो गए। इस बीच हुए मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया हैए इनमें दो नक्सली कमांडर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसारए ग्रेहाउंड्स की टीम एंटी नक्सल अभियान पर वाजिदु ;टीजीद्ध से निकली थी। तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट में अब तक पांच जवान शहीद हुए हैंए जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। मुठभेड़ में सीसी सदस्य चंद्रना और एसजेडसीएम बंडी प्रकाश समेत कुल आठ नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। बीजापुर के उसूर क्षेत्र के लंकापल्लो क्षेत्र में मुठभेड़ चल रही है। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में मुठभेड़ शुरू कर दी है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और सुरक्षाबल नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

## भारतीय सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी : गिरिराज सिंह

पटना । भारतीय सेना की ओर से किए गए ''ऑपरेशन सिंदूर'' के बाद पूरा देश गर्व कर रहा है। क्या आम और क्या खाश सभी पाकिस्तान पर हुई इस कार्रवाई की प्रसंशा पर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी सेना के पराक्रम को सलाम किया है। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी है।

उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले का जिस तरह से जवाब दिया गया है, उससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।भारतीय सेना हर परिस्थिति में जवाब देने में सक्षम है। आगे भी अगर जरूरत पड़ी तो दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब मिलेगा, जिस भाषा को वो बाखूबी समझते हैं। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, जिसके बाद सेना ने 6 और 7 मई की दरमयानी रात कड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के भीतर सक्रिय 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय सेनाओं ने अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देकर नया इतिहास रचा

# उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों के बल पर सफल हुआ ऑपरेशन सिंदूर : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




### भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को करारा जवाब देने के लिए तैयार : राजनाथ

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन 'सिंदूर' की सराहना करते हुए कहा है कि भारतीय सेनाओं ने अपने अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान और ● शेष पेज 11 पर

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के दुर्जेय और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बलों के उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से लैस होने के कारण ही ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका है ।

रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों द्वारा बिना किसी निर्दोष व्यक्ति को नुकसान पहुँचा और न्यूनतम क्षति के साथ ऑपरेशन को अंजाम देने की सटीकता की सराहना की और इसे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया।

उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया क्योंकि हमारे दुर्जेय और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बल उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से लैस थे। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविर नष्ट कर दिए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में श्गुणवत्ताश की महत्वपूर्ण भूमिका है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत ने हमेशा बहुत संयम बरतते हुए एक जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभाई है और वह बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने में विश्वास ● शेष पेज 11 पर

### कोलकाता से पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक के आतंकी कनेक्शन पर ईडी को अहम सुराग

कोलकाता । कोलकाता में करोड़ों के फर्जी पासपोर्ट रैकेट के मामले में गिरफ्तार पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक के आतंकी संबंधों को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कुछ अहम सुराग मिले हैं। यह सुराग व्हाट्सएप समूहों में की गई बातचीत और वॉयस मैसेज रिकॉर्ड्स के जरिए हाथ लगे हैं, जो जांच एजेंसी की आशंकाओं को और पुख्ता ● शेष पेज 11 पर

# कदम कार्यक्रम का हुआ निष्कर्ष प्रतिपुष्टि सत्र का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पादरी बाजार , गोरखपुर । चरगांवा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पर संचालित 2 वर्ष से चल रहे कदम प्लस प्रोग्राम प्रतिपुष्टि सत्र बीआरसी चरगांवा पर हुआ।प्रतिपुष्टि सत्र में सबसे पहले बीईओ श्री विजय कुमार गुप्ता ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती को फूल चढ़ाए, दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रोजेक्टलीडर संजर सिंह (क्ष्ध्क्र) ने बीईओ सर का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया, खंड शिक्षा अधिकारी कदम+ कार्यक्रम का समर्थन किया व कार्य्रकम के कार्य और संस्कृति के बारे में बताया कदम+ कार्य्रकम चरगांवा के 20 स्कूलों चल रहे उन्ही स्कूल के 40 शिक्षकों को संबोधित किया। टीमलीडर समजर सिंह ने भी फीडबैक सत्र के बारे में शिक्षकों को उनकी प्रतिस्पर्धा के बारे में बताया कार्यकम से जुड़े सभी उपस्थित हेडमास्टर/सहायक अध्यापक को हार्दिक धन्यवाद दिया। शुभम




पांडे (क्ष्ध्क्र) ने उनके बीच उपलब्धियां और रिपोर्ट पीपीटी द्वारा प्रस्तुत की। पीपीटी में दो वर्षीय कार्यक्रम का एमआईएस डाटा, बेसलाइन और एंडलाइन डाटा, 2023 से लेकर 2025 तक का बताया गया, कदम ग्रेड बुक से पढ़ाई गई विषयक सामग्री व गतिविधि द्वारा पढ़ने-पढ़ाने को लेकर इन सभी स्कूलों की गतिविधि को सराहना बताया गया, कार्य्रकम का संचालन अक्षय कुमार श्रीवास्तव ने किया, संबंधित स्कूल के शिक्षकों में श्रीमती संगीता सिंह, साबित निषाद, रेनू कुमारी, राजेश यादव, यसवंत तिवारी, शालिनी त्रिपाठी, निरुपमा सिंह, रामसिंह, इत्यादि अध्यापक रहे। पीएस रामपुर चक ने कदम कार्य का समर्थन करते हुए, कदम अध्यापक की प्रकृति और कदम वर्कबुक के बारे में बताया, स0 अ0 सविता निषाद सीपीएमवी जंगल अहमद अली शाह ने कदम+ कार्यक्रम, एचपीपीआई के बारे में बहुमूल्य शब्द कहे और भविष्य के बारे में शुभकामनाएं दीं। श्री राजेश यादव एचएम पीएस विशुनपुर, श्रीमती शालिनी त्रिपाठी एचएम पीएस बैजनाथपुर, श्री यशवंत त्रिपाठी एटी पीएस बंगाई, श्रीमती नीतू श्रीवास्तव एटी पीएस दौलतपुर ने कदम अध्यापक के कार्यक्रम समर्थन करते हुए, कड़ी मेहनत और व्यवहार के बारे में मूल्यवान और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सभी प्रस्तुत शिक्षकों ने फीडबैक फॉर्म में हमारे कार्यक्रम के बारे में लिखित प्रतिक्रिया दी। उसके बाद बीईओ सर श्री विजय कुमार गुप्त ने एचपीपीआई टीम के कदम अध्यापक अभिषेक मौर्य को विशेष धन्यवाद दी, कार्य्रकम के अंत मे सभी शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किया। राष्ट्रगान के बाद प्रतिक्रिया कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कदम अधयापक अभिषेक मौर्य, अमित पटेल, दीपक यादव, अक्षय कुमार श्रीवास्तव, शुभम पांडे प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# संभल हिंसा : फायरिंग मामले में तीन आरोपितों की सशर्त जमानत मंजूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल मंदिर मस्जिद विवाद में सर्वे टीम व पुलिस पर पथराव करने, लोक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपितों की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने तीन अभियुक्तों शाने आलम, रेहान व फैजान की जमानत अर्जी पर दिया है। याची अधिवक्ता ने बताया कि तीनों अभियुक्त कई-कई मुकदमों में आरोपित हैं, अभी तीनों को एक-एक मुकदमे में जमानत मिली है। बता दें कि संभल कोतवाली एवं थाना नखासा पुलिस ने तीन महिलाओं सहित कुल 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसमें मस्जिद इंतजामिया कमेटी के साथ जफर अली एडवोकेट भी शामिल है। याचियों का कहना था कि उनका नाम एफआईआर में शामिल नहीं है। उनकी भूमिका स्पष्ट नहीं है। उन्हें मौके से गिरफ्तार नहीं किया गया और न ही सी सी टी वी फुटेज से तस्दीक कराई गई है। उन्हें झूठा फंसाया गया है। पत्थरबाजी व फायरिंग में जिन दो पुलिस अधिकारियों को गोली लगी है, चोट जानलेवा नहीं है। वे 19 जनवरी 25 से जेल में बंद हैं। जिला अदालत से जमानत खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दी थी। 19 नवम्बर को हिन्दू पक्ष की ओर से सिविल जज सीनियर डिवीजन चंदौसी कोर्ट में दावा किया गया कि संभल की शाही जामा मस्जिद ही श्री हरिहर मंदिर है। जिसका शास्त्रों में उल्लेख है। 19 नवम्बर की शाम को मस्जिद का पहले चरण का सर्वे हुआ और दूसरे चरण का सर्वे 24 नवम्बर को हुआ। मस्जिद में चल रहे सर्वे के दौरान हजारों की संख्या में इकट्ठा मुस्लिम की भीड़ ने पुलिस पर पथराव-फायरिंग की। उग्र भीड़ ने सरकारी गाड़ियों को फूंक दिया। उत्पात मचाया। 21 लोगों सहित 8-9 सौ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। हालांकि सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया कहा याची निर्दोष है या नहीं, ट्रायल में तय होगा। आरोप गम्भीर है। जमानत न दी जाय। कोर्ट ने तथ्यों व परिस्थितियों पर विचार करते हुए तीनों आरोपितों की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

## खूफिया विभाग की रिपोर्ट: मुरादाबाद के लोगों ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं से की शादी

मुरादाबाद । खूफिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार तीन बांग्लादेशी महिलाओं से मुरादाबाद के लोगों ने शादी की है। वह बांग्लादेशी महिलाएं भी यहां दीर्घकालिक वीजा पर रही हैं। यह बांग्लादेशी महिलाएं अब कहां हैं, इसकी तलाश की जा रही है।पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने गुरुवार को बताया कि मुरादाबाद के युवकों से शादी करने वाली बांग्लादेशी महिलाओं की जांच पड़ताल तेजी से की जा रही है। वर्तमान में वह कहां हैं, उनके परिवार की संख्या क्या है, इसकी जांच चल रही है। एसपी सिटी ने आगे बताया कि अभी तक की पुलिस जांच में पता चला कि पाकिस्तानियों की तरह तीन बांग्लादेशी महिलाओं ने भी मुरादाबाद के लोगों से शादी की है।

## कार ने सब्जी विक्रेता की बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

हमीरपुर । गुरुवार को बाइक में कटहल बेचने जा रहे एक सब्जी विक्रेता को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मचा हुआ था।जानकारी के अनुसार जरिया थाने के सरीला कस्बा निवासी जाहिर (30) पुत्र सैययद्दीन मझगवां थाने के कोठा गांव में स्थित बगिया में कटहल के पेड़ों का ठेका लिए हुए था। गुरुवार को वह बाइक में कटहल को लादकर मौदहा सब्जी मंडी बेंचने के लिए जा रहा था। तड़के धनौरी गांव के पास आ रही तेज रफ्तार एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार जाकिर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे प'ी रिजवाना, मां रहीमन और भाई शाकिर के अलावा तीन छोटे बच्चों को रोता हुआ छोड़ गया है। बाइक और कार की भिड़त में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

## सारनाथ में लाइट एंड साउंड शो को अत्याधुनिक तकनीक 8 -डी सिस्टम से कराने की तैयारी

वाराणसी । ऐतिहसिक सारनाथ में जल्द ही तथागत बुद्ध की सम्पूर्ण जीवन की कथा नए रंग-रूप में सुनने और देखने को मिलेगी। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सारनाथ में लाइट एंड साउंड शो को अत्याधुनिक तकनीकी 8 -डी सिस्टम से कराने की तैयारी में है। इस शो की अवधि 20 मिनट और बढ़ा दी गई है। अब भगवान बुद्ध के सम्पूर्ण जीवनी को लेज़र प्रोजेक्शन एंड शो के माध्यम से दिखाया जाएगा। अगले दो महीने में नए कलेवर में सारनाथ में साउंड एंड लाइट शो शुरू किया जाना प्रस्तावित है। उपनिदेशक पर्यटन राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि सारनाथ में लाइट एंड शो 8 -डी सिस्टम ,7 चैनल ऑडियो सिस्टम से प्रसारित किया जाएगा। जिससे साउंड इफ़ेक्ट तथा क्वालिटी काफी उम्दा हो जाएगी। लेज़र प्रोजेक्शन एंड शो 4-के क्वैलिटी और 3-डी इफ़ेक्ट के साथ दिखाया जाएगा, जिससे पिक्चर क्वालिटी काफी उच्च गुणवक्ता की दिखाई देगी। शो की अवधि 25 मिनट से बढ़ाकर 45 मिनट किया जा रहा है, जिससे भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े सभी स्थानों का प्रसंग दिखाया जा सके। उन्होंने बताया कि हिंदी और इंग्लिश में संचालित होने वाले लाइट एंड साउंड शो में भविष्य में तीसरी भाषा पाली भी जोड़ा जाना प्रस्तावित है। सारनाथ में पहले से चल रहे लाइट एंड साउंड शो को नए और आधुनिक तकनीक से बनाए जाने की लागत लगभग 08 करोड़ है।

## दारा इंडस्ट्री फर्म के स्वामिनी की हत्या खाना बनाने वाला नौकर फरार

मुरादाबाद । मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में रामगंगा विहार स्थित पाश कालोनी परम्परा में गुरुवार को मुरादाबाद की प्रसिद्ध केमिकल फर्म दारा इंडस्ट्री की स्वामी 80 वर्षीय वृद्ध महिला प्रमोद रस्तोगी की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। घटना के दौरान मृतका के अलावा घर में खाना बनाने वाला एक नौकर और एक नौकरानी थे। नौकरानी के अनुसार आरोप है कि खाना बनाने वाले नौकर ने मृतका के सिर पर जोरदार हथियार से वार किया और फरार हो गया। मर्डर की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह के साथ विभिन्न पुलिस अधिकारी व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल कर रही है। रामगंगा विहार के परम्परा में दारा इंडस्ट्री के स्वामी दयाकिशन रस्तोगी का परिवार रहता है। दारा इंडस्ट्री के नाम से केमिकल फैक्ट्री है। घर में उनकी वृद्ध माता प्रमोद रस्तोगी के अलावा पत्नी और बच्चे रह रहे हैं। कुछ दिन पूर्व दया किशन अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पूना में बच्चों का एडमिशन कराने गए थे। गुरुवार शाम उनके घर में उनकी वृद्ध माता प्रमोद रस्तोगी और खाना बनाने वाला नौकर सचिन व नौकरानी संगीता घर में थे। नौकरानी संगीता के अनुसार आरोपित नौकर सचिन ने प्रमोद रस्तोगी के सिर पर किसी धारदार हथियार से प्रहार किया जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई और आरोपित फरार हो गया। घर में रह रही नौकरानी जब प्रमोद रस्तोगी के कमरे में पहुंची तो उन्होंने उनके शव को बेड पर खून से लथपथ पड़ा देखा तो उनकी चीख निकल गई। उन्होंने कॉलोनी के सिक्योरिटी गार्ड्स को सूचना दी जिसके बाद थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाबत पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम 4 बजे थाना सिविल लाइन पुलिस को परम्परा में मर्डर की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद सिविल लाइन इंस्पेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी ने आगे बताया कि नौकरानी के अनुसार खाना बनाने वाले नौकर सचिन ने प्रमोद रस्तोगी की हत्या की और फरार हो गया।

# नवागंतुक डीपीआरओ ने ग्रहण किया कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने विकास भवन पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे इससे पहले जनपद सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर नगर, बागपत, बांदा व देवरिया में जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे है वे जहां जहां भी कार्यरत रहे है वहां वहां उन्होंने बहुत ही सुगमतापूर्वक अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन किया है, श्री पाण्डे जी वर्तमान समय मे प्रदेश मुख्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे, एक बार फिर उत्तर-प्रदेश सरकार ने उनके कठिन परिश्रम को देखते हुए अपना भरोसा जताया है।



जनपद बहराइच में डी पी आर ओ बहराइच का पद निवर्तमान डी पी आर ओ राघवेंद्र कुमार द्विवेदी के प्रमोशन के उपरांत से कइयों महीने से रिक्त चल रहा था, बहुत ही आवश्यक कार्यो को प्रभारी डी पी आर ओ के माध्यम से काम काज निपटाया जा रहा था, तमाम प्रकार के ऐसे आवश्यक कार्य थे जो प्रतीक्षारत फाइलो में रख दिया जाता था। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के द्वारा बहराइच की जिम्मेदारी सर्वेश कुमार पांडेय को सौंपा है। सरल स्वभाव के धनी डीपीआरओ पाण्डेय ने अपने विचार प्रकट करते हुए जनपद बहराइच के आम जनमानस को जानकारी दी कि हमारे पद पर रहते हुए कोई भी कर्मचारी अथवा जनता व जनता का प्रतिनिधि चाहे वो छोटा हो अथवा बड़ा हो हमसे सरलतापूर्वक मिलकर अपनी समस्याओं से मुझे बहुत ही सरलतापूर्वक कह सकता है उनकी उचित समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्रमुख प्राथमिकता होगी। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालो में उत्तर-प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कर्मठ जिला अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह व मंत्री अनूप कुमार मौर्य,ओम प्रकाश बाजपेयी, शंकर दयाल यादव,रमेश कुमार मौर्य,परशुराम सहित उनके समस्त कार्य कारिणी के पदाधिकारी,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ,खण्ड प्रेरक संघ के जिला अध्यक्ष राम प्रताप जायसवाल,मंत्री आनंद जायसवाल व सुरेश कुमार यादव निःशुल्क समाजसेवी के द्वारा सप्रेम शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

# आईआईटी कानपुर में खुला आधुनिक तकनीकों से लैस डायग्नोस्टिक सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । आईआईटी कानपुर में एक नए एडवांस डाइग्नोस्टिक सेंटर की शुरुआत की गई है। नए डाइग्नोस्टिक सेंटर को आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से स्थापित किया गया है। हेल्थ सेंटर में बनाई गई इस पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने किया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) आईसीआईसीआई बैंक के सीएसआर सहयोग से बनाया गया। कैंपस डाइग्नोस्टिक सेंटर एडवांस मोलक्यूलर, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी और बायोकेमिकल लैब से लैस है।इससे आईआईटी कानपुर की इन-हाउस हेल्थ टेस्टिंग क्षमता पहले से ज्यादा मजबूत होगी। आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस नए डाइग्नोस्टिक सेंटर से स्टूडेंट्स और फैकल्टी दोनों को काफी फायदा मिलेगा। इस एडवांस डाइग्नोस्टिक सेंटर में समय से टेस्टिंग काफी तेज और सटीक होगी। उन्होंने कहा कि अब इससे समय की भी काफी बचत होगी। इसके साथ ही उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों का भी इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

नए डाइग्नोस्टिक सेंटर से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी, बल्कि एकेडमिक इंस्टीट्यूशंस में रिसर्च और ज्यादा मजबूत होगी। इस इन हाउस सेंटर से आईआईटी कानपुर के स्टाफ, फैकल्टी और स्टूडेंट्स एडवांस मेडिकल फैसिलिटी मिलेगी। सारस्वत पैथोलॉजी के डॉ प्रवीण सारस्वत ने कहा कि इस नए डाइग्नोस्टिक सेंटर से आईआईटी कानपुर की मेडिकल सुविधाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि एडवांस लैब से सही समय पर रोग की पहचान करने के साथ-साथ प्रभावी इलाज किया जा सकता है। लैब में थायरॉइड, हार्मोन्स सीबीसी, केएफटी और एलएफटी के अलावा सभी जरूरी ब्लड टेस्ट किए जाएंगे। बता दें कि डाइग्नोस्टिक सेंटर कुछ ही दिनों में शुरू हो जाएग।

# रेड क्रॉस दिवस जीन हेनरी डयूनैंट के सात मौलिक सिद्धांतों की दिलाता है याद : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । यह दिवस रेड क्रॉस के कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए भी मनाया जाता है, जैसे कि आपदाओं के समय राहत प्रदान करना, स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करना, और संघर्ष से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए लोगों को जागरूक करना।

यह दिवस रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों का सम्मान करने के लिए भी मनाया जाता है, जिसमें स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और भागीदारों का समर्पण और प्रतिबद्धता शामिल है। यह बातें गुरूवार को नवीन सभागार, सरसैया घाट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रास दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य पुस्तिका का विमोचन करते हुए कही।जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो रेड क्रॉस के संस्थापक की जयंती, रेड क्रॉस के सिद्धांतों और रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों का सम्मान करता है. यह दिन हमें रेड क्रॉस की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यों का समर्थन करने के लिए प्रेरित करता है।क्यों मनाया जाता है यह दिवसजीन हेनरी डयूनैंट जिन्हें 1859 में सोलफ़ेरिनो की लड़ाई के बाद घायलों की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया था, उन्होंने रेड क्रॉस आंदोलन की स्थापना की। उनका जन्म 8 मई 1828 को हुआ था, इसलिए उनकी जयंती को रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सात मौलिक सिद्धांतों पर रेड क्रॉस की रखी नींवयह दिवस रेड क्रॉस के सात मौलिक सिद्धांतों को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। जिसमें मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिकता, एकता और सार्वभौमिकता शामिल हैं।इन्हें किया गया सम्मानितइस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने डॉ0 राजेश कुमार (अपर जिलाधिकारी नगर) , डॉ0 संजय काला प्राचार्य, (जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज), कानपुर, आर0के0 अग्रवाल (समाजसेवी एवं प्रबन्ध निदेशक), डा0 अवध दुबे(पूर्व अध्यक्ष नेट प्लास्ट प्रा0लि0), , डा0 बी0एन0आचार्य (पूर्व प्रधानाचार्य इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर एवं अध्यक्ष-रोटरी क्लब सेण्ट्रल), दिनेश चन्द्र शुक्ला (होम्योपैथिक कालेज, कानपुर रोटेरियन), कमल त्रिवेदी (चार्टड एकाउन्टेण्ट),पूर्व असिस्टेन्ट डिस्ट्रिक गवर्नर, रोटरी क्लब के अजय वात्यानी समाजसेवी, सुमित मखीजा समाजसेवी, डॉ0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय फिजिशियन एवं लेखक, डा0 रिचा गिरि वाइस प्रिंसपल जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज, डॉ0 मनप्रीत सिंह प्रधानाचार्य गुरु नानक इंटर कॉलेज, डॉ0 धर्मेन्द्र अवस्थी प्रधानाचार्य बेनी सिंह भारत इंटर कॉलेज, भीतरगांव, समन्वय जैन समाजसेवी,डा0 किरन प्रजापति प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल बैकुंठपुर आदि को प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया गया।

## आपरेशन सिंदूर चलाकर पाक को सबक सिखाने पर निकाली तिरंगा यात्रा

हमीरपुर । गुरुवार को शाम पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों को मटियामेट करने को लेकर उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान व्यापारी हाथों में तिरंगा और स्लोगन लिखी पटिटयां को लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।गुरूवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने आपरेशन सिंदूर के सफल होने पर तिरंगा यात्रा निकाली। शाम राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड़ से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। तिरंग यात्रा उरई बस स्टैंड़, मुख्य मार्ग से होते हुए अंबेडकर चौराहे पर पहुंची। इस दौरान व्यापारियों ने आतंकवाद खत्म करो, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आपरेशन सिंदूर जिंदाबाद जैसे जोशीले नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान को जो सबक सिखाया है वह याद किया जायेगा। कहा कि आपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों को मार गिराने का काम किया है। उन्होंने भारत सरकार से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने की मांग की। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदीप गुप्ता, कैलास चंद्र अग्रवाल, मुहम्मद अनवार, मंगल सोनी, शिवशरण सोनी, संतोष परिहार, अवधेश जड़िया, अमरजीत सिंह अरोरा, काशी प्रसाद गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रहमत बेग, सप्पू ठेकेदार, प्रमोद तोमर, घनश्याम साहू, वाजिद खान, प्रमोद बजाज समेत सैकड़ों लोग रहे।

# आईजी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित होने पर चौकी इंचार्ज का हुआ तबादला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मुंबई से लौटा एक परिवार ऑटो से सादु ल्लाहनगर जा रहा था।इस बीच बाइक सवार युवकों द्वारा शहर से ही पीछा किया गया।किसी अनहोनी की आशंका होने पर टेम्पो को कहोबा चौकी पर जबरन रोक लिया गया।वहां मौजूद चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ल ने अपने दो हमराही आरक्षियों के साथ जिस सूझबूझ,तत्प रता और साहस का काम किया,उसके लिए निश्चित रूप से उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए।



देवी पाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने न सिर्फ शाबाशी दी बल्कि प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया, लेकिन यह सम्मान उन्हें भारी पड़ गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी प्रभारी का पद छीनकर परसपुर थाने में तैनात कर दिया गया है।बताते चलें कि बीते 20 अप्रैल की देर रात अपने पति, देवर व बेटियों के साथ मुंबई से लौटी बलरामपुर जिले के सादुल्लाहनगर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपने घर जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पर एक ऑटो बुक कराया, जिस पर सवार होकर पूरा परिवार सादुल्लाहनगर के लिए रवाना हुआ। रोडवेज बस स्टैंड से ही बाइक सवार तीन संदिग्ध युवक आटो के पीछे लग गये थे। इसका आभास होने पर महिला ने आटो चालक से बार-बार पूछा कि आखिर उसका पीछा कर रहे बाइक सवार युवक कौन हैं, लेकिन ड्राइवर ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर महिला, उसका पति, देवर व बेटियां किसी अनहोनी से डर गये।

आटो जब दर्जीकुआं से मनकापुर रोड पर चला तो इस परिवार की किसी अनहोनी को लेकर चिंता बढ़ने लगी। इस दौरान आटो मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी के पास पहुंचा तो महिला ने सूझ-बूझ से काम लेते हुए आवाज लगा दी। इस पर वहां मौजूद चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ल अपने हमराही आरक्षी रमेश यादव व सचिन कुमार के साथ तुरंत हरकत में आ गए और त्वरित कार्रवाई करते हुए हमराही संग बाइक सवार युवकों का पीछा किए। इस पर तीनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए। महिला की सूझ-बूझ तथा कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल की तत्परता एवं साहस से बड़ी घटना होने से बच गयी। कहोबा पुलिस द्वारा महिला एवं उसके परिजनों को सकुशल प्राइवेट वाहन से उनके घर भेजा गया। इसकी जानकारी जब देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक को हुई तो उन्होंने कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल को शाबाशी दी। अपने दरोगा द्वारा किए गए उपरोक्त कार्य की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल को बुलाया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आईजी अमित पाठक ने कहा कि 'आपसे अपेक्षा की जाती है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से सहयोग पुलिस विभाग एवं आम जनमानस को प्राप्त होता रहेगा और अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते रहेंगे।' आईजी अमित पाठक द्वारा सम्मानित किए जाने के एक सप्ताह बाद ही चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ल पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की गाज गिर गयी। उन्हें कहोबा से हटाकर परसपुर थाने पर भेज दिया गया और इटियाथोक थाने की भवनियापुर खुर्द चौकी प्रभारी रहे विवेक कुमार मौर्य को कहोबा चौकी की कमान सौंप दी गयी।

### चौकी प्रभारी के साहसी कार्य की खूब हुई सराहना

कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल के साहसी कार्य की क्षेत्र में भी खूब सराहना की गयी। लोगों द्वारा उन्हें तथा हमराही आरक्षियों को आईजी अमित पाठक द्वारा सम्मानित किए जाने पर खूब बधाइयां दी गयीं। सोशल मीडिया पर भी खूब बधाई का सिलसिला चला, लेकिन अचानक उनके तबादले से अब क्षेत्रीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल से मोतीगंज थाने की प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव की अनबन चल रही थी। दोनों लोगों में तालमेल नहीं बैठ रहा था। विभागीय सूत्र यहां तक बताते हैं कि जिस मामले में आईजी द्वारा वीरेन्द्र शुक्ल को सम्मानित किया गया, उसका सारा श्रेय प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव स्वयं लेना चाहती थीं। वीरेंद्र शुक्ल के तबादले को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# कोटेदार चयन में दुर्व्यवस्था का आरोप आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । विकास खण्ड पिपराइच के जंगल सुभान अली गांव का निलंबित कोटेदार का चयन वृहस्पतिवार को होना था । गठित दल के सामने ग्राम प्रधान व पूर्व ग्राम प्रधान के समर्थकों के बीच बैठक के शुरूआत में आरोप प्रत्यारोप लगने लगा। धरना प्रदर्शन व हंगामे के कारण एडीओ पंचायत ने तीसरी बार भी चुनाव स्थगित कर दिया । जानकारी अनुसार करीब आठ माह पहले गांव के इन्द्र मणि की उचित मूल्य की दुकान निलंबित हो गया। कोटेदार चयन हेतु क्रमश 4.2.25 को आरक्षण ,16.4.25 को कोरम के अभाव में कोटेदार का चुनाव रोकना पड़ा था ।आज का चुनाव भी आरोप व दुर्व्यवस्था का शिकार हो गया।इस बारे में पूर्व प्रधान लक्ष्मी सागर व महेंद्र निषाद सहित उनके अन्य समर्थकों ने बताया कि गांव की जनसंख्या तीन से उपर है । पिछला चुनाव प्रधान ने कोरम अभाव में रोकवा दिया। तो इस बार गांव की जनसंख्या के सापेक्ष बैठने की व्यवस्था नही किया गया। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान लाल बहादुर यादव अपने लोगों को टेंट व कुर्सी लगवा मंच के सामने कब्जा कर लिया है। शेष लोग घंटों धूप में खड़ा होकर कैसे मतदान करेंगे । प्रधान पक्षपात पूर्ण व्यवस्था कर अपने पराजय को छिपाना चाहते हैं। जबकि ग्राम प्रधान लाल बहादुर यादव ने बताया कि टेंट व कुर्सी सबके लिए लगा था। जो लोग बैठे हैं उन्हें कैसे उठाएं। विपक्षी कोटेदार का नहीं ग्राम प्रधानी चुनाव की लड़ाई व हंगामे करा रहे हैं। चुनाव अधिकारी एडीओ पंचायत अवनिंद्र त्रिपाठी ने बताया कि चुनाव के लिए एडीओ आईएसबी अशरफ अली व पी पी आशीष श्रीवास्तव जी के देखरेख में चुनाव होना है । लेकिन दो पक्षों में गंभीर तनाव को देखते हुए पुनः चुनाव स्थगित कर दी गई है। इस अवसर पर दो एस आई, पुलिस कर्मी,एडीओ एजी दशरथ भारती, गांव की सचिव नेहा सिंह सहायक सचिव आदित्य मिश्र सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अन्य पिछड़े वर्ग के युवाओं को मिलेगा मुफ्त कम्प्यूटर प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। योगी सरकार ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'ओ' लेवल और 'सीसीसी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना को समयबद्ध ढंग से लागू करने की घोषणा की है। योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार योग्य बनाया जा सके।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी कि इच्छुक अभ्यर्थी और मान्यता प्राप्त संस्थाएं पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।संस्थाओं से आवेदनः 13 मई से 27 मई 2025 तक लिये जायेंगे। संस्थाओं का सत्यापन और चयन 30 मई से 10 जून तक होगा। 11 जून से 10 जुलाई तक अभ्यर्थियों से आवेदन लिये जायेंगे। प्रवेश व बायोमैट्रिक सत्यापनः 25 से 31 जुलाई के बीच होगा। वहीं प्रशिक्षण 01 अगस्त से प्रारम्भ होगा।

मान्यता प्राप्त संस्थाएं ही पात्रयह प्रशिक्षण केवल भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से ही कराया जाएगा। आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित जिला कार्यालय में नियत तिथियों तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने बताया कि संस्थाओं का चयन राज्य स्तरीय समिति और अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रहेगी।

राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रदेश के ओबीसी युवाओं से अपील की कि वे इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस नीति का हिस्सा है जिसमें प्रदेश के युवाओं को स्वावलंबी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना प्रमुख लक्ष्य है।

# राष्ट्रधारक दल ने लखनऊ में किया विशाल धरना प्रदर्शन, सौंपा 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रधारक दल के द्वारा गुरुवार को आलमबाग स्थित ईको गार्डन में अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रधारक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि राष्ट्रधारक दल के तत्वाधान में भारतीय सभ्यता संस्कृति की रक्षा व सुरक्षा हेतु 13 सूत्रीय मांग पत्र धरना के माध्यम से भारत सरकार तक पहुंचाया जा रहा है। उनकी मांग है कि भारत में एक सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून एक परिवार दो संतान का फार्मूला लागू हो। न्यायालय में वाद की समय सीमा तय हो, जिससे 06 माह के अंदर पीड़ित को न्याय मिल सके। ग्राम सभाओं में ग्राम न्यायालय का गठन हो, धर्मांतरण विरोधी एक सख्त कानून लाया जाय, सनातनी मंदिर मठों का सरकार द्वारा आर्थिक शोषण बंद हो तथा सनातन बोर्ड का गठन हो, भारत देश में करोड़ों की तादात में बसे घुसपैठियों की नागरिकता समाप्त करते हुए डिटेंशन सेंटर भेजा जाए।, देश की कुल आबादी का एक प्रतिशत या उससे कम आबादी वाले धार्मिक एवं मज़हबी समूह को ही अल्पसंख्यक होने की मान्यता तथा सुविधा मिले। किसी भी देश में जन्मे व्यक्ति को आसानी से भारत की नागरिकता मिला सके ऐसे प्रावधान हो, शिक्षा का भारतीयकरण करते हुए एक समान शिक्षा बोर्ड पूरे देश में लागू हो व गौ हत्या पूरे भारत में निषेध हो समेत 13 सूत्रीय मांगे रखी। वहीं राष्ट्रधारक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि उनके द्वारा यह 11वाँ धरना प्रदर्शन है इससे पहले भी वह पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर चुके है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तक तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। गुरुवार को हुए धरना प्रदर्शन में विभिन्न जिलों से दल के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर उन्होंने भारत सरकार को संबोधित अपना 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन ईको गार्डन चौकी प्रभारी डीके सिंह को सौंपा। इस मौके पर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह, प्रदेश सचिव आनंद सक्सेना, प्रदेश महासचिव शोभित सेठ, जिला अध्यक्ष कानपुर जंग बहादुर सिंह, हेमंत श्रीवास्तव व जिला संरक्षक नानपारा राजकमल मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वेतनमान बढ़ोतरी होने पर लैब टेक्नीशियनों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और शासन के अफसरों का आभार जताया है। सरकार ने लैब टेक्नीशियन का वेतनमान बढ़ोत्तरी कर दिया है। इससे पूरे प्रदेश के सैकड़ों लैब टेक्नीशियन लाभांवित होंगे। उप्र. लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत, प्रदेश महामंत्री कमल कुमार श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि लंबे समय से एलटी का वेतनमान बढ़ाने की मांग सरकार, शासन से की जा रही थी। उप्र. लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत, प्रदेश महामंत्री कमल कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, संप्रेक्षक एके मौर्या, महेश प्रसाद, राजेश चौधरी आदि ने मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम समेत शासन के सभी अफसरों का आभार जताया है।

# निधि नारंग जबरदस्ती निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर बढ़ा रहे निजीकरण प्रक्रिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर दो मई से प्रारंभ हुआ क्रमिक अनशन का कार्यक्रम गुरुवार को सातवें दिन भी जारी रहा। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बावजूद निधि नारंग द्वारा जबरदस्ती निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। निधि नारंग पर एफआईआर दर्ज करने की संघर्ष समिति मांग करती है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने निधि नारंग पर आरोप लगाया कि निधि नारंग अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट का झूठा शपथ पत्र देने का मामला दबाए हुए हैं और पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन के साथ मिलकर कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन की फर्जीवाडा की फाइल ठंडे बस्ते में डालने में लगे हैं।

संघर्ष समिति ने कहा कि कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर फाइलें देखना और समस्त गोपनीय दस्तावेज ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को ट्रांसफर करना बहुत ही गंभीर घटना है।

संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली के निजीकरण के पीछे इतना बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार हो रहा है और आश्चर्य की बात है कि प्रदेश के विद्युत मंत्री अरविंद कुमार शर्मा चुप्पी साधे बैठे हैं।

संघर्ष समिति ने निजीकरण की सारी प्रक्रिया तुरंत रद्द करने की मांग की है और कहा है कि अवैध ढंग से निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर दस्तावेज देखने और कंसल्टेंट को दस्तावेज ट्रांसफर करने के अपराध में निधि नारंग पर तत्काल एफ आई आर दर्ज की जाए।

ज्ञातव्य हो कि निजीकरण के विरोध में आज लगातार सातवें दिन शक्ति भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन जारी रहा। आज क्रमिक अनशन में दो सौ से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियंता सम्मिलित हुए। क्रमिक अनशन में आज सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, गजरौला, और मुरादाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपदों तथा लखनऊ नगर के बिजली कर्मचारी और अभियंता सम्मिलित हुए।

## गैंगस्टर संवंधित मुकदमे के दो वांछित अभियुक्तों को गुडम्बा पुलिस ने दबोचा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । अभिषेक पांडेय पुत्र गिरजा शंकर पाण्डेय जो एक गैंग लीडर है और उसका एक साथी नाम चंद्र प्रकाश राय पुत्र अशोक कुमार राय यर नाम है उन दो शातिर अभियुक्तों के जिन पर गैंगस्टर मे मुकदमा पंजीकृत था जिनको गुडम्बा पुलिस काफी सारगर्मी से तलाश कर रही थी पुलिस की ये तलाश आज उस वक़्त ख़त्म हुई जब इन अभियुक्तों को बधा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया इनमे से अभियुक्त अभिषेक गैंग लीडर बताया जा रहा है जबकी दूसरा अभियुक्त इसी गैंग का सक्रिय सदस्य है।पुलिस ने अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी है बताया जा रहा है कि अभियुक्तों पर कुल 20 से अधिक मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्रों मे पंजीकृत हैं।पुलिस इस गैंग के अन्य सदस्यों की खोजबीन मे भी लगी हुई है।

## स्थानीय स्टेट टैक्स अधिकारी मनमानी कर रहे हैं इंस्पेक्टर राज कायम है : अमरनाथ मिश्रा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जीएसटी कार्यालय पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की व्यापारिक समस्याओं के निस्तारण एवं सुझाव हेतु बैठक हुई। बैठक में अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि जब टैक्स की दरें समान नहीं होंगी, मीटिंग का कोई मतलब नहीं। स्थानीय स्टेट टैक्स अधिकारी मनमानी कर रहे हैं इंस्पेक्टर राज कायम है इनका निवारण हो। वहीं वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि एक देश एक कर की संज्ञा में कई बार व्यापार मंडल की माँग रही कि एक ट्रेड एक टैक्स की प्रणाली हो अलग अलग एच एस एन कोड से मुक्ति की माँग है।

## 29 टीवी मरीजों को लिया गोद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरूवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी शाखा लखनऊ द्वारा रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिलाधिकरी एवं अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर बलरामपुर हॉस्पिटल के टीवी रोगियो को गोद लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रहे। जिलाधिकारी के द्वारा 29 टीबी मरीज को पौष्टिक आहार, 1 किलो चने का सत्तू, 1 किलो गुड़, 1 किलो मुंगफली का दाना, 1 किलो भुना चना, 1 किलो बोर्नविटा का डिब्बा की पोटली मरीज को भेंट की। वहीं इस मौके पर उन्होंने रेडक्रॉस के सदस्यों की सराहना की। सचिव अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर अस्पताल से 29 मरीज को गोद लिया गया, जिन्हें लगातार 6 माह तक निशुल्क पौष्टिक आहार वितरित किया जाएगा।

## अस्पताल के बाहर मिले भ्रूण से मचा हड़कंप

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के हरौनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पांच से छः महीने का भ्रूण मिलने के बाद हड़कंप मच गया। आस पास रह रहे लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन के साथ पुलिस विभाग हरकत में आया और भ्रूण की जांच पड़ताल होने लगी। छानबीन में पता चला कि लतीफ नगर निवासी इलियास की पत्नी सीमा का बुधवार देर शाम काफी दर्द होने के कारण हरौनी अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही मिसकैरेज हो गया था और वह पत्नी सीमा और उस मृत नवजात के साथ चिकित्सालय पहुंचा था। दुखी होकर उस मृत नवजात को वह वहीं पास में ही अस्पताल की खिड़की के बाहर छोड़ आया था। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे एक कुत्ता जब नवजात के शव को लेकर अस्पताल के बगल में मौजूद विक्की कश्यप के घर के बाहर पहुंच गया तो नजारा देखकर घर वालों के होश उड़ गए। लोगों ने जब कुत्ते को भगाया तो वह शव को वहीं छोड़कर भाग गया, इसके बाद घर वालों ने भ्रूण के शव को अस्पताल के गेट पर रख दिया, बाद में जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अर्जुन राजपूत ने छानबीन के बाद नवजात के माता-पिता को बुलाकर शव को उनको सौंपने के साथ अंतिम संस्कार करवाया।

## आशीष सिंह राजा को करणी सेना का बनाया गया प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजधानी में लगातार निस्वार्थ, समाज व राष्ट्रहित में किये गये कार्यो को देखते हुये करणी सेना अवध प्रांत, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष, नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष से करणी सेना आशा व्यक्त करती है। कि आप शीघ्र अति शीघ्र पूरे प्रदेश में करणी सेना के गठन का कार्य पूरा करेंगे। एवं सभी करणी सैनिको को साथ लेकर एक नया आयाम स्थापित करेंगे। आप के सामाजिकता को देखते हुए आप को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। आप अपनी कार्य कुशलता के दम पर प्रदेश में करणी सेना का विस्तार करेंगे।

# योगी सरकार की जनसुनवाई से शिकायतों के निस्तारण में हुआ बड़ा सुधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योगी सरकार के प्रयास का दिख रहा असर, जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने मारी बाजीआईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में खुलासा, शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया**

लखनऊ । योगी सरकार आमजन मानस की जनशिकायतों के निस्तारण में आए दिन नए आयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनीटरिंग से ही संभव हो पाया है कि प्रदेश में जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बड़ा सुधार आया है। यही वजह है कि लगातार जनसुनवाई से शिकायतों के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। यह बात सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की अप्रैल माह की रैंकिंग में सामने आयी है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने बाजी मारी है। वहीं शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सुबह 10 बजे जनसुनवाई, शाम 5 बजे लंबित और रात 9 बजे असंतुष्ट फीडबैक मामलों की होती है समीक्षा श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावस्ती में शिकायत निस्तारण को लेकर विशेष रणनीति अपनाई गई है। जिले में रोजाना सुबह 10 बजे जनसुनवाई होती है, जिसके बाद दिन भर प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की जाती है। वहीं लंबित मामलों की समीक्षा शाम 5 बजे और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों की गुणवत्ता का परीक्षण रात 9 बजे किया जाता है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर सभी विभागीय अधिकारियों को जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के स्पष्ट आदेश दिये गये हैं। इसके अलावा नोडल अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे निस्तारण की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो रही है। यही वजह है कि पिछले कई महीनों से श्रावस्ती जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह की आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में श्रावस्ती ने मामलों के निस्तारण में पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि अप्रैल की रिपोर्ट के अनुसार श्रावस्ती ने 140 पूर्णांक के सापेक्ष 131 प्राप्तांक प्राप्त किये हैं। वहीं श्रावस्ती का जनशिकायतों के निस्तारण का रेश्यो 93.57 प्रतिशत है, जो सबसे अधिक है। इसके साथ ही आईजीआरएस की अप्रैल-25 की रिपोर्ट के अनुसार, टॉप-5 जिलों में शाहजहांपुर (92.86%) दूसरे, अमेठी (90.71%) तीसरे, बलिया और अंबेडकरनगर दोनों ने 85.71 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया है। इन जिलों ने न केवल शिकायतों को समय पर सुलझाया, बल्कि समाधान की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी। वहीं छठे स्थान पर हमीरपुर, सातवें स्थान पर मैनपुरी, मऊ, हाथरस और बलरामपुर संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निरंतर सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनशिकायतों का समाधान समयबद्ध और संतोषजनक हो। उनके निर्देशों पर न सिर्फ शिकायतों की संख्या में कमी आई है, बल्कि असंतुष्ट मामलों की दर में भी गिरावट दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल और आईजीआरएस जैसे माध्यमों को प्रभावशाली ढंग से उपयोग में लाया जा रहा है। यही वजह है कि आईजीआरएस रैंकिंग एक ऐसा माध्यम बन गया है, जिससे जिलों में आपसी प्रतिस्पर्धा भी उत्पन्न हो रही है और इसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

## गेहूं खरीद में यूपी ने बनाया नया कीर्तिमान, अब तक 9.26 लाख मीट्रिक टन खरीद की

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने एक बार फिर गेहूं खरीद में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 8 मई 2025 तक प्रदेश में 1.73 लाख से अधिक किसानों से 9.26 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो गई है, वहीं पिछले वर्ष इस अवधि में लगभग 6.88 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई थी।

इस वर्ष अब तक 1,73,381 किसानों से 9.26 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए कुल 4,46,725 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। अब तक 2,045 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जा चुकी है। रबी विपणन वर्ष 2025S26 सीजन के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को उचित और समय पर पारिश्रमिक सुनिश्चित हुआ है। गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू हुआ है। यह खरीद 15 जून तक जारी रहेगी। प्रदेश भर में 5,852 खरीद केंद्रों के जरिये यह खरीद चल रही है।

# आतंकवाद की लड़ाई में सपा भारत सरकार व सेना के साथ : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हमारी सीमाएं सुरक्षित हो और फौज का मनोबल बढ़े। हमारी फौज सबसे बहादुर है। यह बातें आज अखिलेश यादव ने कही। वे गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में समाजवादी छात्र सभा की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत सरकार व सेनाओं के साथ हैं। आतंकवाद जड़ से खत्म हो, यही हमारी मंशा है। इसके लिए सरकार जो भी नीति तय करती है, हम उसका समर्थन करते हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, ?दलित, अल्पसंख्यक) की ताकत को और मजबूत करेंगे। इस बार जो चुनाव होगा वो योगी बनाम प्रतियोगी का होगा।

हमें उम्मीद है यही कार्यकर्ता सब मिलकर संगठन बनाएंगे, बूथ स्तर पर काम करेंगे और समाजवादी पार्टी को आने वाला समय में आगे बढ़ाकर 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में जीत दिलाकर सरकार बनाने का काम करेंगे।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो विकास, विनाश की ओर ले जाए हम उसके पक्ष में नहीं हैं। उप्र की भाजपा सरकार अनुपयोगी और अयोग्य सरकार है। जो काला चश्मा लगाकर आए थे वो उजाले से दूर हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ अन्य सपा नेतागण उपस्थित रहे।

# योगी सरकार के प्रयासों से लगातार बढ़ रहा दूध का उत्पादन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। इसमें हर साल वृद्धि हो रही है। वर्ष 2024-2025 में यूपी का दुग्ध उत्पादन 3.97 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रतिदिन) रहा। यह पिछले साल की तुलना में करीब 10 फीसद अधिक है। सरकार दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ा रही है। साथ ही उनकी बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर बना रही है। समिति के लोगों को पशुओं के बेहतर देखरेख के बाबत लगातार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा। यकीनन योगी सरकार की योजनाओं से दूध का उत्पादन और बढ़ेगा, पर कालान्तर में इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सेक्सड शॉर्टेड सीमेन योजना की होगी। इस योजना से न केवल दूध का उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि निराश्रित गोवंश की समस्या से भी काफी हद तक किसानों को निजात मिलेगी। यही नहीं खेती के यंत्रीकरण के कारण गोवंश के जो नर संतति (बछड़े) अनुपयोगी होकर निराश्रित होने को मजबूर हैं उनका भी मुंहमांगा दाम मिलेगा। सेक्सड शॉर्टेड सीमेन तकनीक से उत्पन्न बछिया चूंकि उन्नत प्रजाति की होगी, लिहाजा पशुपालक इनको छुट्टा छोड़ने की जगह सहेजकर रखेंगे। योगी सरकार इसके लिए मिशन मिलियन सेक्सड आर्टिफिशियल इंसिमिनेशन (एआई/कृत्रिम गर्भाधान) कार्यक्रम चला रही है। इस मिशन के तहत मार्च 2025 तक 10 लाख स्वस्थ्य गोवंश के एआई का लक्ष्य रखा गया था। सेक्सड सॉर्टेड सीमेन आर्टिफिशियल इंसिमिनेशन (एआई) एक अत्याधुनिक तकनीक है। इस तकनीक के जरिये जिस गोवंश का कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है वह गोवंश बछिया ही जनेगी, इसकी संभावना 90 फीसद या इससे अधिक होती है। सेंट्रल एनीमल ब्रीडिंग इंस्टीट्यूट के पशु चिकित्सक डा. संजीव श्रीवास्तव के अनुसार नर पशु के शुक्राणुओं का वजन उनकी सक्रियता के आधार पर अलग-अलग होता है। इस तकनीक के जरिये ही कृत्रिम गर्भाधान से बछिया ही पैदा होगी, इसकी संभावना 90 फीसद से अधिक होती है। इसके प्रयोग से कुछ वर्षो में ही मादाओं की संख्या बढ़ाकर दूध का उत्पादन दोगुना करना संभव है। उप्र वेटरनरी सर्विस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शुक्ला के अनुसार स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं देश के विकास के लिहाज से डेयरी सेक्टर बेहद संभावनाओं का क्षेत्र है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार इस सेक्टर से जुड़े हुए हैं। यह सेक्टर सालाना करीब 8.9 फीसद की दर से बढ़ रहा है। इस सेक्टर की मौजूदा वैल्यू करीब 124.93 बिलियन डॉलर की है। अनुमान है कि 2030 तक यह बढ़कर 227.53 बिलियन डॉलर की हो जाएगी। इस तरह डेयरी सेक्टर रोजगार एवं अर्थव्यवस्था के लिहाज से व्यापक संभावनाओं का क्षेत्र है।

**❒ मिशन सेक्सड शॉर्टेड सीमेन से श्वेत क्रांति का अगुआ बना रहेगा यूपी**

वर्ष 2024-25 में दुग्ध उत्पादन 3.97 एलएलपीडी दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसद अधिक है। दुग्ध समितियों की सदस्यता में 8 फीसद वृद्धि हुई है और 24031 दुग्ध उत्पादकों को प्रशिक्षण मिला है। वित्तीय दृष्टि से टर्नओवर 1120.44 करोड़ तक पहुंचा गया। यह पिछले साल से 16 फीसद अधिक है। वाराणसी, अयोध्या, बरेली, मिर्ज़ापुर, मथुरा व बस्ती में प्रमुख दुग्ध संघों को कुल 818.22 लाख रुपये का लाभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाते हुए प्राथमिक सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाएं। इनके सदस्यों का प्रशिक्षण कराएं।

# राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी को विद्यालय के खिलाड़ियों के द्वारा राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया**




कनावज टाइम्स सवाददात

सीतापुर। श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा, जनपद सीतापुर के विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आज दिनांक 08.05.2025 को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 07 की छात्रा गोलू गुप्ता ने केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के द्वारा बाल दिवस (14 नवंबर) के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिता, 2024 मिडिल स्टेज ग्रुप (कक्षा 06 से 08 तक) में कविता लेखन विधा में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा जनपद का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर नवल सिंह, डी. सी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर, राजस्थान और तीसरे स्थान पर विवेक प्रताप सिंह यादव, सेंट्रल हिन्दू बॉयज स्कूल, वाराणसी रहे।इसी विद्यालय की कक्षा 09 की छात्रा सावित्री ने कविता लेखन विधा में और आलिया ने स्लोगन विधा में प्रतिभाग कर प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 09 की छात्रा चांदनी ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2024-2025 (जूनियर बालिका वर्ग) जो कि दिनांक 02.03.2025 से 04.03.2025 तक मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, झांसी में आयोजित की गई थी में बैडमिंटन एकल वर्ग में फाइनल मुकाबले में कानपुर मंडल की शिखा को 21-17 से हटाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी विद्यालय की छात्रा सुगंधी ने चांदनी के साथ बैडमिंटन युगल वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गाजियाबाद की श्रेया/एकता और सुगंधी/चांदनी के बीच खेला गया।

जिसमें श्रेया/एकता की जोड़ी ने सुगंधी/चांदनी की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 21-19 से पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और सुगंधी/चांदनी को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी को विद्यालय के खिलाड़ियों के द्वारा राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय के बच्चों और क्रीड़ा प्रभारी को

# मॉरीशस में इंटरनेशनल म्यूज़िक कंप्टीशन जीत रचा इतिहास, गौरवान्वित हुआ परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। एक मशहूर शायर मिर्ज़ा गालिब ने कहा है, मंजिले मिल ही जायेंगी भटकते ही सही, गुमराह तो वो हैं जो घर से निकले ही नहीं , ये लाइनें आज मैं उस युवा के लिए कह रहा हूं, जिसके संघर्ष की कहानी बहुत लम्बी है, लेकिन संघर्षों के बाद बड़ी सफलता हासिल कर अपने जिले सीतापुर व उत्तर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन करने का कार्य किया है। संगीत के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले उस युवा का नाम अंकित मिश्रा है जिनका जन्म विकास खण्ड हरगांव के एक गांव नौनेर में हुआ, इनके बाबा का नाम पं. शिवसागर लाल मिश्र जो प्रगतिशील किसान हैं व पिता उमाशंकर मिश्र गुड्डू भी किसान हैं। माता गायत्री मिश्रा गृहणी हैं जो संगीत के प्रति काफी रूचि रखती हैं। ऐसे घर में जन्मे अंकित मिश्रा का दूर-दूर तक संगीत से कोई सम्बंध नहीं था, लेकिन हाईस्कूल व इण्टर अपने जनपद सीतापुर से करने के बाद संगीत की चाह उन्हें लखनऊ खींच ले गई जहां अंकित ने स्नातक भातखण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से 6 वर्ष का कोर्स किया व परास्नातक मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स का कोर्स भी भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ से किया। साथ ही तमाम अपने गुरूओं राहुल अवस्थी (आगरा घराना) रवि दुबे गजल गायक, उस्ताद तनवीर अहमद दिल्ली घराना व पंडित रामेश्वर प्रसाद मिश्र बनारस घराना से भी संगीत की बारीकियों को सीखने व समझने का कार्य किया। इतना कुछ सीखने के बाद कई बार इंडियन आइडल में प्रतिभाग किया, लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया। इसी बीच भाग्य ने साथ दिया नेट पर एक विज्ञापन देखकर (जिसमें मारीशश देश को एक बॉलीवुड सिंगर की आवश्यकता थी) प्रतिभाग किया। दो हजार लोगों के बीच अंकित मिश्रा ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। वह पिछले एक वर्ष से मारीशश के पापुलर सिंगर बन गए हैं। वहां के राष्ट्रपति धर्मवीर गोकुल ने अंकित का गाना सुनकर सराहा व पुरस्कृत किया। इसी बीच सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता करायी गयी जिसका नाम बैटल ऑफ बैण्ड्स इंटरनेशनल था जिसमें क्रमशः तंजानिया, स्पेन, लंदन, मारीशश, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, तजाकिस्तान, रसिया, मालदीव सहित 11 देशों ने भाग लिया जिसमें इबनेज बैण्ड मारीशश जिसके प्रमुख एक मात्र गायक अंकित मिश्रा थे। उन्होंने इस प्रतियोगिता को जीतकर रिकॉर्ड कायम कर दिया। वहीं पुरस्कार के रूप में 5 लाख रूपए का इनाम भी हासिल किया।बेटल ऑफ बैण्ड्स का प्रसारण गत दिनो डीडीवन व अन्य चैनलों पर पूरे देश में दिखाया गया।

## जिला अधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई: बाल विकास परियोजना अधिकारी को किया निलंबित

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड पहला की आंगनवाड़ी कार्यकत्री भर्ती में परत दर परत खुलती जा रही हैं इस भर्ती में रुपए लेनदेन के आरोप में पहला ब्लॉक की बाल विकास परियोजना अधिकारी को जिला अधिकारी सीतापुर के द्वारा निलंबित कर दिया गया है ग्राम पंचायत सरैया कादीपुर के गांव ताजपुर की सीमा सिंह ने तोमर ने परियोजना अधिकारी रेणु कौशिक पर चयन के लिए घूस मांगने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जांच कमेटी बनाकर जांच करवाई थी जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार मनोज कुमार राव ने बताया की जांच में प्रथम दृश्य रेनू कौशिक ब्लाक पहला सीडीपीओ दोषी पाई गई है रिपोर्ट बनाकर निदेशालय को भेजी गई थी निदेशालय ने रेनू कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अग्रिम जांच के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त आकाश पुत्र विजय नि.दहेलिया निरंजन थाना खैराबाद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 160/25 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया अभियुक्त का नाम/पताः- आकाश पुत्र विजय नि.दहेलिया निरंजन थाना खैराबाद सीतापुर बरामदगी :- 01 अदद तमन्चा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।पंजीकृत अभियोगः ऽ मु0अ0सं0 160/25 धारा 25(1-उ) इ इएट्ठ थाना खैराबाद सीतापुर पुलिस टीमः-उ.नि.श्री अवधेश कुमार यादव, का.शिवकुमार, का.अभिषेक समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## भारत के राज्य संप्रतीक के अनुचित प्रयोग पर रोक, शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी

सीतापुर । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भारत के राज्य संप्रतीक (ट्टथ्थ्प्ट्ट क्द्बथ्घ्द्दद्ध धद्ध ऋद्ध्रदद्बथ) के सही उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रमुख सचिव (गृह) श्री संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार के पब्लिक अनुभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, संप्रतीक के प्रयोग में बढ़ती अनियमितताओं पर रोक लगाई जाएगी।भारत का राज्य संप्रतीक, जो सम्राट अशोक के सारनाथ सिंह स्तंभ पर आधारित है, देश की आधिकारिक पहचान है। यह अनिवार्य है कि संप्रतीक के साथ सत्यमेव जयते (देवनागरी लिपि में) लिखा हो, अन्यथा यह अधूरा व असंवैधानिक माना जाएगा।विभिन्न सरकारी एजेंसियों और कुछ निजी संस्थानों द्वारा बिना अधिकार के या अनुचित डिज़ाइन में इसका उपयोग किया जा रहा है, जो भारत का राज्य संप्रतीक (अनुचित प्रयोग प्रतिषेध) अधिनियम, 2005 एवं संबंधित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।शासन ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सुनिश्चित करें कि राज्य संप्रतीक का प्रयोग केवल अधिकृत संस्थाएं ही निर्धारित प्रारूप में करें और आमजन के मध्य प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश रैंकिंग में छठवें स्थान पर रहा हमीरपुर

हमीरपुर । गुरुवार को जनपद हमीरपुर को आईजीआरएस में जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह अप्रैल की रैंकिंग में प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह माह अप्रैल 2025 की रैंकिंग में जनपद को 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं एवं शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्ट फीडबैक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने गुरुवार को शाम बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण किये जाने के उपरांत शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक के आलोक में प्रभावी कार्यवाही कर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों द्वारा आवेदक से संपर्क स्थापित कर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

# सांसद विधायक निधि से बनी सड़कें बदहाल, जनता में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सीतापुर।** जिले में सांसद और विधायक निधियों से पूर्व में बनाई गई सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। इन सड़कों पर आवागमन करना ग्रामीणों और शहरी मोहल्लों के निवासियों के लिए चुनौती बन चुका है। बावजूद इसके, वर्तमान जनप्रतिनिधि उन पर निधि खर्च करने के बजाय लाइटों और गेटों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।नवल किशोर मिश्रा का तीखा प्रहार आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सांसद और विधायक पूर्व जनप्रतिनिधियों की योजनाओं को नकारने की मानसिकता में जी रहे हैं। उन्हीं के क्षेत्र की पुरानी सड़कों की मरम्मत करने के बजाय वे सिर्फ लाइट और गेट जैसी दिखावटी योजनाओं में दिलचस्पी ले रहे हैं उन्होंने कहा जनता की उपेक्षा सड़कों की दुर्दशा मिश्रा ने बताया कि गांव और मोहल्लों की जनता को अब पथरीली, टूटी और गड्ढेदार सड़कों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा, ऌजनप्रतिनिधि सिर्फ वोट लेकर गायब हो जाते हैं। उनकी प्राथमिकता जनता की सुविधा नहीं, सिर्फ फोटो खिंचवाने लायक काम कराना है।निजी उपयोग में लग रही सार्वजनिक लाइटेंसबसे गंभीर आरोप यह है कि विधायक निधि से लगाई जाने वाली सोलर या एल एई डी लाइटें सार्वजनिक स्थानों पर न लगाकर कार्यकर्ताओं या नेताओं के निजी घरों, पिछवाड़े और दरवाजों पर लगवाई जा रही हैं। इस कारण आमजन को जिन गलियों और चौराहों पर रोशनी मिलनी चाहिए, वहां अंधेरा पसरा हुआ है।जनता का गुस्सा बढ़ास्थानीय नागरिकों में इसको लेकर गहरा रोष है। ऌहमने जिनके लिए वोट किया, उन्हीं की वजह से अब अंधेरे और गड्ढों से गुजरना पड़ रहा है,ङ्क एक बुजुर्ग निवासी ने बताया। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो 2027 के चुनावों में जनता अपना जवाब वोट से देगी।राजनीतिक शुद्धता की मांगमिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यही रवैया रहा तो अधिकांश वर्तमान सांसद और विधायक 2027 के बाद सदन में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि निधियों के दुरुपयोग की जांच हो और जो लाइटें निजी स्थानों पर लगाई गई हैं, उन्हें तुरंत हटाकर सार्वजनिक स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए।

# एल होमो फार्मा ने 350 मरीजों को वितरण की दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। एस एल होमो फार्मा,नेशनल होम्योपैथिक स्टोर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर राजा टोडरमल संस्था की पिछला वर्ग महिला अध्यक्ष इंदू रानी के सौजन्य से राजा टोडरमल पार्क निकट जन टोडरमल सुविधा केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर सीतापुर में लगाया गया। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने राजस्व जनक राजा टोडरमल की भाव्य प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक माल्यार्पण किया। राजा टोडरमल स्मारक समिति एवं राजस्व सुरक्षा सेवादल (टट्टट्क) व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष भगवती गुप्ता व राजा टोडरमल स्मारक समिति की टीम ने मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य शिविर समापन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष / खत्री महासभा के जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा ने राजा टोडरमल की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक माल्यार्पण किया व पूरी टीम ने पूर्व जिला अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पुरी ने कहा समाज सेवा करना पुनीत कार्य है,भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाले डॉक्टरों की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व की भांति इस बार भी स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों का निशुल्क उपचार किया गया, होम्योपैथिक डॉ अर्जुन सिंह ,प्रीतम,अनुराग, संदीप गुप्ता ,राकेश कुमार गुप्ता, के द्वारा लगभग 400 मरीजों को निशुल्क जांच कर दवाएं वितरण की गई। समय समय पर पार्क में जनहित से जुड़े समाज सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं।

# बिना प्रस्ताव के खुदने लगा तालाब , जिम्मेदार मौन

**किसके आदेश से जेसीबी से कराई जा रही खुदाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । पहला ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दरियापुर के गांव इटैला में बने पंचायत भवन के पास एक तालाब जेसीबी से खोदवाया जा रहा है तालाब खुदाई कार्य को मजदूरों से नही किया जा रहा है बल्कि जेसीबी मसीन यंत्र से किया जा रहा है।आखिर यह तालाब किस योजना के अंतर्गत खोदाई करायी जा रही हैं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब अवैध तरीके से खोदवाई कराई जा रही हैं।

हम सब लोगो को कैसे रोजगार मिल पायेगा।इसलिए हम लोगो को मजदूरी करने के लिए बाहर जाना पड़ता है।इस प्रकरण में जब प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह से जानकारी प्राप्त किया गया तो बताया की इस तालाब को ब्लाक पहला के चर्चित सुंदरलाल वर्मा के द्वारा खुदवाया जा रहा है।

अब मुझे यह नही पता है कि यह किस योजना के अंतर्गत खोदवाई करायी जा रही हैं।मेरे द्वारा कोई इस तालाब के बारे में प्रस्तावित नही किया गया है। रोजगार सेवक वेद प्रकाश से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी जानकारी में नही है।और न ही मेरे द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत से कोई हमने प्रस्ताव या किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की गई। *क्या बोले ग्राम सचिव*जब इस प्रकरण में ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह से जानकारी की गई तो बताया कि मुझे इस तालाब के बारे में कोई जानकारी नही है।और इसका न कोई मेरे द्वारा खुदाई कराने का स्टीमेट बनाया गया है

# केंद्रीय कृषि मंत्री की अगुवाई में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन

**खरीफ अभियान 2025 का सफल आयोजन**

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने की 29 मई से राष्ट्रव्यापी ‘विकसित कृषि संकल्प अभियान’ चलाने की घोषणा**




सीतापुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह की अगुवाई में आज नई दिल्ली स्थित पूसा कैंपस के भारत रत्न सी. सुब्रह्मण्यम ऑडिटोरियम में कृषि खरीफ अभियान 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में 10 से ज्यादा राज्यों के कृषि मंत्रियों ने पूसा कैंपस पहुंचकर और अन्य कृषि मंत्रियों ने वर्चुअल जुड़े व कृषि की उन्नति की दिशा में केंद्र के साथ मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों से आए कृषि मंत्रियों व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 145 करोड़ जनता के लिए पर्याप्त खाद्यान्न, फल और सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। यह एक असाधारण काम है, जिसे हमें मिलकर पूरा करना होगा। श्री चौहान ने कहा कि भारत केवल भारत के लिए नहीं, सारी दुनिया हमारा परिवार है, हम सबका कल्याण चाहते हैं, हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़े तो उसे छोड़ते भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि आतंकवाद का जड़ से खात्मा करके ही चैन की सांस लेंगे।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि भारत अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी कार्य चल रहा है, आज खरीफ सम्मेलन चल रहा है, कल प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5वें पायदान से ऊपर उठकर अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और वहीं दूसरी ओर आतंकवादियों के विनाश का महाभियान भी चालू है, जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग से सिंदूर पोछा था, ऐसे आतंकवादियों और उनके सरगनाओं के अड्डों को तबाह कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे कृषि विभाग के सभी साथी कटिबद्ध हैं, हम प्रधानमंत्री जी के पीछे खड़े हैं।

हमें गर्व है अपनी सेना पर, सेना के शौर्य पर, हमारे जवानों पर और ऑपरेशन में लगे हुए सारे साथियों पर। ऌऑपरेशन सिंदूरङ्क एक संदेश है कि भारत की तरफ किसी को आंख उठाकर देखने नहीं दिया जाएगा। जरुरत पड़ी तो रक्त की अंतिम बूंद तक देश के मान, सम्मान और शान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।उन्होंने कहा कि साल 1960 में जो सिंधु जल संधि हुई थी, वो एक ऐतिहासिक गलती थी। देश और किसानों का दुर्भाग्य रहा कि हमारे देश से बहने वाली नदियों का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया गया, इसलिए पहलगाम आतंकी घटना के बाद सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया गया है।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि सिंधु नदी के पानी पर हमारे किसानों का हक है, एक-एक बूंद का उपयोग खेती,बिजली और विकास में करेंगे। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल-प्रदेश के किसानों के लिए सिंचाई के लिए अधिक पानी मिल सकेगा।श्री चौहान ने कहा कि आज हमने किसानों की मेहनत से अन्न के भंडार भर दिए हैं। उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। मैं अपने वैज्ञानिकों को बधाई दूंगा। अभी हमने चावल की दो किस्में विकसित की है, जिससे उत्पादन बढ़ेगा, 20 दिन पहले फसल तैयार हो जाएगी, पानी बचेगा, मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होगा, जल्द ही ये किस्में किसानों को उपलब्ध कराई जाएंगी। 2014 के बाद 2,900 नई किस्मों का विकास हमारे वैज्ञानिकों ने किया है। उन्होंने कहा कि ये खरीफ कॉन्फ्रेंस कोई औपचारिकता नहीं है। आगे रबी कॉन्फ्रेंस दो दिन के लिए होगी। हमारा काम है उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पाद के ठीक दाम देना, आपदा में सहायता करना, फलों और फूलों की खेती को बढ़ावा देना है।

श्री चौहान ने कहा कि ये धरती केवल हमारे लिए नहीं है, ये धरती आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ रखना है। अत्यधिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। मैं कृषि मंत्री हूँ तो 24 घंटे मुझे यही सोचना चाहिए कि किसानों की बेहतरी कैसे हो। हमें मेहनत के साथ काम करना हमें कृषि के लिए उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए खेती की उन्नति के लिए काम करना होगा। हमें लैब से लैंड तक टेक्नोलॉजी और रिसर्च को पहुँचाना ही होगा।

# बिजली के तारों से गुरवलिया के जैसे ब्रह्मपुर में भी बड़ा हादसा होने की आशंका

**जमीन से करीब छह से सात फुट की ऊंचाई से गुजर रहा हैं विद्युत का तार**

**विद्युत तारों को ठीक कराने के लिये ग्रामीणें ने किया प्रदर्शन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। जर्जर वह लटकते विद्युत तार के विरोध में गुरुवार को गुरवलिया क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव के ग्रामीण ने विरोध प्रदर्शन किया। और विद्युत तार वह पोल को बदलने की मांग की। मिली जानकारी के मुताबिक गुरवलिया विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ब्रह्मपुर गांव में विद्युत की सप्लाई गुरवलिया विद्युत उपकेंद्र से होती हैं। जहां पर पिछले करीब दो दशकों से जमीन से करीब छह से सात फुट की ऊंचाई से गुजर रहे विद्युत की तार से विद्युत की सप्लाई हो रही हैं। जिससे ग्रामीणों को हमेशा विद्युत की चपेट आने की आशंका बनी रहती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने अप्रैल 2023 में विरोध प्रदर्शन कर विद्युत केबल लगवाने की मांग किया था। जहां पर तत्कालीन गुरवलिया फिडर से जुड़े जेईं रविंद्र कुमार ने उसी वर्ष जून में समस्या की समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक समस्या जस का तस बनी हुई हैं। गौरतलब है कि गांव में विद्युत आपूर्ति इस समय बांस बल्ली के सहारे हो रही हैं। इससे कभी भी दुघर्टना की आशंका बनी हुईं हैं। बताते चलें कि गुरवलिया बाजार में बीते मंगलवार को देर शाम तिलक समारोह में हाइटेंशन विद्युत तार टुट कर गिर जाने और विद्युत के चपेट में आ जाने के चलते पुरोहित की मौत हो गई थी। और छह अन्य लोग झुलस गए थे। उसके बाद ब्रह्मपुर के ग्रामीणों में भी भय बढ़ गया हैं। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं समाजसेवी आनन्द यादव ने कहा कि विद्युत विभाग गुरवलिया बाजार के जैसे कि बड़ी घटना का इंतजार कर रहा हैं। उसके बाद समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने विभाग से जल्द विद्युत तार और पोल बदलने की मांग की। वहीं युवा अजय यादव ने कहा कि जिस दिन कोई दुघर्टना गांव में हो जाएगी उसी दिन विद्युत विभाग की नींद खुल जाएगी। बांस बल्ली के सहारे और बांसो के बीचोंबीच से विद्युत आपूर्ति होने के चलते हर पखवाड़े विद्युत का फ्यूज उड़ता रहता हैं। और यह परेशानी गर्मी के सीज़न में और ज्यादा बढ़ जाती हैं। प्रदर्शन कर रहें ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में हरिहर यादव, विकाश यादव, डॉ. मायालाल शर्मा, रामसेवक प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, रामध्यान यादव, इंद्रजीत यादव, राधेश्याम, राकेश सैनी, चंदन यादव, अनिल, आनंद, रामबदन प्रसाद, गोलू यादव ,गोलू धवन, राजेश, अंकित आदि शामिल रहें।



# एसडीएम के खिलाफ़ वकीलों ने की नारेबाजी, स्थानान्तरण की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से ब्रहस्पति वार को भी विरत रहे। वादकारी सामान्य तिथिया लेकर वापस लौट गए। तहसील परिसर में वकीलों ने घूम घूम कर एसडीएम मुर्दाबाद के नारे लगाए।आपको बता दें कि बुधवार को तहसील के अधिवक्ताओं की एक आम बैठक की गई।जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा तहसील के दोनों बार के अध्यक्ष महामंत्री को वार्ता के लिए बुलाया गया परन्तु अधिवक्ताओं को बैठने के लिए कुर्सियां भी नहीं दी गई जिसकी घोर निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद भी आर आई द्वारा पैमाईश , हदबारारी, पत्थरगढ़ी करने के लिए काश्तकारों से 10 से 15 हजार रुपए की मांग करते हैं जिसको लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने हड़ताल की थी जिसके संबंध में बुधवार को एसडीएम सचिन यादव ने दोनों बार के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। परन्तु अधिवक्ताओं के पहुंचने पर उन्हें बैठने के लिए भी नहीं कहा गया। सर्व सम्मति से अधिवक्ताओं ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। अक्रोशित वकीलों ने एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर जमकर नारेबाज़ी किया।इस मौके पर दोनों बार संघों के अध्यक्ष व महमंत्री व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रवलिया कांड: छह दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ, परिजन लगा रहे न्याय की गुहार

**जांच में शिथिलता से गहराया संदेह, परिजनों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग, हत्या या दुर्घटना? पुलिस की चुप्पी पर सवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। गुरवलिया के कमकर टोला के समीप विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ठाढ़ीभार इनरपट्टी निवासी हंसराज कुशवाहा की संदिग्ध हालात में हुई मौत के छह दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठा न्याय दिलाने की मांग की है।गत शनिवार रात सड़क किनारे शव मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बाहरी लोगों को बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मृतक की पत्नी नामांती देवी और बेटे मणिप्रकाश व प्रिंस कुशवाहा का कहना है कि गांव में पुरानी रंजिश के चलते साजिशन हत्या की गई है। घटना स्थल पर बाइक सही सलामत खड़ी थी, जबकि यदि सड़क हादसा होता तो बाइक भी क्षतिग्रस्त पाई जाती। इसके अलावा संदिग्ध लोगों द्वारा बाइक को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना ने संदेह को और गहरा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का स्पष्ट कारण न मिलने के चलते बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। अब यह रहस्यमय मौत पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। हैरानी की बात यह है कि घटना के पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस न तो घटना की दिशा तय कर पाई है और न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार कर सकी है। इससे आहत परिजनों ने पुलिस पर गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। पुलिस की धीमी जांच व परिजनों के आरोपों की अनदेखी से मामला और पेचीदा होता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस शुरू से ही इस मामले को दुर्घटना का रंग देने की कोशिश कर रही है। जबकि परिजन लगातार हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। परिजन सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस ने अभी तक आरोपितों से सख्ती से पूछताछ क्यों नहीं की? क्यों नहीं परिजनों के बयान को जांच का आधार बनाया गया? मृतक के परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस शुरू से ही गंभीरता से जांच करती और उनके बयानों को आधार बनाकर ठोस कदम उठाती, तो आज तक सच्चाई सामने आ जाती। पुलिसिया लापरवाही और उदासीनता ने न सिर्फ परिजनों के जख्म को गहरा किया है, बल्कि स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपों को भी जन्म दिया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस का रवैया शुरुआत से ही ढुलमुल रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो पुलिस खुद सच्चाई को दबाना चाहती हो। परिजनों ने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो वे चुप नहीं बैठेंगे और न्याय के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे। अब देखना यह है कि पुलिस अपनी छवि बचाने और मृतक को न्याय दिलाने के लिए कितनी तत्परता दिखाती है या फिर यह मामला भी अन्य अधूरे मामलों की भीड़ में गुम हो जाएगा।

## निर्भया सेना हमेशा सेना के साथ: अरविन्द त्रिपाठी

खजनी, गोरखपुर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने बहुत ही बहादुरी से पाकिस्तान में घुस कर दिया है,ऑपरेशन सिंदूर बहुत ही सफल रहा इसी प्रकार भारतीय सेना को पाकिस्तान में स्थित सभी आतंकी अड्डों को नष्ट कर देना चाहिए,सह कैंप कार्यालय प्रभारी व जिलाध्यक्ष गोरखपुर अरविन्द त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के साथ निर्भया सेना हमेशा खड़ी रहेगी उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, राजेश जायसवाल, गोरख निगम जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, संगठन मंत्री रामबृच्छ वर्मा, ब्लॉक प्रभारी खजनो शेष्मणि पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष खजनी अमितेश शर्मा सह मीडिया प्रभारी राजकुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आईएमए के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न, डॉ. निर्मल अध्यक्ष, डॉ. अभिषेक बने सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की आजमगढ़ शाखा के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सिधारी स्थित ग्लोबल रिट्रीट लॉन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चिकित्सकों, गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. निर्मल श्रीवास्तव और सचिव डॉ. अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ आशुतोष सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने आईएमए की भूमिका को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताते हुए नए पदाधिकारियों को शुभकामनाए दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. निर्मल श्रीवास्तव ने चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता, सेवा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि आईएमए के उद्देश्यों को प्राथमिकता पर रखकर कार्य किया जाएगा। आईएमए के मीडिया प्रभारी प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर सुभाष सिंह ने कहा कि आईएमए के सदस्य देश के हर आपात स्थिति में लोगों की सेवा करने के लिए तैयार रहेंगे। अगर युद्ध जैसी स्थिति आती है तो देश की सेवा के लिए जिस भी स्तर पर आवश्यकता पड़ेगी जनपद के चिकित्सक अपना योगदान देंगे। नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में जनपद के चिकित्सक उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रूप से राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ वी राव, डॉ जावेद अहमद, डॉ एके राय, डॉ स्वस्ति सिंह डॉक्टर शहाबुद्दीन, डॉ अनूप सिंह, डॉ शिप्रा सिंह,डॉ अमीर आलम, डॉ मनीष त्रिपाठी, डॉ धीरज पाटिल, डॉ. प्रशांत सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।



# पालतू सुअरों को खोजने निकले युवक को चोर समझ कर लाठी डंडों से पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज, रायबरेली। पालतू सुअरों को खोजने निकले एक युवक को चोर चोर कहकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दूसरे समुदाय के दो लोगों ने लाठी डंडों वा लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी पीड़ित युवक ने कोतवाली में रात्रि में ही तहरीर दी जिस पर पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया लेकिन केस नहीं दर्ज किया गया इस पर आज गुरूवार को पीड़ित ने सीओ प्रदीप कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मामला बुधवार की देर रात्रि का है, महराजगंज कस्बे के सुखई पुरवा के रहने वाले रमेश कुमार पुत्र किरसन ने सीओ को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन के सुवर खो गए थे जिन्हें खोजने के लिए वह घर से निकला था जिन्हें खोजते हुए वह पहरेमऊ चौराहा पहुंचा जहां जानकारी मिली की सुवर ओया गांव की तरफ गए हैं जहां पहुंचने वहां हामिद अली पुत्र अली खान व सरफराज पुत्र अज्ञात निवासी पहरेमऊ मिले और उसे अपने साथ पहरेमऊ चौराहा लाए जहां जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लात घूसों लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे उस गंभीर चोटें आईं हैं। इस मामले में सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है पड़ताल कराकर कार्रवाई की जाएगी।



# तालाब पर अवैध कब्जा रोकने के लिये एसडीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज/रायबरेली। तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव तौली के अलौलापुर में भूखंड गाटा संख्या 1120 जोकि राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है पर गांव के ही कुछ भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने की नीयत से मिट्टी डालकर पाटने और उस पर निर्माण करने का मामला एसडीएम महराजगंज की चौखट पर पहुंचा है। आज गुरुवार को गांव के ही शिकायतकर्ता महादेव मोर्य पुत्र माता दीन मौर्य ने तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से भूमाफियाओं द्वारा मिट्टी डालकर पटाई को रोकने के लिए शिकायती पत्र दिया है।

एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेकर हल्का लेखपाल को अभिलंब मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।आपको बता दे कि, गांव निवासी महादेव मोर्य पुत्र माता दिन मौर्य ने एसडीएम महराजगंज सचिन यादव को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि, अलौलापुर मजरे तौली गांव में उनके घर के सामने भूखंड गाटा संख्या 1120 जोकि राजस्व अभिलेख में तालाब दर्ज है, जिस पर गांव के ही कुछ दबंग भू-माफियाओं राजेश कुमार यादव, फूलचंद यादव, विनय कुमार यादव पुत्रगण गुरु दीन यादव, अतुल कुमार यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव आदि कब्जा करने की नीयत से मिट्टी डालकर तालाब को पाटने का काम कर रहे हैं, जिससे बारिश के दिनों में बारिश का पानी तालाब में संचित रहने की असुविधा तो होगी ही, साथ ही बारिश का पानी के निकलने का रास्ता जोकि तालाब से होकर रास्ता निकलता है वह भी अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि, तालाब की जमीन भूखंड गाटा संख्या 1120 पर दबंग भू-माफियाओं द्वारा घर निर्माण की भी योजना बनाई गई है, जिसके लिए गिट्टी, मौरंग, सरिया, सीमेंट आदि पहले से ही गिरवा दी गई है। अगर प्रशासन समय रहते इन भू-माफियाओं पर कार्यवाही नहीं करता है तो राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाब पर भू माफियाओं का कब्जा होगा।इंसेट - मामले का संज्ञान लेकर एसडीएम महराजगंज सचिन यादव ने हल्का लेखपाल विवेक कुमार को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।




## अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आया बाइक सवार युवक, दर्दनाक मौत

बछरावा,रायबरेली। अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, तो वहीं डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना बुधवार रात्रि 9 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र बछरावां के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरौरा कट के पास गांव से निकलकर हाईवे मार्ग पर आ रहे बाइक सवार युवक को अनियंत्रित डीसीएस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी प्राप्त हुई है कि नीरज रावत पुत्र राम प्रसाद रावत निवासी निगोहा जनपद लखनऊ अपने किसी कार्य से ग्राम सरौरा थाना बछरावां आया हुआ था। और वापस जाते समय जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पहुंचा की रायबरेली से लखनऊ की तरफ जा रहे अनियंत्रित डीसीएम की चपेट मे बाइक सवार युवक आ गया। युवक टकराने के बाद डीसीएम के पहिया के नीचे दब गया और घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रात्रि होने के चलते डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावा,रायबरेली। नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित अमित को बछरावां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे बछरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही कसरावा पुल के पास से नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है ,कि विगत दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र नगरम कस्बा के ब्राह्मण टोला निवासी अभियुक्त प्रेम पुत्र संतराम थाना क्षेत्र बछरावां के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। इस बीच शादी समारोह में ही मौजूद एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर गांव से बाहर एक बैग में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित नाबालिक किशोरी के द्वारा किसी तरह वापस आकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर बछरावां पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ धारा 65 ए 352 / 351 3 बीएनएस व धारा 3/4 दो पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत करते हुए, अभियुक्त को थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गया है।

# चोरी के आरोपी के फरार होने पर कोतवाली पुलिस ने डुगडुगी बजवा कर नोटिस की चस्पा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले के रहने वाले मो शहाब अहमद पुत्र मो इस्लाम अहमद निवासी मुहल्ला तकिया थाना कोतवाली ने तहरीर दी थी। वह सजावट का सामान लेकर पाण्डेय बाजार से पुरानी कोतवाली स्थित सजावट स्थल पर पहुँचाया, रात्रि में अठवरिया मैदान की गली में ई-रिक्शा लाकर अपने सजावट के कार्य में व्यस्त हो गया। रात्रि में लगभग 01:30 बजे अपने सजावट के कार्य को पूर्ण कर रात्रि अपने वाहन को देखने गया तो वाहन स्थल पर नहीं पाकर आश्चर्य हुआ, आस-पास खोजने पर अठवरिया मैदान स्थित राधेकृष्ण मन्दिर के बगल में मैदान के पास ई रिक्शा खड़ी देखा तो वाहन में से बैटरी व उसका चार्जर गायब मिला। मुकदमा दर्ज कर विवेचना में अभियुक्त प्रफुल्ल यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी सिविल लाइन थाना कोतवाली का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त प्रफुल्ल यादव उपरोक्त बादस्तूर फरार चल रहा है। 25 मार्च 2025 को एनबीडब्लू प्राप्त करने के उपरान्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियुक्त के घर व मिलने के सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी लेकिन अभियुक्त लगातार पुलिस से अपनी उपस्थिति छिपाये हुए हैं। तथा घर से फरार है। यदि उसे गिरफ्तार नही किया गया तो अभियुक्त अपनी चल अचल सम्पत्ति बेचकर फरार हो जाएगा। अतः अभियुक्त प्रफुल्ल यादव पुत्र गुलाब यादव नि0 सिविल लाइन थाना कोतवाली उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के अन्तर्गत उद्घोषणा आदेश जारी की गयी थी। आदेश के अनुपालन के क्रम में गुरुवार को अभियुक्त के घर पर उ0नि0 /विवेचक द्वारा नोटिस का तामिला नियमानुसार उद्घोषणा कर, डुगडुगी बजवा कर चस्पा कर किया गया ।



## मारुति वैन की ठोकर से बाइक सवार लेखपाल की दर्दनाक मौत

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के तुर्कपट्टी पटहेरवा मार्ग पर ठाकुर चौराहे के समीप वृहस्पतिवार की दोपहर तुर्कपट्टी की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार लेखपाल को मारुति वैन ने पीछे से ठोकर मार दी जिससे लेखपाल की मौके पर ही मौत हो गयी।पुलिस मारुति वैन को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नेबुवा नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुकुरहा गांव निवासी अर्जुन कुशवाहा 40 पुत्र देवीदयाल तमकुही तहसील में लेखपाल पद पर कार्यरत थे।बृहस्पतिवार की सुबह वह तुर्कपट्टी - पटहेरवा मार्ग से तमकुही जा रहे थे। अभी ठाकुर चौराहे पर पहुचे ही थे कि पीछे से मारुति वैन ने ठोकर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी।

## शासन के निर्देश के बाद भी नहीं थमा फर्जी स्कूलों का खेल

कुशीनगर। तमकुही विकास खंड में शिक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। शासन के स्पष्ट निर्देशों और बीईओ द्वारा जारी नोटिस के बावजूद यहां दो दर्जन से अधिक गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों को पूर्व में बंद करने का आदेश दिया गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते ये संस्थान पुनः नए सत्र में बिना किसी रोक-टोक के खुल गए हैं।स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि ये विद्यालय न केवल बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि शासन के नियमों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि प्रशासन की आंखों के सामने यह सब कुछ हो रहा है, फिर भी कार्रवाई न के बराबर है। जिन विद्यालयों को बंद करने का नोटिस जारी किया गया, वे इस प्रकार हैं:सरस्वती पब्लिक स्कूल, पडरी विशुनदयालएम.एम. पब्लिक स्कूल, समउर बाजारएम.जे.एन. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ऐहरौली राजा तमकुहीऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, बरवा राजापाकड़मॉडर्न ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उजर्नाथएम. इंग्लो ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, उजर्नाथपूर्वांचल पब्लिक स्कूल, देवोखरनर्सिंग शिक्षा निकेतन, लक्ष्मीपुर बाबून्यू मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पथरदेवाराजेन्द्र सिंह स्मृति एकेडमी, बाबनौलीएम.ए.जी. पब्लिक स्कूलइंद्रदेव गुरुकुल एकेडमी, धुरिया कोटमोहम्मद रसूल हैयर सेकेंडरी स्कूल, भटवलियाज्ञान ज्योति शिक्षा सेवा संस्थानबी.एस. एजुकेशन एकेडमी, रामकोलाकुशीनगर पब्लिक स्कूल, ऐहरौलीआदर्श पब्लिक स्कूल, लटवा मुरलीधरएम.एच.पी. स्कूल, तुर्कपट्टीओयुलसी इंडेन पब्लिक स्कूल, टड़वामदरसा एम.आर.डी. पब्लिक स्कूल, राजा पकड़विद्या कन्वेंट स्कूल, पथरदेवाए.ओ. पब्लिक स्कूल, उजर्नाथरामबली शिक्षण संस्थानखंड शिक्षा अधिकारी (बी धओध) ने बताया कि ह्लकुछ विद्यालयों की जांच की गई है, जो अवैध पाए गए हैं।

# न्याय के लिए सीएम योगी के जनता दर्शन में जाएगी पीड़िता

**चौकी प्रभारी पर महिला को अभद्र भाषा का प्रयोग कर भगाने का आरोप , नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयूघाट चौकी क्षेत्र के लोलपुर का मामला**

**थाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से एसपी से न्याय की गुहार लगा चुकी है पीड़ित महिला**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाने की सरयू घाट चौकी प्रभारी शासन-प्रशासन की मंशा पर पानी फ़ेर रहे हैं।आरोप है कि फरियाद लेकर अपने पति के साथ चौकी पर गयी महिला को दरोगा ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भगा दिया और उसके पति के खिलाफ ही एनसीआर दर्ज करते हुए उसका चालान भी कर दिया गया।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब वह मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में जाकर इंसाफ मांगेगी।बताते चलें कि जिले के नवाबगंज थाना की सरयू घाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत लोलपुर निवासिनी आशा तिवारी पत्नी सतीश कुमार तिवारी ने पांच मई को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को प्रार्थना पत्र दिया,जिसमें कहा कि 02.05.2025 को पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह अपने पति व बच्चों के साथ लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर स्थित अपने घर पर थी।उसके घर के सामने अमन सिंह पुत्र विनय सिंह निवासी ग्राम भदोही, थाना छावनी जनपद बस्ती ड्राइवर व चार अज्ञात लोगों के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और बल पूर्वक उसके घर के सहन की भूमि अनधिकृत रूप से खोदवाकर सड़क की पटाई कराने लगे। महिला के पति सतीश ने जब विरोध किया तो आरोपी उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मार डालने के इरादे से बेरहमी से मारने-पीटने लगे। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसने जब इसका विरोध किया तो आरोपी अमन सिंह तथा उसके साथियों ने उसे भी मारा-पीटा। आरोप है कि उसका कपड़ा भी फाड़ दिया। पति-पत्नी जान बचाकर घर के अंदर चले गए तो आरोपी भी घर में घुस गए और घर के अंदर भी महिला को मारा-पीटा,अश्लील हरकत की। वह पति के साथ सरयूघाट पुलिस चौकी पर गयी और प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। महिला का आरोप है कि चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने उसकी सुनवाई करने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वहां से भगा दिया और उसके पति सतीश तिवारी को जबरदस्ती बैठा लिया।

इतना ही नहीं, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय नवाबगंज पुलिस द्वारा पीड़ित महिला के पति के विरूद्ध ही एनसीआर दर्ज करते हुए उसका चालान कर दिया गया। थाने पर इंसाफ के बजाय प्रताड़ना मिलने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई लेकिन तीन दिन बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता का कहना है कि थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी ने अधिकारियों को गुमराह करते हुए गलत जानकारी दे दी है, जिससे उसे इंसाफ नहीं मिल पा रहा है।इसलिए अब वह मुख्यमंत्री के जनता दर्शन कार्यक्रम में जाकर इंसाफ मांगेगी।

# वकीलों ने कचहरी में चोर को दौड़ा–दौड़ाकर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित कचहरीमें एक युवक ने वकील की जेब से 50 हजार रुपए चोरी करने का प्रयास किया।घटना चकबंदी अधि कारी के न्यायालय में हुई,जहां एक वकील बहस कर रहे थे।पीड़ित वकील ने बताया कि जब वह न्यायालय में फाइल पर बहस कर रहे थे,एक युवक ने पीछे से आकर उनकी जेब में हाथ डाला।पहले युवक ने जेब का बटन खोलने का प्रयास किया। दू सरी बार हाथ डालने पर वकील ने उसे पकड़ लि या,पकड़े जाने पर युवक ने वकीलों के साथ गाली-गलौज की।इस पर नाराज वकीलों ने युवक की पि टाई कर दी।सिविल लाइन चौकी पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी वकीलों ने युवक को पीटा। युवक ने हंगामा करते हुए उल्टा वकीलों पर बीस रुपए चोरी करने का आरोप लगा दिया।घटना दोप हर करीब तीन बजे की है,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में युवा गाली दे रहा है।गाली गलौज के बाद नाराज होकर के वकीलो ने युवक की जमकर पिटाई कर रहें है और पुलिस वाले युवक को बचाते नजर आ रहे हैं।सिविल लाइन चौकी इंचार्ज ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गोण्डा में धड़ल्ले से चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। योगी सरकार की ओर से रोक लगाने के बाद भी जिले भर में अवैध टैक्सी स्टैंड धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।डग्गामार वाहन सड़क पर खड़े होकर यात्रियों को उतारते और बैठाते हैं। प्राइवेट टैक्सी व बस चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं।लोग मजबूरी में इन वाहनों पर सफर कर रहे हैं।अवैध टैक्सी स्टैंडों को सरकार ने काफी दिन पहले ही बंद कर दिया था।फिर भी जिले में लगातार अवैध स्टैंड धड़ल्ले से चल रहे हैं। निर्देशों के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने अभियान चलाकर स्टैंडों को बंद करा दिया था। सिर्फ एक बार ही अभियान चलाकर सिर्फ खाना पूर्ति की गई थी।फिर दोबारा जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया।शहर के गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर लखनऊ,अयोध्या,फै जाबाद,बालपु र करनैलगंज,बलरामपुर उतरौला जाने के लिए चल रहे अवैध स्टैंड को बंद करा दिया गया था।कुछ प्राइवेट बस मालिकों पर केस भी दर्ज किया गया था।गुरु नानक चौराहे के पास अवैध स्टैंड चल रहा है।यहां पर बलरामपुर फैजाबाद लखनऊ के लिए लोग बैठते है।इसी तरह झंझरी ब्लॉक चुंगी नाका के पास उमरी,तरबगंज,रगड़गंज सहित अन्य कई स्थानों पर स्टैंड चल रहे हैं।यह सब गोण्डा पुलिस के संरक्षण में रोजाना सवारियां ढो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

## गोण्डा में सात स्थानो पर अवैध टैक्सी स्टैंड

गोण्डा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सात स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हैं। इनको प्रशासन अभी तक नहीं हटा सका है।इसमें धानेपुर रोड सेउतरौला,गोंडा रोड़ से लखनऊ,गोंडा से बलरामपुर,गोंडा से उमरी बेगमगंज,गोंडा से परसपुर रोड़ जाने वाले रूट शामिल हैं। अवैध रूप से संचालित इन प्राइवेट टैक्सी वाहनों द्वारा यात्रियों से मनमाना कि राया भी वसूला जाता हैं। ज्यादातर वाहन डग्गामार और अनफिट हैं जो कि सड़क पर खड़े होकर या त्रियों को उतारते और बैठाते हैं।

## जगह-जगह खड़े रहते हैं वाहन

गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में डग्गामार वाहन पूरा दिन हर मार्ग पर सवारियों की तलाश में खड़े रहते हैं।गुरु नानक चौराहे पर पुलिस चौकी भी बनी हुई है।

लखनऊ,अयोध्या,फैजाबाद मार्गों पर जाने के लिए अवैध रूप से वाहन खड़े होकर सवा रियां भरते हैं।यहां अपने हिसाब से ही नंबर लगा कर वाहनों को चलाने का काम होता है।इनके द्वारा सड़क के दोनों तरफ कब्जा कर लेने से राहगीर और दुकानदारों को परेशानी होती है।

# कोषागार के अधिकारियों का खेल,मुख्यमंत्री का आदेश फेल

**कोषागार के सहायक कोषाधिकारी के मृत्य के 04 महीने बाद भी मृतक आश्रित को,न नौकरी,न पेंशन और न ही दावे के धनराशि का एक पैसा मिला: रूपेश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मंडल आज कोषागार में जाकर अपर निदेशक कोषागार और मुख्य कोषाधिकारी से मिलने का प्रयास किया पर उनके अवकाश पर होने के कारण मौके पर उपस्थित सहायक कोषाधिकारी से बात कर पूर्व सहायक कोषाधिकारी रहे स्वर्गीय अश्वनी श्रीवास्तव के परिजनों को न्याय दिलाने की बात की।

यहां बताते चलें कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री रहे पूर्व सहायक कोषाधिकारी, अश्विनी श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 3 जनवरी 2024 को हो गई माननीय मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार मृतक आश्रित को उसके समस्त दावे की भुगतान 30 दिन के अंदर करके पेंशन प्रारंभ करना होता है, लेकिन इस प्रकरण में लगभग 5 महीना होने वाला है परन्तु अभी तक मृतक के परिजनों को अभी तक ना ही दावे के धनराशि प्राप्त हुई, नहीं उनकी पेंशन प्रारंभ हुई और ना ही मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति की गई। इसी संबंध में आज रूपेश कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अशोक पांडे और कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष श्री राजेंद्र शर्मा अनूप कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने कोषागार में जाकर के श्री अश्विनी श्रीवास्तव के परिजनों को न्याय दिलाने का प्रयास किया तथा यह चेतावनी भी दिया कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आचार संहिता समाप्त होते ही कोषागार गेट पर न्याय के लिए धरने पर बैठेगा।

# गाँधी पार्क, इमामगंज चौराहा व कटी तिराहा सौंदर्यीकरण का सांसद ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । बुधवार शाम नगर के सब्जी मंडी स्थित पूर्ण हुए गाँधी पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्यो का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद बहराइच आनन्द कुमार गौड़ ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल वहीद एवं पालिका ईओ रंग बहादुर सिंह सहित नगर पालिका के समस्त वार्ड के सभासद मौजूद रहे। नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल वहीद ने बताया कि नगर में कई विकास कार्य करवाये जा चुके है और कुछ काम अभी होना बाकी है जिसमें पंडित दीनदयाल योजना के तहत गाँधी पार्क सौन्दर्यीकरण, 15वें वित्त आयोग योजना के तहत कर्तिनया तिराहा और इमामगंज चौराहे का सौन्दर्यीकरण एवं राज्य वित्त आयोग के तहत कब्रिस्तान में लाईट की व्यवस्था करवायी गई है। कूड़े को खाद्य बनाने हेतु एमआरएफ सेंटर और किट प्वाइंट जिसकी बिल्डिंग और मशीन लगवाई गई है, बहुत ही जल्द कूड़ा निस्तारण का काम भी शुरू हो जायेगा। जल्द ही जलनिकासी के लिए इमामगंज, शिवपुर रोड पर दोनो साईड नाला निर्माण भी शुरू हो जायेगा। चूंकि नगर में एक पार्क की कमी थी जिस कमी को पूरा करने का मैने एक छोटा सा प्रयास किया है। पार्क में विशेष रूप से पार्क की बाउंड्रीवाल, गेट, इण्टरलाकिंग, वृक्षारोपण से लेकर झूले व बेंच आदि का कार्य करवाया गया है। आपको बता दे नगर का इकलौता पार्क जो बदहाली का शिकार था, नगर में मनोरंजन का कोई भी साधन उपलब्ध न होने से बच्चों एवं बड़ों को जिले से बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब इस पार्क के सौन्दर्यीकरण होने से नगरवासी कुछ देर यहां बैठकर अपना समय बिता पाएंगे खासकर बच्चों के लिए यहां पर कई झूले भी लगाये गये है जो बच्चों को काफी पसन्द आयेगा। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, भाजपा नेता अशोक जायसवाल, भाजपा महामंत्री आनन्द रस्तोगी, पूर्व नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुहैल अहमद, जयपुरिया स्कूल के प्रबंधक आनन्द पोद्दार, एडवोकेट शफीक कुरैशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# शहर में ब्लैक आऊट मॉकड्रिल प्रशासन ने परखी तैयारियों

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**नानपारा, बहराइच।** जिले में गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए ब्लैक आऊट मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। मॉकड्रिल का उद्देश्य बिजली गुल होने की स्थिति में सुरक्षा उपायों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था तथा ऐसे हालात में आम जनता, प्रशासन और आपाकालीन सेवाओं की तैयारियों को परखना था। बहराइच जनपद में बुधवार रात निर्धारित समय पर पूरे जनपद की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इस दौरान सभी विभाग के कर्मचारियों और जनपदवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किया। जिलाधिकारी व एसपी की निगरानी में मॉकड्रिल की सभी प्रक्रियाऐं समयबद्ध और सुरक्षित रूप से पूरी की गई। इसी के साथ घंटाघर परिसर में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल का अभ्यास भी कराया गया ताकि आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध, आतंकी हमला या गम्भीर संकट आने पर उससे सूझ बूझ और आसानी से निपटा जा सके। इसी क्रम में नानपारा में भी 8 बजे से 8 बजकर 10 मिनट तक मॉकड्रिल के तहत बिजली गुल कर दी गई, लोगों ने अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों की लाईटो को बंद कर दिया, नगर के प्रमुख चौराहों व मार्गो पर चल रहे वाहनों ने रूक कर लाईटे बुझा दी। 10 मिनट के लिए सब कुछ थम सा गया। हर तरफ सिर्फ अंधेरा ही अंधेरा था। नगरवासियों ने ब्लैकआउट को सफल बनाने में पूर्ण रूप से साथ दिया।

## भारतीय सेना के स्ट्राइक से राज्यकर्मियों ने जताई खुशी

गोरखपुर। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भारतीय सेवा द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले कर आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किए जाने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में हर्ष व्यक्त किया है।परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया कि हमारी सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना है।उन्होंने कहा कि बिना पाकिस्तान बॉर्डर में घुसे हमारी सेना ने आतांकिस्तान ऐसा सबक सिखाया है कि वह इसे कभी भूल नहीं पायेगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के इस जज्बे को हम सलाम करते हैं तथा देश के प्रधानमंत्री से यह गुहार लगाते हैं कि वह अर्ध सैनिक बलों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके पुरानी पेंशन से फिर बहाल करने की घोषणा करें यही देश के लाखों सैनिकों का इनाम होगा। परिषद के संरक्षक अशोक पांडेय महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल राजेश मिश्रा कनिष्क गुप्ता इजहार अली अनूप कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारे लगाए तथा सेना द्वारा इस साहसिक कार्य को करने पर पूरा कर्मचारी परिषद में सेना को सैल्यूट किया।

## चलती आटो में आग लगने से मची अफरातफरी

गोरखपुर । गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में चलती आटो में आग पकड़ लिया। देखते ही देखते आटो जलकर राख हो गया। महराजगंज जिला श्यामदेऊरवा थाना क्षेत्र के पिपरपाती गांव निवासी मुकुल तिवारी का टैम्पो चालक ड्राइवर राजन गोरखपुर धर्मशाला से दो सवारी लेकर परतावल बाजार जा रहा था। अभी वह भटहट कस्बे में चौकी के पास पहुंचा था। तभी जलने की महक आई तो गाड़ी रोककर देखा तो आग की लपट दिखाई दिया। ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए, दोनों सवारी को उतार कर अपने भी गाड़ी छोड़कर दूर हट गया। टैम्पो जलने लगा। आग की लपटे देख बगल में स्थित भटहट चौकी इंचार्ज विवेक सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुंचकर फोरलेन का दोनों तरफ का आवाजाही रास्ता बन्द करवा दिए। इस दौरान करीब एक किलोमीटर दूर तक वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। करीब आधे घंटे बाद सीएनजी का टंकी फटा तो तेज धमाका हुआ जिसके साथ लपटे और बिकराल हो गई। सड़क पर लोग दहशत में आ गए। भगदड़ मच गई । यह सिलसिला करीब एक घंटे तक चला । पूरा टैम्पो जलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। अगला पहिया ही बच पाया बाकी सब जलकर खाक हो गया।समय से पहुंचा होता टैम्पो को बचाया जा सकता था।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सीएमओ कार्यालय पर आयोजित हुई संगोष्ठी



बहराइच । विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा का सामुहिक संकल्प लिया गया तथा नशा को मानव समाज के लिए अभिशाप बताते हुए नशा मुक्त जनपद अभियान से आम जन को जोड़ने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की गई। आयोजित संगोष्ठी में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी, रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी व तमाम समाजसेवी उपस्थित रहे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बहराइच की ओर से आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ एम0एम0 पाण्डेय ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ही रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन हुआ था हम सबका दायित्व बनता है कि रेड क्रॉस से जुड़कर संचालित गतिविधियों में प्रभावी सहभाग करे ताकि आपातकाल में भी लोग स्वस्थ रहकर समाज व देश के लिए प्रभावी कार्य सम्पन्न कर सके। वरिष्ठ पदाधिकारी रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने नशा को मानव समाज के लिए घातक बताते हुए अवैध नशा कारोबार क्रय-विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रेड क्रॉस से जुड़े समस्त पदाधिकारियों से जन जागरण अभियान में प्रभावी सहभाग का आवाहन किया।रेड क्रॉस अभियान को और अधिक गतिशील बनाने की बात कही।संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने रेड क्रॉस सोसाइटी को विश्व का प्रभावी एन.जी.ओ. बताते हुए कहा कि रेड क्रॉस मानव मात्र के लिए लाभप्रद एवं कल्याणकारी संगठन है जिसके माध्यम से हम शोषित दलित व वंचित पीड़ित समाज के सेवा कर सकते है।

# दबंगों ने महिला की जमीन पर जबरन किया नाली की खुदाई,विरोध करने पर जमकर की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। महिला की जमीन में जबरन नाली का गंदा पानी निकाल दिया गया।इसका विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी को बुरी तरह मारा-पीटा।इस मामले में मौके पर पहुंची 112 टीम की मौजूदगी में दबंगों ने गड्ढा खोदकर नाली का पानी निकाल दिया और पीआरवी टीम तमाश बीन बनी रही।पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर सूबेदार टंडेलपुरवा की रहने वाली फूल देवी पत्नी पवन कुमार ने वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा है कि 5 मई को सुबह करीब 9 बजे गांव के ही सुनील कुमार, रामतेज, मनीराम, धनीराम, राजकुमार, अमरनाथ व धनराज उसके घर पर नाली का गंदा पानी खोल दिए जिससे नाली का गंदा पानी उसके घर पर एकत्रित होने लगा। आरोप लगाया है कि इसका जब उसने विरोध किया तो आरोपी एकराय होकर उसके घर में घुस गये और वहां मौजूद महिला फूल देवी के साथ ही उसके पति पवन कुमार पर भी हमला कर दिए। इतना ही नहीं, हद तो तब हो गयी जब दबंगों ने दीवार को गिरा दिया तथा महिला के घर में रखा फावड़ा, तसला समेत अन्य सामान उठा ले गए।आरोप है कि महिला ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडा आदि से उसे भी मारा-पीटा।पीड़ित महिला को दबंग घसीटकर बाहर ले आए और उसे अपमानित करने का प्रयास किए। महिला का आरोप है कि विपक्षी दबंगों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। इस बीच विरोध करने पर उसके पति पवन कुमार को भी लाठी-डंडा से मारा-पीटा गया। शोर मचाने पर तमाम लोग मौके पर पहुंचे तब महिला व उसके पति की जान बची।महिला का कहना है कि दबंग जाते-जाते उसके पति को जान से मार देने की धमकी दे गए हैं।

## क्या कहते हैं प्रभारी निरीक्षक

इस संबंध में थाना इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय का कहना है कि पीड़ित महिला फूल देवी की नंबर की जमीन में गांव के तमाम लोग नाली का पानी निकाल रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर गयी थी।चूंकि मामला राजस्व विभाग से संबंधित है, इसलिए पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकती है।इस मामले में सख्त हिदायत दी गयी है।

## नवनियुक्त मांडलिक मंत्री का अध्यापक भवन पर किया गया स्वागत

गोरखपुर । अध्यापक भवन में नवनिर्वाचित मांडलिक मंत्री श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री राजेश धर दूबे ने किया तथा संचालन जिला मंत्री श्री श्री धर मिश्र जी ने किया,संगठन के जिला पदाधिकारियों और सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा जी ने कहा कि अब ये पद पाने के बाद मेरी संगठन में जिम्मेदारी और बढ़ गई है लेकिन इस चुनौती के क्षणों में मैं मंडल गोरखपुर के सभी जनपदों में संगठन के अलख को जगाता रहूंगा ,चाहे जो भी कीमत क्यों न उठानी पड़े ।मैं सदैव शिक्षकों के हित में सदैव काम करता रहूंगा ।स्वागत समारोह में सुधांशु मोहन, हरेंद्र राय, अनिल कुमार पाण्डेय,अजय सिंह, नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र मिश्र,रमेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाल कल्याण समिति की बैठक में किया प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकास खण्ड मरौरी में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गई ततपश्चात ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के कन्या सुमंगला योजना,बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।




जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत द्वारा बाल विवाह करने के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु की से कम की बलिका एवं 21 वर्ष की आयु से कम आयु के बालक का विवाह करना कानूनी अपराध है। साथ ही उनके द्वारा वन स्टॉप सेंटर,दत्तक ग्रहण करने की पूर्ण प्रकिया बताई। स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी मरौरी शाहीश पाल द्वारा उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकत्रियों को पोषण सम्बंधित जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग से खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों की शिक्षा जी निरंतर जारी रखने का अनुरोध किया गया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता चौधरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं बच्चों के पोषण के बारे मे जानकारी दी गई । खण्ड विकास अधिकारी लियाकत अली द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने कार्यों के साथ साथ ग्राम चौपाल,जागरूकता कार्यक्रम कराएं जिससे सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। अन्त मे ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा सम्बोधन करते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं उपस्थित आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आज की बैठक में धन्यवाद किया एवं कहा कि ग्राम स्तर पर जन जन केओ योजनाओं से लाभान्वित कराएं बच्चों एवं महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं में ग्रामीणों के अधिक से अधिक आवेदन करवाएं।इसी क्रम में कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 11 बच्चीयों का कन्या जन्मोत्सव कराया गया एवं 10 कन्या सुमंगला योजना की से लाभान्वित बच्चीयों को हाईजीन की एवं कक्षा 06 की 05 बच्चीयों को एजुकेशन किट वितरित की गई।बैठक के दौरान संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, सेन्टर मैनेजर तृप्ति मिश्रा, परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह काउंसलर अभिषेक शुक्ला,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं समुह की महिलाएं उपस्थित रही है।

# सर्व समावेशी के आधार पर मंडल पदाधिकारी का होगा गठन : शंकर गिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी मण्डल के गठन को लेकर विचार विमर्श की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर गिरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर जिला प्रवासी के रूप में डॉ आर ए वर्मा की उपस्थिति रही।जिला प्रभारी शंकर गिरी बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मण्डल गठन सर्व समावेशी के आधार पर होगा जिसमें से उचित स्थान महिलाओं को दिया जाएगा पिछड़े वर्ग के पदाधिकारी बनाए जाएंगे अनुसूचित वर्ग के भी पदाधिकारी बनाये जाएंगे और सभी वर्गों का शामिल करके एक मजबूत मंडल के पदाधिकारी का गठन होगा जैसा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी के आधार पर कार्य करती है उसी प्रकार मंडल गठन में भी सभी वर्गों का स्थान दिया जाएगा जिससे आने वाले चुनाव में एक मजबूत टीम मंडलों की टीम बने।डॉ आर ए वर्मा ने कहा कि मण्डलों की टीम में पिछड़ों को उचित स्थान दिया जायेगा इसी प्रकार महिला दलितों की संख्या भी रहेगी जिससे कि मण्डल की टीम एक मजबूत बने और जनपद में भारतीय जनता पार्टी अमेठी के मण्डल मजबूत रहे जिससे एक नया इतिहास बनाएं।भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि अमेठी के मंडल बहुत ही मजबूत पदाधिकारियो का होगा और सभी वर्गों का उचित स्थान दिया जाएगा और आज जो संभावित मंडल के पदाधिकारी हैं आज हम सबके सामने बैठे हैं इन सबको पदाधिकारी को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा जिससे पार्टी का कार्य और गति से दिन धोना राज चौगुन प्रगति करें सभी संभावित पदाधिकारी का बौद्धिक मानसिक एवं सामाजिक के भी बारे में दिशा निर्देश दिया गया।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि मण्डल पदाधिकारी के गठन पर प्रमुख रूप से प्रभात शुक्ला, संतोष द्विवेदी, शिव नारायण तिवारी, अनोखेलाल सोनकर, सत्य नारायण सिंह, शेखर तिवारी, राजेश कुमार सिंह, मनोज पासी, विकास मौर्य, अजय गौड़, राजेश कुमार शुक्ला, निमिषा त्रिपाठी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम की बैठक मे हिंदू संगठन और आरपीएफ की नहीं बनी बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सतभैया महाराज की यज्ञशाला और दो टीनेशड को आरपीएफ की टीम ने अवैध कब्जा बताकर बुलडोजर चलवा दिया था। पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर की मदद से यज्ञशाला तोड़ने के मामले में एसडीएम कार्यालय में आरपीएफ, रेलवे, पुलिस अधिकारियों की वार्ता हुई। दो घंटे तक चली वार्ता के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। आरपीएफ की टीम उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद शाम तक निर्णय की बात कहकर वापस चली गई। हिन्दूवादी संगठन ने आरपीएफ को दस तक निर्माण कार्य न कराने पर 11 को स्वयं कराने की चेतावनी दी है। हालांकि देर शाम तक आरपीएफ की और से संगठन के लोगों को कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान आदि ने पहुंचकर लोगों से वार्ता की थी। तहसील में रेलवे अधिकारियों के साथ वार्ता होना तय हुआ था। बुधवार को कार्यालय में उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान, रेलवे के प्रभारी निरीक्षक बरेली सतीश चंद्रा, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के गौ सेवा प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया, भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, धर्मापुर की प्रधान के पति अर्जुन वर्मा, सतभैया स्थल के महंत के बीच वार्ता हुई। महंत और हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आरपीएफ की टीम पर मनमानी तरह से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की तोड़ी गई एक यज्ञशाला का शीघ्र निर्माण कराया जाए। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर बताने की बात कही। शिवम भदौरिया ने बताया कि आरपीएफ ने निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। दस मई तक आरपीएफ की टीम निर्माण नहीं करती है तो हिंदूवादी संगठन स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 11 मई को स्वयं यज्ञशाला का निर्माण कराएंगे। शिवम भदोरिया ने बताया कि आश्वासन के बाद भी देर शाम तक आरपीएफ टीम की ओर से कोई प्रक्रिया नहीं दी गई।

# निर्माण कार्यो के प्रति उदासीन कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित किया जाय: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं उच्चीकरण कार्य की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी क्षेत्रान्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर फोटोग्राफ्स के साथ विस्तृत आख्या उपलब्ध कराएं। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य स्थलों का नियमित रूप से भ्रमण करें और निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। डीएम ने कहा कि समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री अनुबन्ध में उल्लिखित गुणवत्ता व मानक के अनुरूप ही हो। किसी भी निर्माण



कार्य में अधोमानक सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्यों में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय।

डीएम मोनिका रानी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियो को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर एप पर समस्त बिन्दुओ वजन, गृह भ्रमण, पोषाहार, ,आधार सीडिंग, सीबीई/वीएचएसएनडी गतिविधि इत्यादि की शत प्रतिशत फीडिंग प्रतिमाह कराना सुनिश्चित करें तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने डीपीओ व सीडीपीओ हुज़ूरपुर को निर्देश दिया कि आकांक्षी जनपद व ब्लाक के सभी इण्डिकेटरो की वेबसाइड पर डीईएसटीओ से समन्वय कर फीडिंग करायें तथा नियमित मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। डीएम ने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिया कि नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों को निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रियाशील रहें तथा सभी लक्षित गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों को मानक के अनुसार वितरण सुनिश्चित किया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत के लिए प्रेरित करें। श्री चन्द्र ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 5 से 10 लाख रूपये तक के लोन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा चार वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण देय है। 8वीं पास से लेक ग्रेजुएशन तक के किसान अथवा व्यक्ति इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। सीडीओ ने बीडीओ को निर्देश दिया कि ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि अधिकाधिक लाभ लाभान्वित हो सकें। ज़ीरो पावर्टी लाइन सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान ग्राम के सभी मजरों को शामिल करें। सर्वे में पात्र पाये गये लोगों को सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मनरेगा जाबकार्ड, स्वच्छ शौचालय, आयुष्मान कार्ड, अन्त्योदय कार्ड, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। सीडीओ ने कहा कि ज़ीरो पावर्टी लाइन सर्वे का मुख्य उद्देश्य यही है कि पात्र व्यक्तियों के सर पर छत के साथ उन्हें अन्य योजनाओं का भी लाभ प्राप्त हो ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत स्वच्छ शौचालयों का सत्यापन कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहने पाये।

## व्यापारियों ने हमले पर जताई खुशी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जमकर हुई आतिशबाजी

पूरनपुर।नगर के व्यापारियों ने पाकिस्तान पर किए हमले पर जताई खुशी आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किए गए प्रहार की जानकारी उधर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी , दीपक अग्रवाल, विजयपाल विक्की, सुनील आर्य, राजेंद्र खण्डेलवाल राजू, प्रदीप सिंह मुखिया, मनोज गुप्ता सोना, राहुल जायसवाल, संजय गुप्ता, सुशील वर्मा, अशीष रस्तोगी, सुकेश खण्डेलवाल, अशीष गुप्ता, हरगोविंद बाजपेई, अवनीश गुप्ता , शिव शर्मा एडवोकेट, अनिल अग्रवाल, उमेश गुप्ता,सहित अन्य ने खुशी जताते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए गत दिनों जम्मू काश्मीर में पर्यटकों पर किए गए हमलें की निंदा की और भारतीय सेना के प्रति आभार जताया भारत द्वारा पाक के आतंकियों के ठिकानों पर सफल ऑपरेशन की खुशी में आतिशबाजी की गई। खुशी के साथ भारत मां के जयकारे लगाए गए मोदी जी के नेतृत्व वाला यह नया भारत है, जो कोई भी भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा उसका यही हाल होगा। उन्होंने केंद्र सरकार और ऑपरेशन में शामिल वीर जवानों की जमकर सराहना की गुलाटी जी अगुवाई में तिरंगा झंडा लहराकर सैनिकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समूचा देश प्रधानमंत्री व सैनिकों के प्रति आभार जताता है। किसी भी कठिन परिस्थिति के आने पर वह सभी साथ रहेंगे। देश की आन बान शान को झुकने नहीं दिया जाना चाहिए

## आठवें इमाम इमाम जाफरे सादिक अ.स.के जन्म दिवस पर महफिल का आयोजन

सुल्तानपुर। अंजुमन शब्बीरिया जूडूपुर की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी हुसैनिया इमाम-ए-अस्र अलैहिस्सलाम में आठवें इमाम इमाम जाफरे सादिक अ.स.के जन्म दिवस पर एक तरही महफिले मकासेदा शेरो शायरी का आयोजन 9मई को रात 8बजे किया गया है, जिसमें महफिल की अध्यक्षता रज़मी सुलतानपुरी व महफिल की शुरूआत तलावते कुरआनपाक से सैयद लकाउल हसन मनियारपुर करेंगे। तकरीर मौलाना मुस्तफा इस्लामी और संचालन गौहर सुलतानपुरी करेंगे जिसका मिसरा 'पंक्तिल्ल है (जो आरिफ़े रजा है वही कामयाब है) इस मिसरे पर महफिल में नायाब बलियावी 'सुहेल बस्तवी' चन्दन फैजाबादी 'अजमल कन्तूरी' रौशन बनारसी 'कामरान बाराबंकवी 'मौलाना असगर जैदी व स्थानीय शायर अपना कलाम पढ़ेगे। उक्त जानकारी हैदर अब्बास खां ने दी है।

## अधिवक्ताओं ने मिठाई बाटकर आप्रेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर हुई कार्रवाई को लेकर मनाई खुशी

पूरनपुर।प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने गुरुवार दो बजे तहसील परिसर में एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद धामोल कोटली में भारतीय सेना ने आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सभी भारतवासियों में रोष था। आप्रेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर हर तरफ़ एक खुशी का माहौल है।

# तेज आंधी में बोलेरो पर गिरा पेड़, दो की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बरौंसा के करीब बड़ा हादसा हो गया। आंधी के दौरान बुधवार रात करीब सवा बारह बजे सड़क किनारे स्थित एक पेड़ उखड़कर बोलेरो के ऊपर गिर गया। जिससे बोलेरो सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दरअसल जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र बसायकपुर निवासी ओमप्रकाश वमा र्(55) बरौंसा बाजार में सिलाई का कार्य करते थे। वह परिवार के साथ यहीं मकान बनाकर रहते थे। बुधवार की रात वह मोतिगरपुर थानाक्षेत्र रामपुर निवासी जितेंद्र वर्मा के साथ बोलेरो से घर लौट रहे थे। रात करीब सवा बारह बजे दोनों लोग बोलेरो से लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बरौंसा के करीब कादीपुर रोड पर पहुँचे थे कि आंधी के दौरान एक पाकड़ का पेड़ उखड़कर बोलेरो के ऊपर गिर गया। जिससे ओमप्रकाश और जितेंद्र बोलेरो में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जेसीबी की मदद से दोनों घायलों को निकाला गया। ओमप्रकाश वर्मा की घटना स्थल पर मौत हो गई थी, जबकि जितेंद्र वर्मा को गंभीर अवस्था मे मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बरौंसा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़कों को बनवाने के लिए सभासद प्रतिनिधि ने ईओ को सौपा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद के वार्ड-10 साहूकारा में काफ़ी हद तक वार्ड वासियों क़ेसहयोग से पिछले कार्यकाल में सड़को का निर्माण करवाया जा चुका है। बाकी बची तीन सड़कों को सभासद प्रतिनिधि साजिद अली रिजवी ने पालिका परिषद पूरनपुर क़ेअधिशासी अधिकारी एज़ाज अहमद व चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता को लिखित में ज्ञापन देकर सड़कों को शीघ्र ही जनहित में वार्डवासिओं की सुविधाओं क़ेलिए बनवाये जाने का प्रयास किया है।जिससे वार्ड वासियों को आने और जाने में सुविधा मिल सके।



## गोमती नदी के तटीय क्षेत्र के चौंतीस गांवों में प्राकृतिक खेती की योजना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष में जनपद के गोमती नदी के तटीय क्षेत्र के गांवो में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) की योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें विकास खण्ड जगदीशपुर के तेरह गांव, बाजार शुकुल के तेरह गांव एवं मुसाफिरखाना के आठ गांव सम्मिलित किये गये हैं।योजना का अनुश्रवण खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्ष्यता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है। योजना में सम्मिलित प्रत्येक गांव में पचास हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्लस्टर का गठन किया गया है, प्रत्येक क्लस्टर में 0.4 हेक्टेयर के एक सौ पच्चीस किसानों का चयन योजना की गाइडलाइन में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। प्रत्येक क्लस्टर में दो कृषि सखियों को रखा गया है जिससे कि संबंधित ग्राम के स्थानीय किसानों को जोड़े जाने में सुविधा रहे। इस योजना के अन्तर्गत चयनित किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये किसानों को जागरूक करना, प्रशिक्षण देना, और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते हुये प्राकृतिक खेती के तरीकों से मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता में सुधार कराना है।प्राकृतिक खेती में रसायन और कीटनाशकों का उपयोग नहीं के बराबर हो। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की नमी बनाये रखने में मदद मिलती है जो जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक लचीलापन पैदा करता है।प्राकृतिक खेती स्थानीय ज्ञान और संसाधनों पर आधारित होती है, जिससे किसानों को बाहरी सहायता की आवश्यकता कम होती है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों को एक स्थायी और लाभकारी कृषि प्रणाली अपनाने में मदद करती है।

## एसपी ने बीट पुस्तिकाओं का किया अवलोकन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थानों पर नियुक्त बीट आरक्षियों की बीट पुस्तिकाओं का अवलोकन कर दिशा निर्देश दिया गया।पुलिस कार्यालय में पुलिस अपर्णा रजत कौशिक द्वारा बीट कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पुलिस कार्यालय में प्रत्येक थाने से एक एक बीट मुख्य आरक्षी व आरक्षी को बुलाकर उनकी बीट बुक का अवलोकन किया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थानों से आये बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये नियमित रूप से अपने अपने बीट में भ्रमण करने, हिस्ट्रीशीटरों, क्षेत्र के अपराधियों की प्रभावी निगरानी, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, सम्भ्रान्त व्यक्तियों व पुलिस मित्र से समन्वय स्थापित करने व बीट बुक को अद्यावधिक रखने आदि के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

## नगर विकास मंत्री से मिले चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर विकास मंत्री एके.शर्मा से उनके आवास पर स्नेहपूर्ण भेंट वार्ता की, उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं नगर के विकास कार्यों से सम्बंधित 10 करोड़ की कार्य योजनाओं के प्रस्ताव सौंपे साथ ही पूरनपुर नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका घोषित करने के लिए निवेदन किया। नगर विकास मंत्री ने पूर्ण आश्वासन दिया है।कि वो पूरनपुर में हो रहे विकास कार्यों को गति देने में पूर्ण सहयोग करेंगे। चेयरमैन ने विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु नगर विकास मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# मण्डल को सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना ही प्राथमिकता: मीना चौबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने मण्डल स्तर पर 15 सदस्यीय पदाधिकारी व 61 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित करने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। भाजपा की जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी व मण्डल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा हर जिम्मेदार कार्यकर्ता को संगठन की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरना होगा। उन्होंने सक्रिय व सशक्त मण्डल गठन को लेकर टिप्स दिए। कहा मण्डल को सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना है। यह भी कहा 2027 विधानसभा व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। उन्होंने




मण्डल स्तर पर उत्कृष्ट संगठन विस्तार की बात कही। मण्डल स्तर पर 15 पदाधिकारी व 61 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित होनी है।15 सदस्यीय पदाधिकारी टीम में 6 उपाध्यक्ष,2 महामंत्री ,6 मंत्री व 1 कोषाध्यक्ष होंगा।8 पदों पर महिला, पिछड़ा वर्ग व एससी पदाधिकारी होंगे। जिला प्रवासी व पूर्व जिलाध्यक्ष मछली शहर राम विलास ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया मण्डल स्तर पर 40 प्रतिशत नये पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा हम पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर आगामी हर चुनाव में जीत का परचम लहराएंगे। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मण्डल स्तर पर मीडिया, आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे। संचालन जिला महामंत्री संदीप सिंह ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य व जिला महामंत्री घनश्याम चौहान, योगेंद्र प्रताप सिंह,मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, विजय त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुमार, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, कक्षा सात की छात्रा साधमा वी रही प्रथम

पूरनपुर। नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों को मॉक ड्रिल के बारे में भी जानकारी दी गई। किस तरीके से विषम परिस्थिति में स्वयं को तथा अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित करना है। इसके बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समिति के आजीवन सदस्य बृजेश शुक्ला ने भी रेड क्रॉस के महत्व पर प्रकाश डाला इसके बाद प्रतियोगिता में विजई बच्चों को संस्था की तरफ से उपहार दिए गए। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 7 की साधमा बी,प्रथम आशिया बी द्वितीय, यासमीन बी तृतीय स्थान पर रही।

# युद्ध के कगार पर

इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चुन-चुनकर मारे गए 26 लोगों की मौत ने पूरे देश के अंतर्मन को झकझोरा है। साथ ही इस घटनाक्रम से उपजे आक्रोश ने सरकार पर आतंकियों व उनके आकाओं को सबक सिखाने का दबाब भी बनाया है। जिसके चलते दोनों देशों की तरफ से तल्ख बयानबाजी का जो दौर शुरू हुआ, वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। जवाबी कार्रवाई के दबाव में स्थितियां खतरनाक स्थिति की तरफ बढ़ गई है। दोनों देशों की सीमाओं में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। तीखी बयानबाजी के बीच सैन्य ताकत को बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं। लगातार चिंताजनक होती स्थिति के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से बयान आया है। दोनों पक्षों को अधिकतम संयम बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि तनाव का स्तर कम करने की कोशिश की जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का हस्तक्षेप और सुरक्षा परिषद के बंद कमरे में हुआ सलाह-मशविरा अंतर्राष्ट्रीय जगत की चिंता को ही रेखांकित करता है। निस्संदेह, संयुक्त राष्ट्र महासचिव की चेतावनी महज कूटनीतिक बयानबाजी नहीं है। निश्चित रूप से यह परमाणु हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष को टालने की महत्वपूर्ण कोशिश है। हालांकि, पाकिस्तान ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में ले जाकर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का उपक्रम किया था। लेकिन वैश्विक मूड हस्तक्षेप के बजाय तनाव कम करने पर केंद्रित नजर आया। इसमें दो राय नहीं कि अब तक भारत की ओर संयमित प्रतिक्रिया ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद ही की है। हालांकि, दंडात्मक कार्रवाई के लिये देश के भीतर बढ़ती मांग ने दिल्ली पर सैन्य विकल्पों पर विचार करने का दबाव जरूर डाला है। हालांकि देश के दीर्घकालीन हितों के मद्देनजर कूटनीतिक प्रयासों से समस्या के समाधान की कोशिश की जानी चाहिए। लेकिन इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जाता कि आंतरिक दबाव के चलते यदि सैन्य विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है, तो कालांतर इससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की शुरुआत हो सकती है। यह भी एक हकीकत है कि ऐसे मौके पर जब आतंकवादियों के क्रूर हमले में मारे गए लोगों के परिवार शोकाकुल हैं और जनता आक्रोशित है, संयम का आह्वान किसी को रास नहीं आएगा। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बड़े पैमाने पर संघर्ष को बढ़ावा देना कल्पना से अधिक तबाही ला सकता है। एक सैन्य टकराव न केवल इस उपमहाद्वीप को अपनी गिरफ्त में ले सकता है, बल्कि दशकों तक इस क्षेत्र को अस्थिर भी बनाये रख सकता है। विगत का अनुभव हमें याद कराता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध से न केवल जन-धन की व्यापक क्षति होती है बल्कि साथ में कूटनीतिक अलगाव और आर्थिक झटके भी मिलते हैं। इन हालात में यह जरूरी है कि दोनों देश बैक चौनल के जरिये कूटनीतिक प्रयास करें तथा विश्वास निर्माण के उपायों के लिए फिर से प्रतिबद्धता दिखाएं। वैश्विक समुदायों, खासकर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बयानों से आगे बढ़कर तनाव को बढ़ने से रोकने के लिये सक्रिय रूप से मध्यस्थता करनी चाहिए। हमें यह याद रखना चाहिए कि कश्मीर का सैन्य समाधान अतार्किक ही कहा जाएगा। एकमात्र वास्तविक समाधान निरंतर बातचीत में निहित है। दरअसल, आज अशांति के मूल कारणों को संबोधित करने की जरूरत है। पहली जरूरत इस बात की है कि शांति को नुकसान पहुंचाने वाले आतंकी नेटवर्क को नेस्तनाबूद किया जाए। इतिहास गवाह है कि युद्ध शांति का विकल्प कभी नहीं हो सकता। वहीं दूसरी ओर पड़ोसी कितना भी बुरा क्यों न हो भौगोलिक रूप से हम उसे बदल नहीं सकते। बुराई में अच्छाई की तलाश से स्थिति सामान्य बनाये रखने की कोशिश की जानी चाहिए। युद्ध की आकांक्षा रखने वाले लोगों को भी सोचना चाहिए कि कहीं न कहीं अंत में युद्ध की कीमत आम आदमी को ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से चुकानी पड़ती है।

# 'आपरेशन सिंदूर' एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

**'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है।**

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है। 'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया। भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है। यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव ङ्कक्षमा करो और भूल जाओल्ल को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें




लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है। दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और

दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है। पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मर्यादा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली जवान न खोयें, निर्दोषों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा। उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खड़े होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना। भारतीय सेना को अब और भी ज्यादा मुस्तैद-सतर्क रहना होगा और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी भी मजबूत रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान की तरफ से अगर कोई जवाबी कार्रवाई होती है, तो उसका हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके। **– ललित गर्ग**

# आतंक पर भारत का सटीक प्रहार

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसे दुनिया ने देखा और हर देशभक्त की आंखें उस दिन नम थीं अपने भारतीय नागरिकों के लिए। देशभर से एक ही आवाज उठ रही थी कि पाकिस्तान के इस आतंकपरस्त कदम का भारत सटीक जवाब दे। इसके बाद जिस तरह से कूटनीतिक स्तर पर मोदी सरकार ने एक के बाद एक कदम आगे बढ़ाए और अंतिम कदम के रूप में यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) की मीटिंग में पाकिस्तान से जैसे तीखे सवाल किए गए, जिनके जवाब देते उसे नहीं बना। उसके बाद सीधे भारत का पाकिस्तान में नौ जगहों पर मिसाइलों से हमला करना आज यह बताने के लिए प्रयाप्त है कि भारत अब अपने हितों के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यदि कोई उसे आंख दिखाएगा तो उन आंखों को फोड़ देने में उसे देर नहीं लगनेवाली है। वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह सयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है। वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि वह उत्साह से भर देता है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा ही था कि आतंक को इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा जो कल्पना से परे होगा और आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और वही हुआ। इस हमले में भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा है। इसके साथ ही भारत ने एक संदेश यह भी दिया है कि यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो भारत पुनः इस तरह का कदम उठाएगा। इसके साथ ही भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ने जो प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं। जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था तब इस प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था। दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया। वस्तुतः भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है। मुरीदके में लश्कर ए तैयबा के हेडक्वार्टर पर हमला किया। मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है। फिर मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन के अड्डे को निशाना बनाया। इसी तरह से कोटली में टेरर कैंप, भिंबर में टेरर लॉन्च पैड, गुलपुर में टेरर लॉन्च पैड, चक अमरू में टेरर लॉन्च पैड और सियालकोट में आतंकी कैंप को निशाना बनाया है। इसे यदि और गहरी स्पष्टता के लिए समझें तो मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख अड्डा। सरजल, तेहरा कलां - जैश-ए-मोहम्मद का दूसरा अड्डा। मरकज अब्बास, कोटली - जैश-ए-मोहम्मद का तीसरा आतंकी ट्रेनिंग स्थान। सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जैश-ए-मोहम्मद के चौथे स्थल। मरकज तैयबा, मुरीदके - लश्कर-ए-तैय्यबा का प्रमुख स्थान। मरकज अहले हदीस, बरनाला - लश्कर-ए-तैय्यबा का दूसरा प्रमुख स्थल। शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर-ए-तैय्यबा का तीसरा बड़ा प्रमुख आतंकी अड्डा। महमूना जोया, सियालकोट - हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी ट्रेनिंग स्थल और मस्कर राहील शाहिद, कोटली - हिजबुल मुजाहिद्दीन का दूसरा बड़ा आतंकी स्थल है, जहां पर यह भारत की एयर स्ट्राइक की गई है। कुल मिलाकर यहां जो स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है, वह है कि भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे तीन प्रमुख आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर सटीक हमला किया है, जिसमें इन आतंकी संगठनों के ठिकाने बहुद हद तक तबाह हुए हैं। पूरी कार्रवाई भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से की है। भारतीय सेनाओं के संयुक्त बयानों से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पाहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए, इन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। भारत अपने ऊपर होने वाले किसी भी वार को नहीं सहेगा, बलकि उसका कठोरतम तरीके से जवाब देता रहेगा।

## सेहत मंत्र

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी। आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफ़ेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं। अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन भूख कम करने के साथ ही शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने में सहायक है। आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट इसको पीने से बॉडी डिटॉक्स होता है और शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ता है।

## धर्म मंत्र

# सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं भगवती श्रीसीता

भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। रामायण ग्रंथ के अनुसार सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं। भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है। रामायण ग्रंथ के मुताबिक प्राचीन काल में मिथिलापुरी में सीरध्वज जनक नाम के प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। वे शास्त्रों के ज्ञाता, परम वैराग्यवान तथा ब्रम्हज्ञानी थे। एक बार राजा जनक यज्ञ के लिए भूमि जोत रहे थे। भूमि जोतते समय हल का फाल एक घड़े से टकरा गया। राजा ने वह घड़ा बाहर निकलवाया। उससे राजा को अत्यन्त ही रूपवती कन्या की प्राप्ति हुई। राजा ने उस कन्या को भगवान का दिया हुआ प्रसाद माना और उसे पुत्री के रूप में बड़े लाड़ प्यार से पाला। उस कन्या का नाम सीता रखा गया। जनक की पुत्री होने के कारण वह जानकी भी कहलाने लगीं। धीरे धीरे जानकीजी विवाह योग्य हो गयीं। महाराज जनक ने धनुष यज्ञ के माध्यम से उनके स्वयंवर का आयोजन किया। निमंत्रण पाकर देश विदेश के राजा मिथिला में आये। महर्षि विश्वामित्र भी श्रीराम और लक्ष्मण के साथ यज्ञोत्सव देखने के लिए मिथिला में पधारे। राजा जनक को जब उनके आने का समाचार मिला तब वे श्रेष्ठ पुरुषों और ब्राम्हणों को लेकर उसने मिलने के लिए गये। श्रीराम की मनोहारिणी मूर्ति देखकर राजा विशेष रूप से विदेह हो गये। विश्वामित्र जी ने श्रीराम के शौर्य की प्रशंसा करते हुए महाराज जनक से अयोध्या के दशरथनंदन के रूप में उनका परिचय कराया।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक मंदिरों, खूबसूरत समुद्र तटों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है पुरी

पुरी, भारत के ओडिशा राज्य में स्थित एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है। यह स्थान खासकर अपने ऐतिहासिक मंदिरों, खूबसूरत समुद्र तटों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। पुरी को 'जगन्नाथ की नगरी' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यहां स्थित जगन्नाथ मंदिर हिन्दू धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। पुरी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध संस्कृति का भी संगम है। पुरी का प्रमुख आकर्षण है, जगन्नाथ मंदिर। यह मंदिर भगवान श्री कृष्ण के अवतार, जगन्नाथ जी को समर्पित है। यहाँ हर साल विशाल रथ यात्रा का आयोजन होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह रथ यात्रा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और हर साल जुलाई महीने में आयोजित होती है। जगन्नाथ मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है, और यह हिंदू धर्म के चार प्रमुख धामों (बद्रीनाथ, द्वारका, ऋषिकेश और पुरी) में से एक माना जाता है। पुरी के समुद्र तट को भारत के सबसे सुंदर समुद्र तटों में गिना जाता है। यहां का नीला पानी, सफ़ेद रेत और ठंडी हवा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। आप यहां सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। समुद्र में तैरने के साथ-साथ, पर्यटक बीच पर आकर सुखद समय बिता सकते हैं और विभिन्न जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकते हैं। पुरी के पास स्थित सुन्दरगढ़ और चिलिका झील पर्यटकों के लिए एक और आकर्षण का केंद्र है। चिलिका झील एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झीलों में से एक है। यहाँ विभिन्न प्रजातियों के पक्षी रहते हैं और सर्दियों में यह एक प्रमुख पक्षी अभयारण्य बन जाता है। यहां बोटिंग का अनुभव भी बहुत रोमांचक होता है, खासकर जब आप झील के बीचो-बीच स्थित छोटे द्वीपों को देख सकते हैं। पुरी के आसपास कई महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल हैं, जैसे कि कोणार्क सूर्य मंदिर, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है।

# पाकिस्तान का एयरवेज ध्वस्त खुशी मिठाई बांटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक आप्रेशन सिंदूर की खबर से ग्रामीणों में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।जैसे ही ग्रामीणों को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सफल हमले की सूचना मिली पूरे गांव में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई।गुरुवार दोपहर समाजसेवी रामसिंह यादव राम सजीवन यादव व धर्मराज यादव के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण पंचायत भवन में एकत्र हुए।हाथों में तिरंगा लिए ग्रामीणों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद भारतीय सेना अमर रहे जैसे जोशीले नारे लगाए।ब्रह्मचारी बाबा पीपल चबूतरे पर एकत्र होकर ग्रामीणों ने सेना को सलामी दी।धर्मराज यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है।रामसिंह यादव और रामसजीवन यादव ने भी सेना के साहस और संकल्प की सराहना की।इस मौके पर श्याम नारायण वर्मा रामसूरत यादव रामहरक संगमलाल गौतम बाबा रामकैलाश सर्वेश यादव श्यामबिहारी संतोष रमाकांत सुखपाल शाहिद आदि अन्य ग्रामीण मौजद रहे। जैदपुर संवाददाता ने बताया कि

एडिशनल एसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह जैदपुर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में जैदपुर थाना क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों नेताओ. वरिष्ठ नागरिकों संग पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है। श्री सिंह द्वारा ब्लैकआउट मार्क ड्रिल के दौरान जानकारी व सावधानियां को आम जनमानस को अवगत कराकर सहयोग करने की बात कही। एडिशनल एसपी द्वारा लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि ब्लैकआउट के दौरान बिजली के सभी प्रकार के उपकरण बंद रखें। श्री सिंह ने आम नागरिकों को आपातकाल में सुरक्षित रहने की उपाय बताएं तथा सहयोग करने की अपील भी की।

## अभिभावकों संग संवाद



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सभागार में आयोजित वात्सल्य संस्था द्वारा पेरेंट्स एंड डॉटर बॉन्डिंग कार्यक्रम में ब्लॉक के 36 गांवों से करीब 100 किशोरियां अपने अभिभावकों के साथ सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रेनू वर्मा व खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि सम्मिलित हुई।ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ऐने माता-पिता और बेटियों के बीच खुले संवाद को वर्तमान परिवेश में अहम बताया।इस मौके पर वात्सल्य संस्था के भुवाल सिंह और नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। ब्लॉक समन्वयक प्रेम शंकर, आरिफ, प्रियांशी और राधा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।यह आयोजन किशोरियों और अभिभावकों के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने में सफल रहा।

## समाज कल्याण विभाग का करनामा

### पति-पत्नी मृत घोषित वृद्धापेंशन रोका साहब हम अभी हम जीवित हैं



जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक अजीबोगरीब चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर हरख ब्लॉक क्षेत्र के गढ़ी राखमऊ पंचायत के मोतीलाल पुरवा गांव निवासी मोहम्मद आशिक और उनकी पत्नी हसमतुल निशा को अधिकारियों द्वारा जांच में मृतक घोषित करने की रिपोर्ट लगाकर उनकी वृद्धा पेंशन को बंद कर दिया गया। करीब 1 साल से अपनी वृद्धा पेंशन को पुनः लागू करने और अपने जीवित होने का प्रमाण लेकर भटक रहे पति पत्नी ने जानकारी देते हुए बताया की कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पुनः वृद्धा पेंशन के लाभ हेतु आवेदन किया गया। परंतु अभी तक उन्हें मृतक की लिस्ट में ही रखा गया है। जबकि वह लगातार राशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वही इस मामले को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## सर्पदंश से घर के मुखिया की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम पांचूपुरवा निवासी युवा विशाल गौतम की सर्पदंश से मृत्यु हुई।गुरुवार तड़के सांप ने काटा तो परिजन उसे सीएचसी रामनगर फिर जिला अस्पताल ले गए।तब तक देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मृत घोषित शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार का एकमात्र सहारा विशाल की बहन की भी सर्पदंश से मौत हो चुकी है।और पिता का निधन हार्ट अटैक से हुआ था। युवक की मौत से परिवार सदमे में है।

## गलत बिजली बिल दे धन उगाही करते हैं संविदा कर्मी, सीएम से शिकायत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसडीओ के संरक्षण में कुछ विद्युत कर्मचारी उपभोक्ताओं को हवा हवाई बिल जारी कर धन उगाही कर रहे हैं। दुर्व्यवहार से पीड़ित एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों से की है और कार्रवाई की मांग की है। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत निंदूरा गांव निवासी 60 वर्षीय रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि बिल त्रुटिपूर्ण होने से अधिक धनराशि का बना दिया। पुराने बिलों समेत जिसे सही कराने वह कुर्सी विद्युत उपकेंद्र गया था। जहां पर उपखण्ड के लिपिक अभिषेक कसौंधन व आउटसोर्स कर्मी प्रशांत वर्मा उनकी समस्या का समाधान करने के बजाए दुर्व्यवहार किया। बताते हैं कि प्रशांत वर्मा उपकेन्द्र के पास ही अपने निजी स्थल पर बुलाकर अनुचित धन लेने के बाद ही त्रुटिपूर्ण बिल सही करता हैं। रसूख कि अपने को वह बिलिंग सुपरवाइजर बतलाता है। वृद्ध उपभोक्ता ने दोनो कर्मियों व उपखण्ड अधिकारी सर्वेश पाल के खिलाफ सीएम को पत्र भेजकर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

## आंधी से जनजीवन प्रभावित, महिला की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार की भोर आयी तेज हवा मे सड़क के किनारे गिरे पड़े पेड़ की टहनी की चपेट मे आने से बाइक पर सवार महिला की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गयी।जबकि महिला का पति घायल हो गया। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम के ग्राम बांसा निवासी सलीम की 45 वर्षीय पुत्री महजबी गुरुवार की दोपहर अपने पति चांद के साथ ननिहाल रुदौली से मायके बांसा आ रही थी । सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद के निकट पहले से ही सड़क के किनारे गिरे पड़े पेड़ की एक टहनी आगे चल रही पिकप मे फंस गयी और पिकप से छूटने के बाद टहनी सीधे बाईक पर बैठी महजबी को लगी जिससे महजबी व उसका पति चांद घायल हो गये जिन्हे सीएचसी बड़ागांव लाया गया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया जिसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व मृत्यु हो गयी। परिजनों बगैर पोस्टमार्टम कराये सुपर्दे खाक कर दिया।

## सड़क हादसे में घायल 50 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर भानमऊ पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में घायल हुई 50 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल है। महरूपुर निवासी सूरज अपनी मां उषा कुमारी (पत्नी देशराज) को लेकर कपड़े खरीदने भानमऊ चौराहे जा रहा था। रास्ते में अचानक एक सांड के सामने आ जाने से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरीख पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उषा कुमारी की मृत्यु हो गई।बताया जा रहा है कि घायल सूरज का चयन हाल ही में पुलिस भर्ती में हुआ था।थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार युवक, साइबर सेल से की शिकायत



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र के भुनई रुद्र गाँव निवासी एक युवक ने अपने बैंक खाते से 76,500 रुपये की निकासी की शिकायत करते हुए पुलिस और साइबर सेल से कार्रवाई की मांग की है।मोहम्मद महताब पुत्र मोहम्मद हकीम के अनुसार, 6 मई को उनके बड़े भाई मोहम्मद आफताब ने उनके बैंक खाते में 14,000 रुपये जमा किए थे। अगले दिन, 7 मई को, 62,500 रुपये और जमा किए गए। लेकिन उसी दिन खाते से कुल 74,500 रुपये निकाले गए। जब महताब को इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई, तो उन्होंने तत्काल अपने पिता और भाई को इसकी सूचना दी और कोठी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।इसके बाद उन्होंने साइबर सेल प्रभारी से भी मामले में कार्रवाई की मांग की है।कोठी थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत प्राप्त हुई है और उसे साइबर सेल प्रभारी के पास भेजा गया है ।

# अश्लीलता परोस रहे ओटोटी प्लेटफार्म पर लगे प्रतिबन्ध : प्रियंका मौर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### लखनऊ में डॉ. प्रियंका मौर्य के नेतृत्व में ''जन आक्रोश रैली'': स्वच्छ साइबर भारत की मांग

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. प्रियंका मौर्य के नेतृत्व में लखनऊ में एक विशाल ''जन आक्रोश रैली'' का आयोजन किया गया। इस रैली में भारी संख्या में नागरिकों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर परोसी जा रही अश्लील और विकृत सामग्री के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

रैली को संबोधित करते हुए डॉ. प्रियंका मौर्य ने कहा कि आज सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म का एक बड़ा हिस्सा बेलगाम हो गया है और हमारे घरों में अश्लीलता और गंदी सामग्री परोस रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी रात-रात भर इस गंदगी में डूबी रहती है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। यह हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों के विरुद्ध है और हमारे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट कर रहा है।

डॉ. मौर्य ने ''युवा जागरण मंच'' के ''स्वच्छ साइबर भारत के लिए डिजिटल सर्जिकल स्ट्राइक करने हेतु विनम्र निवेदन'' का समर्थन करते हुए कहा कि अब इस विकृति के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का समय आ गया है। उन्होंने सरकार से निम्नलिखित मांगों को तत्काल लागू करने का आह्वान किया:

सभी डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एक समान कार्यक्रम संहिता (Unified Programme Code) लागू की जाए, ताकि नैतिकता और शालीनता के समान मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके और उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 को डिजिटल युग के अनुरूप और सशक्त बनाया जाए, जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर अश्लील और विकृत सामग्री को प्रतिबंधित किया जा सके और दोषियों को कड़ी सजा मिले। डिजिटल कंटेंट की निगरानी, विनियमन और नियंत्रण के लिए अर्ध-न्यायिक अधिकारों के साथ ''डिजिटल काउंसिल ऑफ भारत'' का गठन किया जाए, जो आपत्तिजनक कंटेंट को तुरंत हटाने का आदेश दे सके और अनुपालन न करने पर कठोर दंड दे सके। ऑपरेशन डिजिटल सर्जिकल स्ट्राइक'' शुरू किया जाए, जिसके तहत ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से हानिकारक सामग्री को सक्रिय रूप से हटाया जाए।

मोनेटाइजेशन से पहले कंटेंट सर्टिफिकेशन अनिवार्य किया जाए और हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने वाले प्लेटफॉर्मों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। डॉ. मौर्य ने कहा कि यह रैली सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है जो तब तक जारी रहेगा जब तक कि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता और एक स्वच्छ साइबर भारत का निर्माण नहीं हो जाता। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से इस लड़ाई में एकजुट होने और सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने की अपील की।

रैली में उपस्थित नागरिकों ने भी सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर अनियंत्रित कंटेंट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और ''स्वच्छ साइबर भारत'' के निर्माण के लिए हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

# एडीओ पंचायत के निरीक्षण में ध्वस्त मिली सफाई व्यवस्था, निलंबन की संस्तुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रधान - सचिव कर रहे थे शिकायत

निंदूरा बाराबंकी। एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह द्वारा आज गुरुवार को विकास खंड स्थित ग्राम पंचायत पड़री,पिपरोली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान पंचायत सहायक की उपस्थित,पंचायत भवन,परिषदीय विद्यालय सहित ग्राम पंचायत में साफ सफाई व्यवस्था का गहराई से परीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत पड़री व पिपरोली में साफ सफाई व्यवस्था ध्वस्त मिली। ग्रामीणों ने खुलकर शिकायतें की। बताया कि सफाई कर्मचारी आते ही नहीं है। नालियां चोक दिखी भी ।विद्यालय परिसर में भी बड़ी बड़ी झाड़ियां व कूड़ा करकट के ढेर मिले।

एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पड़री तथा पिपरौली के सफाई कर्मचारियों की ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा निरंतर शिकायतें मिल रही थी।जिसका संज्ञान लेते हुए गांवों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में दोनों ग्राम पंचायतों में साफ सफाई व्यवस्था खराब मिली।जोकि अक्षम्य है।अतः दोनों ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों पर कठोरतम कार्यवाही हेतु एवं निलंबन की संस्तुति कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गयी है। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी बेलगाम सफाई कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही करते है।

# बच्चों के पोषण पर दें विशेष ध्यान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोजित जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता डीएम शशांक त्रिपाठी ने की। पोषण ट्रैकर ऐप पर गर्भवती महिलाओं का वजन फीडिंग, मैम और सैम बच्चों से संबंधित सूचना, वी.एच.एस.एन.डी., एन.आर.सी. प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधी समीक्षा की। तो तमाम खामियां मिली। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने कहा कि बेबी वेट मशीन सहित ग्रोथ ट्रैकिंग हेतु जरूरी उपकरणों को ब्लॉक टास्क फोर्स गठित कर तत्काल खरीदे, और खरीद किए जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

जिलाधिकारी ने कहा कि हॉट कुक्ड फूड योजना से समस्त लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए। गर्भवती, धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों की शतप्रतिशत मॉनिटरिंग की जाए तथा सभी केंद्रों पर यूरिन किट उपलब्धता के साथ एब्डोमिनल एग्जामिनेशन पर बल दिया जाय। और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक न्यूट्रिशन की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, डीडीओ भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी .के श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी सीडीपीओ सहित स्वास्थ्य विभाग और सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कस्बा में क्षेत्र पंचायत निधि से निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग सड़क का निरीक्षण ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में इस समय कई विकास कार्य चल रहे हैं। सभी कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। इससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी और समस्याओं का समाधान भी होगा।बुधवार दोपहर को हुए निरीक्षण के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सुधांशु वर्मा, अंकित वर्मा और विजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक बरामद

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर प्रचलित चेकिंग अभियान के दौरान सफदरगंज पुलिस ने गैर जनपदीय युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अगुवाई मे चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान उपनिरीक्षक अजहर खान ने लखनऊ जनपद के बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहना पिपरसंड निवासी विशाल रावत पुत्र राजू रावत को कंधईपुर् मोड से गिरफ्तार कर विगत दिनों लक्षबर बजहा चौराहा से चोरी हुई मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 41 ए जेड 6219 को बरामद किया।

# जान जोखिम हुई पानी टंकी, शिवसेना संग नागरिकों का विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। काशीराम कालोनी आवास विकास में जलापूर्ति कर रही जर्जर पानी टंकी से जनहानि की आशंका जताते हुए कालोनीवासियों द्वारा शिवसेना की अगुवाई में जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया।शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के प्रदेश महासचिव एवं पूर्वांण उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोज मिश्र विद्रोही ने बताया कि

पेयजल आपूर्ति हेतु बनी पानी की टंकी जर्जर हो चुकी है टंकी से पानी का निरंतर रिसाव हो रहा है। अनहोनी के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद नवाबगंज प्रशासन ने जल निगम अयोध्या मंडल को पत्र भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। एकत्रित तमाम नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव,जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला उप प्रमुख अजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी एस एन मिश्र,युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू,राहुल गुप्ता, देशराज गौतम, अरविंद गिरी,अविनाश सिंह ,शंभू रतन द्विवेदी, राम सिंह शिल्पकार ,मोहम्मद अकील सलमानी, पूजा गुप्ता,हनीफ,बेबी कश्यप, राजिया बानो आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 17 कार्मिक

## वेतन बाधित करने के निर्देश, नहीं सुधर रहे हैं बेलगाम कार्मिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। फिर भी मातहत मस्त मस्त है । बृस्पतिवार को जिलाधिकारी ने प्रातः 10:20 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों(कार्यालयों) की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें 17 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया है। इन विभागों में कार्मिक रहे अनुपस्थित जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निरीक्षण में संयुक्त कार्यालय से 09 कार्मिक, सदर नजारत कार्यालय से 01 कार्मिक,खाद्य एवम औषधि प्रशाधन कार्यालय के 03, न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी(न्यायिक) के 01, कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 01,न्यायालय चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम व द्वितीय कार्यालय के 01-01 कार्मिक अनुपस्थित रहे। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी ने 03 बार निरीक्षण किया था और सभी कार्मिकों को ससमय कार्यालय आने की चेतावनी दी थी उसके बाद भी कई कार्मिकों में सुधार न आने पर आज वेतन काटने व स्पष्टीकरण जारी करने की कार्यवाही की गई।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।**निविदा सं.:** वमंविइं-टीआरडी-लजं0-ओटी-160, **कार्य का विवरणः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के प्रदूषित क्षेत्र में सेक्शन DAL-MLN,के बीच आईओएल, आइसोलेटर को हटाना और स्थानांतरित करना तथा कैटेनरी तार में जीआई एंटी क्रीप तार को प्रतिस्थापित करना, **ई-निविदा बंद होने की तिथि व समयः** 02.06.2025 व 15.00 बजे, **ई-निविदा खुलने की तिथि व समयः** 02.06.2025 व 15.30 बजे, **अनुमानित लागतः** ₹ 89,85,132.55, **बयाना राशिः** ₹ 1,79,700.00, **निविदा मूल्यः** ₹ 0.00, **कार्य सम्पादन की अवधिः** 09 माह। **नोटः** 1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **2.** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps. gov.in को देखें।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-26 लखनऊ

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ एस्कॉर्ट्स मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल.एच.बी. कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 4,30,58,560.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 3,65,300/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक-16.05.2025 से 30.05.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-30 दिनांक 07.05.2025
1364/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-AYC-TW-6-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1367/2025

# आरसीबी का लक्ष्य प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर, उम्मीद जीवंत रखना चाहेगा लखनऊ

एजेंसी

लखनऊ। शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ जबकि लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगी। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दबाव बढ़ रहा है। वह टूर्नामेंट में शुरू से ही रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं जिसका असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। लखनऊ ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारे हैं और यदि वे अपने शेष तीन मैच जीतते हैं तो केवल 16 अंक तक पहुंच सकते हैं। प्ले-ऑफ की दौड़ में 18 अंक की संख्या अधिक सुरक्षित मानी जाती है और आरसीबी यहां जीत हासिल करके वहां पहुंचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर




नहीं छोड़ी थी। आरसीबी ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर खुद को प्लेऑफ में जगह बनाने का मजबूत दावेदार बना दिया है। आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले खिलाड़ी बने पंत के लिए यह सत्र अब तक भूलने लायक रहा है। उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में विभिन्न स्थानों पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की है लेकिन निरंतरता उनसे दूर रही है। उनका स्ट्राइक रेट 99.92 है जो इस सत्र में उनके संघर्षों की कहानी बयां करता है। लखनऊ ने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन पर बहुत अधिक भरोसा किया है, लेकिन अगर उन्हें टूर्नामेंट में आगे जाना है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से हार के बाद पंत ने कहा, ''हमने अभी प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। अगर हम अगले तीन मैच जीतने में सफल रहते हैं तो हम वहां पहुंच सकते हैं। यह तब समझ में आता है जब आपका शीर्ष क्रम वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हो। हर मैच में आप उम्मीद नहीं कर सकते कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो वह पहली बार चैंपियन बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 पारियों में सात अर्द्धशतक लगाए हैं। कोहली टीम के लिए मंच प्रदान करते हैं जबकि रजत पाटीदार और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी डेथ ओवरों में अपनी क्षमता का अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को चोटिल देवदत्त पडिक्कल के स्थान पर टीम में शामिल किया है जो मौका मिलने पर खुद को साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर पर बीसीसीआई ने दी बधाई, बताया भारतीय क्रिकेट का प्रेरणास्रोत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर उन्हें बुधवार को भावभीनी शुभकामनाएं दी हैं। बोर्ड ने उनके योगदान को 'प्रेरणादायक और शानदार' बताते हुए उनके उज्ज्वल करियर की सराहना की है। रोहित अब टेस्ट और टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं, हालांकि वह भारत की वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे। रोहित ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट कर टेस्ट क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। रोहित शर्मा ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा और भारत के 35वें टेस्ट कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। अपने 67 टेस्ट मुकाबलों में उन्होंने 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। आंकड़ों से परे, उन्होंने भारतीय क्रिकेट को धैर्य, नेतृत्व और समर्पण की एक मजबूत विरासत सौंपी है। एक समय मिडल ऑर्डर बल्लेबाज रहे रोहित शर्मा ने खुद को टेस्ट क्रिकेट के सबसे सफल ओपनरों में शामिल किया। उन्होंने तकनीकी मजबूती और आक्रामकता के संतुलन के साथ टीम को मजबूत शुरुआत देने का काम किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी गंभीरता और ज़िम्मेदारी से खेला। रोहित ने 24 टेस्ट में टीम की कप्तानी की, जिनमें से 12 में भारत को जीत मिली। उन्होंने संक्रमणकालीन दौर और चोटों से जूझती टीम को मजबूती से संभाला। उनके नेतृत्व ने युवाओं को प्रेरित किया और उनकी बल्लेबाज़ी ने करोड़ों प्रशंसकों का दिल जीता। बीसीसीआई अध्यक्ष रॉजर बिन्नी ने कहा,''रोहित शर्मा का प्रभाव आंकड़ों से कहीं ऊपर है। उन्होंने टीम को स्थिरता, आत्मविश्वास और अनुशासन दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संयमित स्वभाव ने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी है। रोहित शर्मा न सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज रहे बल्कि एक ऐसे कप्तान भी, जिन्होंने हमेशा टीम को प्राथमिकता दी। उनका अनुशासन, विनम्रता और उत्कृष्टता आज की पीढ़ी के लिए मिसाल है। भारतीय क्रिकेट हमेशा उनके योगदान का ऋणी रहेगा। रोहित शर्मा भले ही सफ़ेद कपड़ों से विदा ले चुके हों, लेकिन उनका योगदान, शैली और नेतृत्व भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सदैव अमिट रहेगा।

## रहाणे को अब भी केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद

**कोलकाता।** चेन्नई सुपर किंग्स से हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होने की कगार पर है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे को अब भी उम्मीद बनी हुई है। केकेआर के अब दो मैच बचे हैं और वह अधिकतम 15 अंक प्राप्त कर सकता है। रहाणे ने बुधवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि 15 अंकों के आधार पर भी हम क्वालीफाई कर सकते हैं। हमें अब भी सकारात्मक सोचना होगा। हमें अभी सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच खेलने हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए एक टीम के रूप में हमें सकारात्मक रहना होगा, सोचना होगा कि हम अगले दो मैच कैसे जीत सकते हैं। हम बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। हमें एक टीम के रूप में वापसी करने को लेकर पूरा भरोसा है। केकेआर की क्वालीफिकेशन उम्मीदें इस बात पर भी निर्भर करेंगी कि मुंबई इंडियंस अपने बाकी दोनों मैच हारकर 14 अंकों पर बना रहे।

## रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से रहाणे हैरान

**कोलकाता।** रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने मुंबई और भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे को भी चौंका दिया। रोहित ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की तब रहाणे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेल रहे थे। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नाइट राइडर्स के कप्तान ने ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स से दो विकेट की हार के बाद मीडिया से कहा, ''ओह, क्या ऐसा है? मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे (संन्यास के बारे में) नहीं पता था। उन्होंने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। मुझे नहीं पता था कि उन्होंने टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है। लेकिन मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने वास्तव में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में अपने खेल में काफी सुधार किया था। उन्होंने हमेशा स्वच्छंद होकर खेलने को प्राथमिकता दी।

## भारतीय रिकर्व टीमें तीरंदाजी विश्व कप में पदक की दौड़ से बाहर

**शंघाई।** भारत की पुरुष और महिला रिकर्व तीरंदाजी टीमें गुरुवार को यहां विश्व कप दूसरे चरण में पदक की दौड़ से बाहर हो गईं, जिसमें पुरुष चौथे स्थान पर रहे जबकि महिला टीम प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। धीरज बोम्मदेवरा, अतनु दास और तरुणदीप राय की सातवीं प्राप्त भारतीय पुरुष टीम कांस्य पदक के मैच में अमेरिका से 3-5 से हार गई। भारतीय टीम पहला सेट 56-57 से हार गई। इसके बाद क्रिश्चियन स्टोडर्ड, ब्रैडी एलिसन और जैक विलियम्स की अमेरिकी तिकड़ी ने दूसरे सेट में 56-52 से दबदबा बनाने के बाद 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। भारत ने तीसरे सेट में वापसी करते हुए 55-54 से जीत हासिल की लेकिन चौथा सेट 56-56 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिससे अमेरिकी टीम कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही। इससे पहले भारतीय टीम को सेमीफाइनल में फ्रांस से शूट-ऑफ में 4-5 (25-26) से हार का सामना करना पड़ा था। महिला वर्ग में, दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और अंशिका कुमारी कि भारतीय टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको से शूट-ऑफ में 4-5 (26-27) से हारकर बाहर हो गई।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:–

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रस्ताव पारित कर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर चिंता जताई

**एजेंसी**




नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारियों की एक विशेष ऑनलाइन बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव को बड़ी चिंता की नजर से देखता है। वह राष्ट्र की एकता और सभी लोगों की रक्षा और सुरक्षा के लिए उठाए गए हर आवश्यक कदम का समर्थन करता है और इस बात पर जोर देता है कि इस महत्वपूर्ण समय में जनता, राजनीतिक दलों, सशस्त्र बलों और सरकार को इन खतरों का सामना करने के लिए एक साथ आना चाहिए। आतंकवाद और निर्दोष नागरिकों की हत्या एक गंभीर चिंता का विषय है। इस्लामी शिक्षाओं, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए देशों को द्विपक्षीय संवाद और विचार-विमर्श के जरिए अपने मामलों को सुलझाना चाहिए। यह भी एक तथ्य है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है। विशेषकर परमाणु हथियारों की मौजूदगी में, भारत और पाकिस्तान युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकते। ऐसा संघर्ष दोनों देशों के लोगों को दुर्गम कठिनाइयों और पीड़ा में डाल सकता है। इसलिए, सभी मुद्दों को बातचीत और अन्य राजनयिक तरीकों से हल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही कहा गया है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हमेशा की तरह अपना वक्फ बचाओ अभियान जारी रखेगा। हालांकि मौजूदा हालात के मद्देनजर इसकी जनसभाएं और कार्यक्रम अगले एक सप्ताह (16 मई तक) के लिए स्थगित किए जा रहे हैं। इनडोर कार्यक्रम जैसे साथी नागरिकों के साथ गोलमेज बैठकें, अंतरधार्मिक संवाद, मस्जिदों में उपदेश, जिला मजिस्ट्रेटों और कलेक्टरों के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत करना और प्रेस कॉन्फ्रेंस, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे।

बोर्ड को उम्मीद है कि मौजूदा गंभीर स्थिति जल्द ही सुलझ जाएगी और सामान्य स्थिति लौट आएगी। इस पर हस्ताक्षर करने वालों में बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड उपाध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, इंजीनियर सआदतुल्लाह हुसैनी, मौलाना मोहम्मद मोहसिन तकवी, मौलाना ओबैदुल्लाह खान आजमी, मौलाना असगर अली इमाम मेहदी सलाफी, बोर्ड महासचिव फजलुर रहीम मुजद्दिदी, बोर्ड सचिव सैयद बिलाल अब्दुल हसनी, डॉ. यासीन अली उस्मानी बदायूनी आदि के नाम शामिल हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सेना की सटीक कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी ढेर

**एजेंसी**

नई दिल्ली, 8 मई (हि.स.)। भारतीय सेना के संयुक्त अभियान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए सटीक हवाई हमलों में 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में बताया कि यह अभियान केवल आतंकवादी ठिकानों तक सीमित था और यह अभी भी जारी है।

संसद परिसर में गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एकजुटता दिखाई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी नेताओं ने सेना की कार्रवाई की सराहना की और सरकार को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

सर्वदलीय बैठक में राजनाथ सिंह ने राजनीतिक दलों 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में सैन्य रणनीति को छोड़कर महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार इसमें उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं।

संसद भवन परिसर में गुरुवार सुबह 11 बजे सभी दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें विभिन्न दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के टी.आर. बालू, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता चिराग पासवान, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी और अन्य नेता शामिल हुए।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सभी दलों ने गंभीरता और जिम्मेदारी से बात रखी। सभी ने माना कि ऐसे समय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में सोचने की ज़रूरत है। उन्होंने बताया कि रक्षामंत्री ने ऑपरेशन की स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। सैन्य कार्रवाई होने के कारण तकनीकी विवरण साझा नहीं किया गया। रिजिजू ने कहा कि नेताओं की एकता ही हमारी लोकतांत्रिक ताकत है। सभी ने सेना की सफलता पर गर्व जताया। बैठक में कई नेताओं की ओर से उपयोगी सुझाव भी आए।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी विपक्षी दल इस संकट के समय में सरकार और सेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गैरमौजूदगी निराशाजनक रही, लेकिन इस समय किसी की आलोचना करने का समय नहीं है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सीमा पर सुरक्षा और शहीदों के परिवारों की देखभाल को प्राथमिकता दी जाए।

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि रक्षा मंत्री ने हमें बताया कि आतंकी कैंपों पर हमले से 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। उन्होंने इसे सेना की सटीकता और साहस का उदाहरण बताया। आम आदमी पार्टी नेता सांसद संजय सिंह ने भी बैठक में 100 से अधिक आतंकियों को मारे जाने से जुड़ी जानकारी साझा करने के बारे में बताया।

बीजद सांसद सस्मित पात्रा और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की।

# वर्ष 2024 में खाद्यान्न उत्पादन में 6.81 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में कुल खाद्यान्न क्षेत्र में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें चावल और मक्का में प्रमुख वृद्धि देखी गयी है। समान रूप से खरीफ 2024 में कुल खाद्यान्न उत्पादन में वर्ष 2023 के खरीफ उत्पादन की तुलना में 6.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें चावल, मक्का और ज्वार आदि फसलों में उच्च उत्पादन देखा गया है। गुरुवार को नई दिल्ली के पूसा कैंपस स्थित अग्नि हॉल में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन- खरीफ 2025 अभियान में हुई चर्चा के साथ-साथ खरीफ की बुआई से पहले कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की तैयारियों व रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर सहित विभिन्न राज्यों से आए कृषि मंत्री भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि राज्यों के बेहतर प्रदर्शन, किसानों की मेहनत के कारण खरीफ के रकबे में वृद्धि हुई है, वहीं खरीफ 2023-24 के दौरान चावल का क्षेत्रफल 40.73 मिलियन हेक्टेयर था, जो खरीफ 2024-25 में 43.42 मिलियन हेक्टेयर हो गया है। चावल का उत्पादन खरीफ 2023-24 में 113.26 मिलियन टन था, जो खरीफ 2024-25 में 120.68 मिलियन टन हो गया है। इसी तरह खरीफ में 2023-24 के दौरान मक्का का क्षेत्रफल 8.33 मिलियन हेक्टेयर था, जो खरीफ 2024-25 में 8.44 मिलियन हेक्टेयर हो गया और मक्के का उत्पादन खरीफ 2023-24 में 22.25 मिलियन टन था, जो खरीफ 2024-25 में 24.81 मिलियन टन हो गया है। चौहान ने कहा कि लैब टू लैंड की नीति के तहत वैज्ञानिक और किसान साथ मिलकर काम करे, इसकी बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गेहूं, चावल हमारे यहां पर्याप्त मात्रा में होता है लेकिन दलहन और तिलहन का हमें आयात करना पड़ता है। भारत सरकार ने जो दलहन मिशन शुरू किया है उसे इम्प्लीमेंट करने की बात सम्मेलन में हुई है। उत्पादन कैसे बढ़े, इस पर भी चर्चा और ऑइल सीड के उत्पादन को बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 33 राज्यों का वार्षिक एक्शन प्लान आ गया है। 7.78 लाख हेक्टेयर में 15,560 क्लस्टर बनाए जाएंगे और 10 हजार बायो रिसोर्स सेंटर बनाए जाएंगे। 16 प्राकृतिक खेती के केंद्रों की पहचान की गई है और 3,100 वैज्ञानिकों को किसान को मास्टर ट्रेनिंग के रूप में ट्रेन किया गया है। कम से कम 18 लाख किसान प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें।

# भारतीय सैन्य ऑपरेशन की सफलता और जवानों की सलामती के लिए मंदिरों में विशेष पूजा

**एजेंसी**

बेंगलुरू । 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता के बीच भारतीय सैन्य जवानों की सलामती के लिए कर्नाटक में प्रार्थना का दौर शुरू हो गया है। राज्य सरकार के धार्मिक संस्थानों और बंदोबस्ती विभाग ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के सैन्य ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाने के लिए राज्य भर के सभी मंदिरों को विशेष पूजा का आदेश जारी किया है। राज्य में बंदोबस्ती विभाग के तहत लगभग 34,564 मंदिर हैं। परिवहन, धार्मिक संस्थान और बंदोबस्ती विभाग के मंत्री आर रामलिंगारेड्डी के आदेश पर धार्मिक संस्थानों और बंदोबस्ती विभाग के आयुक्त ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। मंत्री ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ किए गए भारतीय सैन्य ऑपरेशन की सराहना कर निर्देश दिया था कि भारतीय सैनिकों के नाम पर विशेष प्रार्थना की जाए। कर्नाटक भाजपा की ओर से भी गुरुवार को राज्य के मंदिरों में पूजा-पाठ कर भारतीय सेना की सफलता और सलामती के लिए प्रार्थना की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बुकनाकेरे येदियुरप्पा विजयेंद्र ने बंगलुरू के एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की सफलता के लिए प्रार्थना की। विजयेन्द्र ने कहा कि हमने भारत की सफलता और हमारे सशस्त्र बलों की ताकत के लिए भगवान से प्रार्थना की है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है, क्योंकि आतंकवाद भारत तक सीमित नहीं है, इसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है।

# पेज एक का शेष

## छेड़ने ...

किया। इन मिनी स्टेडियम पर 4.92 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्यक्रम में पांच राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब तथा पांच राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण-पत्र भी सौंपे गए। इस अवसर पर राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, कार्यवाहक मुख्य सचिव अनिल कुमार, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, डीजी शिक्षा कंचन वर्मा मौजूद रहीं।

## दु:साहसियों...

ज्वैलर्स उद्योग न केवल आर्थिक विकास में योगदान देता है, बल्कि रोजगार सृजन और वैश्विक बाजार में भारत की पहचान को भी मजबूत करता है।

यूपी में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में हुआ है सुधारमुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आठ साल पहले यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल थी। पर्व-त्योहारों पर अशांति, दंगे और व्यापारियों व बेटियों की असुरक्षा आम थी। वर्ष 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा जताते हुए भाजपा को जनादेश दिया। आज यूपी न केवल दंगा मुक्त, बल्कि माफिया मुक्त भी हो गया है। सभी पर्व-त्योहार चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से संबंधित हों, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। इस बेहतर माहौल ने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि आज यूपी में वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो व्यापारियों के लिए अनंत संभावनाएं प्रदान करती हैं।

सुरक्षा व संवाद के माध्यम से व्यापारियों के साथ है सरकारमुख्यमंत्री योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना का आह्वान करते हुए इसे यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इबजा से एक ऐसा मॉडल तैयार करने का आग्रह किया, जिसमें डिजाइन, तकनीक, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और निर्यात को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला विशाल राज्य है और आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर यह 30 करोड़ लोगों के व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की जरूरतों को पूरा करता है। इस बाजार का लाभ उठाने के लिए हमें आधुनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार सुरक्षा और संवाद के माध्यम से व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने की सेफ सिटी और तकनीकी प्रगति की चर्चामुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम, जो पहले 25-30 मिनट था, अब 7-8 मिनट तक कम हो गया है। इसके अलावा, 2017 में जहां पूरे प्रदेश में केवल एक साइबर थाना था, वहीं आज हर जनपद में साइबर थाना और हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं। फॉरेंसिक अपराधों को रोकने के लिए हर जनपद में थाना और लैब्स की स्थापना की गई है और पिछले साल एक फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट भी स्थापित किया गया है।

गिनाईं यूपी की आर्थिक उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने यूपी की आर्थिक प्रगति के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि 1947 से 2017 तक यूपी की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, जो आज बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि 70 साल में हम जहां पहुंचे थे, आज हम आठ साल में उससे 150 प्रतिशत आगे निकल गए हैं। प्रति व्यक्ति आय जो 2017 में 46 हजार रुपये थी, अब 1.10 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 2017 में यूपी देश की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, आज यह दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, इबजा के राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र मेहता, नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी, डायरेक्टर सुमित रस्तोगी, अजय रस्तोगी, अजय अग्रवाल, धर्मेन्द्र गुप्ता, उमेश पाटिल सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## झूठ...

इसके पाकिस्तान कानूनी प्रक्रिया में उलझाकर भारत के अधिकार की नदियों पर भी परियोजनाओं का विरोध करता रहा है।

मिस्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन, तकनीकी और जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण संधि में बदलाव समय के अनुसार जरूरी हो गया है, लेकिन पाकिस्तान इससे भाग रहा है— जो कि सीधे तौर पर संधि के प्रस्तावना का उल्लंघन है।

वहीं इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कल रात और आज के सैन्य घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों ने बताया कि कल रात पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। इन ठिकानों में अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, नल, जालंधर, लुधियाना, अधमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल थे। इन प्रयासों को एकीकृत काउंटर-मानव रहित हवाई प्रणाली और अन्य वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। वहीं जवाब में आज भारतीय सेना ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान के रक्षा उपकरणों को निशाना बनाते हुए कार्रवाई की है जिसमें लहौर में उसकी वायु रक्षा प्रणाली तबाह हो गयी है।

## पाकिस्तान...

स्थगित कर दी गईं। पूरे कश्मीर में केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनगर की समग्र निगरानी में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र , श्रीनगर के उपायुक्त कार्यालय में एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कश्मीर के 10 जिलों में इसी तरह के नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

जम्मू संभाग में सीमा से लगे पांच जिलों में बुधवार को जम्मू, सांबा, कठुआ, पुंछ, राजोरी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहे। इनमें निजी स्कूल भी शामिल रहे। जम्मू विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित सभी परीक्षाएं स्थगित दी हैं। इसके अलावा क्लस्टर विश्वविद्यालय, आईआईएम, आईआईटी जम्मू में भी शैक्षणिक गतिविधियां नहीं हुईं। कश्मीर संभाग में श्रीनगर हवाई अड्डे के आसपास, बारामूला, कुपवाड़ा, गुरेज सहित कई जिलों में शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। इन जिलों में भी परीक्षा स्थगित कर दी गईं। कश्मीर विश्वविद्यालय की अधिसूचना में 10 मई तक सभी परीक्षाएं स्थगित करने की घोषणा की गई है।

## प्रधानमंत्री...

गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था। मंत्रालयों को राज्य प्राधिकरणों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना एवं प्रसारण, ऊर्जा, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने देश के संवेदनशील दौर में निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

## सेना प्रमुख ...

पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री ?नरेन्द्र मोदी ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और सेना प्रमुख की यह महत्वपूर्ण बैठक भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से यह घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद हुई है कि उसने देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल कर दिया है। सेना प्रमुख बैठक के लिए पीएम के आवास पर पहुंचे। उन्हें बताया गया कि 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत में स्थित कई सैन्य ठिकानों जैसे अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया।

प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि भारत ने मानवरहित विमान प्रणाली ग्रिड (यूएएस ग्रिड) और वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके? भारत के ?कई शहरों पर हमला करने के प्रयास को विफल कर दिया। इन हमलों का मलबा कई स्थानों से बरामद हुआ, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है। ?भारत ने शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया।? ?आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की प्रतिक्रिया भी पाकिस्तान की ही तरह उसी तीव्रता से रही है। इस दौरान लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने आज ही एक बयान में कहा है कि पाकिस्तान ने ?एलओसी के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें 3 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और आर्टिलरी की गोलीबारी को रोकने के लिए जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा? है।? बयान में ?यह भी कहा ?गया है कि? भारतीय सशस्त्र बल संघर्ष को आगे न बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते कि पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे।?

## भारतीय...

नेस्तनाबूद कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेना की इस कार्रवाई में 90 से अधिक आतंकी मारे गए हैं।

उच्च गुणवत्ता...

करता है हालांकि अगर कोई इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता हैए तो उसे श्गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने राष्ट्र को आश्वस्त किया कि भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के लिए कोई भी सीमा बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने कहाए श्हम भविष्य में भी ऐसी जिम्मेदार कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। श्री सिंह ने सम्मेलन के विषय एकीकृत दृष्टिकोण और प्रौद्योगिकी सक्षम प्रक्रियाओं के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन में तेजी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि दुनिया भर में रक्षा क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी बदलावों और नए परिवर्तनों को देखते हुए गुणवत्ता मूल्यांकन में तेजी लाना समय की मांग है। उन्होंने कहाए श्रक्षा संप्रभुता का मतलब है कि जब तक कोई देश अपनी रक्षा जरूरतों में सक्षम और आत्मनिर्भर नहीं होताए तब तक उसकी स्वतंत्रता पूरी नहीं मानी जा सकती। अगर हम विदेश से हथियार और अन्य रक्षा उपकरण खरीदते हैंए तो हम अपनी सुरक्षा को आउटसोर्स कर रहे हैं और इसे किसी और की दया पर छोड़ रहे हैं। हमारी सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार किया और आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए निर्णायक कदम उठाया। विस्तारित रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भारत को अभूतपूर्व ताकत प्रदान कर रहा है।श

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता और मात्रा पर समान जोर दिया जा रहा है और इस दिशा में कई क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैंए जिसमें आयुध निर्माणी बोर्ड ;ओएफबीद्ध का निगमीकरण भी शामिल है। उन्होंने गुणवत्ता को सरकार का प्राथमिकता वाला सुधार एजेंडा बताया और इस बात पर प्रकाश डाला कि ओएफबी के निगमीकरण के बाद से डीपीएसयू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी और निर्यातोन्मुखी बन गए हैंए साथ ही गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की प्रगति के पीछे एक उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धी निजी रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना रहा हैए जो गुणवत्ता के माध्यम से भारत की सुरक्षा को मजबूत करेगा। उन्होंने कहाए श्आज की दुनिया मेंए एक मजबूत ब्रांड वैल्यूए एक उत्पाद से ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह ब्रांड सफल होता हैए जो लगातार गुणवत्ता और विश्वसनीयता का आश्वासन देता है।श

श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सशस्त्र बलोंए सरकारी क्यूए एजेंसियोंए डीपीएसयूए निजी उद्योगए अनुसंधान संस्थानोंए शिक्षाविदों और एमएसएमई प्रतिनिधियों से विश्व में अग्रणी अत्याधुनिक ब्रांड इंडिया बनाने की अपील की। उन्होंने कहाए श्ब्रांड इंडिया का मतलब है कि अगर किसी भारतीय कंपनी ने कुछ वादा किया हैए तो वह जरूर होगा। श्जब भी संदेह होए तो भारत का रुख करेंश हमारी यूएसपी होनी चाहिए।श

वैश्विक व्यवस्था में हो रहे बड़े बदलावों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि जब विकसित देश पुनः शस्त्रीकरण की ओर बढ़ेंगेए तो हथियारों और उपकरणों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट का हवाला दियाए जिसमें कहा गया है कि 2024 में विश्व सैन्य व्यय 2ए718 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समन्वित प्रयासों से भारतीय रक्षा विनिर्माण क्षेत्र ब्रांड इंडिया दर्शन के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

## भारत...

पीओके में जिस तरह से आतंकी शिविरों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को जवाब देने के लिए हम भी पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रक्षा उत्पादन विभाग एवं गुणवत्ता आश्वासन संगठन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा ही जिम्मेदार राष्ट्र होने की भूमिका बड़े संयम से निभाई है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए से हो। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं भी कोई भी हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा।

रक्षा मंत्री ने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में कोई भी हमारे लिए बाधा नहीं बनेगा। ऐसी जिम्मेदार प्रतिक्रियाओं के लिए हम भी पूरी तरह से तैयार हैं। अगर यह हमारी तैयारी है तो इसमें आपका एक बहुत बड़ा रोल है। भारत का यह विस्तारित रक्षा औद्योगिक जगत भारत को एक आशाजनक संबल प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में घरेलू या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हथियारों, उपकरणों तथा रक्षा उत्पादों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसलिए देश का रक्षा विनिर्माण क्षेत्र 'ब्रांड इंडिया' टैगलाइन के साथ विश्व में अपना सिक्का जमा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के जमाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की भूमिका बहुत बढ़ गई है। इसलिए आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि रियल टाइम क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और मशीन लर्निंग जैसे टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। जिस समर्पण की भावना के साथ और जिस विचार के साथ आप गुणवत्ता सुधार पर ध्यान दे रहे हैं, वह निश्चित रूप से आने वाले समय में भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में हमारा रक्षा निर्यात लगभग 24,000 करोड़ के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमारा लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात के इस आंकड़े को बढ़ाकर 50 हजार करोड़ तक पहुंचाना है।

## कोलकाता...

करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, व्हाट्सएप चैट्स से यह स्पष्ट हुआ है कि कोलकाता से हवाला के ज़रिए भेजी गई रकम पड़ोसी बांग्लादेश में किन लोगों तक पहुंची। अब ईडी यह जांच कर रही है कि क्या यह रकम आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रयुक्त की गई थी।

ईडी के हाथ लगे मोबाइल फोन में 20 हजार से अधिक व्यक्तिगत और समूह संपर्क मौजूद थे। इन समूहों में की गई गतिविधियां और चर्चाएं बेहद संदिग्ध पाई गई हैं। साथ ही, कुछ वॉयस मैसेज रिकॉर्ड भी बरामद हुए हैं, जो आज़ाद के आतंकी कनेक्शन की ओर इशारा करते हैं। गौरतलब है कि अप्रैल में गिरफ्तार किए गए आज़ाद मलिक के पास से जब्त दस्तावेज़ों से खुलासा हुआ था कि वह मूल रूप से पाकिस्तानी नागरिक है, जिसने पहले फर्जी तरीके से बांग्लादेशी नागरिकता प्राप्त की और फिर भारत में फर्जी दस्तावेज़ों के ज़रिए पहचान बनाई। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी और जन्म प्रमाणपत्र जैसे कई फर्जी दस्तावेज़ बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि पाकिस्तान में उसका नाम आज़ाद हुसैन था, जिसे बदल कर बांग्लादेश की नागरिकता लेते वक्त अहमद हुसैन आज़ाद कर दिया गया। बाद में भारतीय पासपोर्ट बनवाते समय उसने अपना नाम आज़ाद मलिक दर्ज करवाया। वह कोलकाता में 'मलिक ट्रेडिंग कॉरपोरेशन' के नाम से कारोबार कर रहा था और वहीं से हवाला का संचालन कर रहा था। साथ ही, बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क का भी हिस्सा था।

ईडी ने आज़ाद की 2.62 करोड़ रुपये जमा वाली एक बैंक खाता भी फ्रीज़ कर दी है। गुरुवार को ईडी ने अदालत से उसकी हिरासत पांच दिनों के लिए और बढ़ाने की मांग की, ताकि उससे आगे की पूछताछ की जा सके।

# उत्तराखंड के मठ-मंदिरों पर तीन प्रमुख अखाड़ों का अधिकार सुनिश्चित करे सरकारः श्रीमहंत गोपाल गिरि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**■ प्रदेश सरकार से मठ मंदिरों पर हक दिलाने की श्रीमहंत ने की मांग**



हरिद्वार। उत्तराखंड के सभी मठ-मंदिरों पर देश की प्राचीन संन्यास परंपरा के सूत्रधार तीन अखाड़ों–आवाहन, अटल और महानिर्वाणी अखाड़ा–का ही अधिकार है। यह दावा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी अखाड़े के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने किया। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रदेश के समस्त मठ-मंदिर इन तीनों अखाड़ों को सौंपे जाएं।

गोपाल गिरि महाराज ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा कि सन् 805 से 820 तक जगतगुरू शंकराचार्य भगवान के समय सर्वप्रथम अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के 550 नागाओं द्वारा पुनः अखाड़े की स्थापना की गई। मंदिरों व मठों का जीर्णोद्धार किया गया। मन्दिरों की सेवा-पूजा की जिम्मेदारी दशनाम ब्रह्मचारी सन्यासियों को दी गई, जिसमें उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, जम्बू-काश्मीर, हिमाचल, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा आदि में स्थित मठ-मढ़ी, मन्दिर के महन्त गिरी, पर्वत, सागर नामक दशनामी संन्यासी और आनन्द ब्रह्मचारियों की नियुक्ति स्वयं आदि गुरू शंकराचार्य जी के द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिये महन्तों की नियुक्ति व निष्कासित करने का अधिकार श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी अखाड़ा, अटल अखाड़ा व महानिर्वाणी अखाड़े को सौंपा गया था। सन 821 में शंकराचार्य जी का श्री क्षेत्र केदारनाथ धाम उत्तराखण्ड में कैलाशवास हो गया, जिनकी समाधि श्री क्षेत्र केदारनाथ धाम में है। श्रीमहंत गोपाल गिरि ने कहा कि जगतगुरू स्वामी शंकराचार्य जी का जन्म सन 789 ई. में वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी को केरल राज्य में हुआ और 32 वर्ष की आयु में कैलाशवास हो गया। स्वामी शंकराचार्य जी का संबन्ध मात्र आवाहन, अटल व महानिर्वाणी अखाड़े से ही रहा। कारण की उस समय उक्त तीन अखाड़े ही थे। आवाहन अखाड़ा सन 547 ई. में, अटल अखाड़ा सन् 647 ई. में और महानिर्वाणी अखाड़ा सन् 749 ई. में स्थापित हुआ। शेष सभी अखाड़े स्वामी शंकराचार्य जी के कैलाशवाश के बाद बने। कहा कि आदि शंकराचार्य जी के कैलाशवास होने के 35 वर्ष के बाद आनन्द अखाड़ा सन् 856 ई. में आवाहन से निकलकर बना और उसके 48 वर्ष बाद सन् 904 ई. निरंजनी अखाड़ा आनन्द अखाड़े से बना। उसके 232 वर्ष बाद नैष्टिक ब्रह्मचारियों ने सन 1136 में श्री पंच अग्नि अखाड़ा स्थापित किया। उसके 20 वर्ष के बाद सन् 1156 ई. में आवाहन व आनन्द अखाड़े से जूना अखाड़ा बना, इसलिये आनन्द, निरंजनी, अग्नि और जूना अखाड़े का जगतगुरू शंकराचार्य जी से प्रत्यक्ष कोई समबन्ध नहीं हैं। श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा कि जगतगुरू शंकराचार्य जी का संबंध आवाहन, अटल और महानिर्वाणी अखाड़े से ही था और सन् 800 से सन् 821 ई0 तक वो इन तीन अखाड़ों के साथ ही रहे। उन्होंने कोई अखाड़ा नहीं बनाया। इन तीनों अखाड़े ने ही स्वामी शंकराचार्य जी की ओर से बौद्धों से युद्ध किया और अखण्ड भारत के सभी सनातनी मठ, मढ़ी, मन्दिरों का जिर्णोद्धार कर पुनः निर्माण कराया। इस कारण से अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा सन्यासी अखाड़ा, अटल नागा संन्यासी अखाड़ा व महानिर्वाणी नागा सन्यासी अखाड़े का ही मठ-मढ़ी मंदिरों पर एकमात्र हक हैं। उन्होंने उत्तराखण्ड सरकार से तीनों अखाड़े नागा सन्यासियों के अखाड़ो को सभी मन्दिरों का हक दिलाया जायें और जो मठों मन्दिरों में अवैध कब्जा करे कमेटी बनाकर नागाओं के हक पर कब्जा किए हुए हैं उन मन्दिर व मठों से उनको तत्काल हटाया जाये।

# पटना एयरपोर्ट से सात उड़ानों को किया गया रद्द, सुरक्षा कारणों से फैसला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पटना का जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट भी हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा के मद्देनजर इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुरुवार को उड़ान भरने वाली सात उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। जिन उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें पटना से भुवनेश्वर, मुंबई, और चंडीगढ़ जाने वाली उड़ानों के साथ-साथ इन शहरों से पटना आने वाली उड़ानें शामिल हैं। उड़ाने के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा है। एयरलाइंस ने यात्रियों को सूचित कर वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी दी गयी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्तरी और पश्चिमी भारत के 18 से अधिक हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। हालांकि, पटना एयरपोर्ट को बंद नहीं किया गया, लेकिन सुरक्षा कारणों और हवाई क्षेत्र में बदलावों के चलते उड़ानें प्रभावित हुईं हैं। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी प्रमुख एयरलाइंस ने अपने शेड्यूल में बदलाव की घोषणा की है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांच लें। इंडिगो ने कहा , हवाई क्षेत्र की स्थिति के कारण उड़ानें रद्द की गई हैं। यात्री हमारी वेबसाइट पर रिफंड या रीशेड्यूलिंग का विकल्प चुन सकते हैं।ङ्क एयर इंडिया ने भी यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-69329333 जारी किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से धैर्य रखने की अपील की है।

रद्द की गई उड़ानें इस प्रकार से हैं। पटना-भुवनेश्वर, पटना-मुंबई, और पटना-चंडीगढ़ रूट की उड़ानें रद्द की गई है। साथ ही, इन शहरों से पटना आने वाली उड़ानें भी प्रभावित हुईं है।

# पानी छोड़ने पहुंचे बीबीएमबी चेयरमैन को आआपा कार्यकर्ताओं ने बनाया बंधक

**■ हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जल विवाद का नहीं निकला हल**
**■ पानी रिलीज करने का हाई कोर्ट नहीं दिया है आदेशः मुख्यमंत्री**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़ पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद गुरुवार को पंजाब ने भाखड़ा डैम से हरियाणा को अतिरिक्त पानी नहीं दिया। हरियाणा के लिए पानी छोड़ने के लिए भाखड़ा डैम पर पहुंचे बीबीएमबी के चेयरमैन को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बंधक बना लिया। बाद में पुलिस ने उन्हें वहां से निकाल कर चंडीगढ़ भेज दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान भी भाखड़ा डैम पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाई कोर्ट ने पानी छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया है। मान ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कहीहै। भाखड़ा डैम पर पानी छोड़ने के लिए गुरुवार को कई घंटे तक हंगामा चलता रहा। पंजाब-हरियाणा के बीच छिड़े जल विवाद पर हाई कोर्ट के बुधवार के फैसले के बाद भी हरियाणा को अतिरिक्त पानी नहीं दिया गया। कोर्ट ने पंजाब पुलिस अथवा पंजाब सरकार को बीबीएमबी के काम में हस्तक्षेप न करने के आदेश दिए थे। इससे पहले हाई कोर्ट ने हरियाणा को पानी दिए जाने के संबंध में 2 मई का फैसला लागू करने के भी निर्देश दिए थे। हाई कोर्ट के फैसले के बाद बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी गुरुवार की सुबह भाखड़ा डैम पर पहुंचे, लेकिन यहां पहले से मौजूद आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीबीएमबी अध्यक्ष के विरूद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद आप कार्यकर्ताओं ने बीबीएमबी चेयरमैन त्रिपाठी को सतलुज विश्राम गृह के एक कमरे में बंद कर दिया। इस बीच पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस व बरिंदर गोयल भी वहां पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया। इस बीच आआपा कार्यकर्ताओं ने भाखड़ा डैम के कंट्रोल रूम पर दोबारा ताला जड़ दिया। कई घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और बीबीएमबी चेयरमैन को पुलिस सुरक्षा के बीच वहां से निकालकर चंडीगढ़ पहुंचाया। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब के महाधिवक्ता एमएस बेदी के साथ भाखड़ा डैम पर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिस समय देश जंग जैसे हालातों का सामना कर रहा है, उस समय भाजपा ने मुसीबत में मौका तलाशते हुए आज सुबह बगैर किसी सूचना के बीबीएमबी चेयरमैन व अधिकारियों को यहां भेज दिया। उन्होंने कंट्रोल रूम पर पहुंचकर हरियाणा का गेट खोलने का प्रयास किया। मान ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में कहीं भी पानी जारी करने को नहीं कहा गया है। चेयरमैन इस तरह का कोई आदेश नहीं दिखा पाए। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि 532 किलोमीटर क्षेत्र पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। भारत-पाक तनाव के कारण यहां पुलिस बल को तैनात किया गया है। बीबीएमबी पंजाब के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसकी सुरक्षा करना पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है। मान ने कहा कि पंजाब सरकार हाई कोर्ट के फैसले पर मंथन कर रही है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री बोलीं- हर वादा समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**■ महिलाओं के लिए पेंशन योजना जल्द लागू होगी, यमुना की सफाई पर गंभीरता से कर रहे काम**
**■ आयुष्मान योजना और बसों में निःशुल्क सफर समेत सभी पुरानी लाभकारी योजनाएं जारी रहेंगी**



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि हम अपने चुनावी संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को हर हाल में समयबद्ध तरीके से एक एक कर पूरा करेंगे। इसीलिए हमने शपथ लेने के तुरंत बाद उसी दिन मंत्रिमंडल की पहली बैठक में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू कर दी थी। रेखा गुप्ता का कहना है कि देश की राजधानी के अनुरूप दिल्ली को सम्पूर्ण रूप से विकसित करना व सजाना-संवारना और राजधानीवासियों को उसका अहसास भी कराना उनकी प्राथमिकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने राज्य के मूल ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को बेहतर करने का कोई काम नहीं किया। पिछले दस साल में एक भी फ्लाईओवर नहीं बना, स्कूल-कॉलज नहीं बने। सड़कों और जल निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। हमारी सरकार ने आते ही शहर की साफ-सफाई और सड़कों को ठीक करने का काम शुरू किया। मानसून को देखते हुए दिल्ली में कहीं भी जल भराव न हो, इसके लिए अभी से प्रयास किये जा रहे हैं। दिल्ली की सीमा पर बने तीनों कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए गंभीरता से काम हो रहे हैं। महिलाओं को ढाई हजार पेंशन दिए जाने के सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा कि यह एक बार दी जाने वाली राशि नहीं है। इस योजना पर गंभीरता से काम हो रहा है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब में धोषणा करके तीन साल बाद भी महिलाओं को पेंशन देना शुरू नहीं किया। वे हमारी सरकार पर क्या आरोप लगाएंगे। हम इस योजना को हर हाल में जल्दी से जल्दी लागू करेंगे और उसके लिए आर्थिक प्रावधान भी करेंगे। आयुष्मान योजना के अन्तर्गत आने वाले लोगों का पंजीकरण शुरू हो गया है। बिना किसी भेदभाव के दिल्ली में रहने वाले 70 साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना का लाभ मिलने लगा है। आयुष्मान कार्ड भी जारी किए जाने लगे हैं। हमने बिजली के बिल या बस में निःशुल्क सफर आदि किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। न ही किसी की झुग्गी टूटी। सब झूठ बेनकाब हो रहा है। वहीं लोग देख रहे हैं कि हमारी सरकार बड़ी तेजी से जनहित की सुनवाई कर रही है और उस पर कार्रवाई भी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जहां तक निजी स्कूलों की बात है तो सचाई यह है कि निजी स्कूल हर साल फीस बढ़ाते रहे हैं। इस बार हमने इस बढ़ोतरी के खिलाफ कानून बनाकर कार्रवाई शुरू की है। जिलाधिकारियों को एक-एक निजी स्कूल पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। हम देखेंग कि वे तय सीमा से ज्यादा बढ़ोतरी न कर सकें। यमुना नदी को साफ करने के प्रश्न पर दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए कोई समय सीमा तय करना आसान नहीं है। इस बार के बजट में यमुना की सफाई के लिए हमने नौ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यमुना को पूरी तरह साफ करना एक बड़ी चुनौती है। सभी गंदे नाले और सीवर का पानी भी यमुना में गिरता है। दिल्ली ही नहीं पड़ोसी राज्यों का औद्योगिक कचरा भी यमुना में लगातार गिर रहा है। यमुना की सफाई के लिए योजना बनाकर ईमानदारी से अब तक काम नहीं किया गया, सिर्फ पैसे की बर्बादी की गई। हमारा प्रयास होगा कि एक बूंद भी गंदा पानी यमुना में न जाने पाए और सारे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पूरी क्षमता से काम करें। हमने काम शुरू कर दिया है, परिणाम भी दिखने लगेगा।

## चरस तस्करी मामले में दो को बारह बारह वर्षो का सश्रम कारावास

पूर्वी चंपारण। एनडीपीएस कोर्ट 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्तों को बारह बारह वर्षों का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को एक एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा चकिया थाना के हिंदू चकिया निवासी रंजीत कुमार उर्फ त्रिवेदी एवं कन्हैया कुमार को हुई। मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने चकिया थाना में मामला दर्ज कराते हुए नामजद अभियुक्तों के साथ ही अंकुश कुमार व प्रदीप कुशवाहा सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था, जिसमें कहा गया था कि 20 अप्रैल 2023 की मध्य रात्रि गुप्त सूचना मिली कि चकिया न्यू बाईपास चौक स्थित होटल ग्रैंड एवं मैरेज हॉल के समीप बैंक लूट के राशि को आपसी बंटवारा करने के एकत्रित हुए हैं। सूचना के आलोक में पुलिस ने घेरा बंदी की तो चारों पकड़े गए। जांच के दौरान उसके पास से लोडेड पिस्टल, चाकू व डेढ़ किलो चरस बरामद हुआ।

# जिला प्रभारी मंत्री जीवेश मिश्रा ने वृद्ध आश्रम का किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नवादा। नगर विकास तथा नवादा जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभारी मंत्री जीवेश मिश्रा ने गुरुवार को नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड के फरहा ग्राम पंचायत सरकारी भवन में वृद्धाश्रम का उद्घाटन किया। विश्व के पूर्व भाजपा विधायक अनिल सिंह की उपस्थित थे। वहां खुले मैदान में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की बात कही। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नवादा परिसदन में एनडीए के कार्यकर्ताओं ने जीवेश मिश्रा के पास अपनी समस्याएं रखी । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू के नेतृत्व में वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जिले के विकास से संबंधित कई बातों पर चर्चा की ।प्रभारी मंत्री से जिले के विकास में सहभागी बनने की उम्मीद भी जताई गई। इस अवसर पर प्रमोद चुनाव के साथ काशीचक प्रमुख पंकज सिंह , पकरीबरावां के जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज कुमार ,मनोज मुखिया, पवन कुमार पिंटू आदि उपस्थित थे। नगर विकास तथा जिले की चौमुखी विकास के खाका भी प्रस्तुत किए गए ।जनता दलयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीवेश मिश्रा का स्वागत किया ।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि भूषण सिंह बबलू ने भी जीवेश मिश्रा से नवादा के विकास की कई मांगे रखी।

# पंजाब पुलिसकर्मियों और चंडीगढ़ में मेडिकल अधिकारियों की छुटियों पर लगी रोक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। भारत-पाक सीमा पर तनाव को देखते हुए पंजाब सरकार ने राज्य के सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों और चंडीगढ़ में सभी मेडिकल अधिकारियों की छुटिटयों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी हैं।पंजाब पुलिस के प्रशासनिक विंग के आईजी और नेशनल हेल्थ मिशन, चंडीगढ़ (यूटी) के हेल्थ डायरेक्टर ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। पुलिस विभाग की प्रशासनिक विंग के आईजी के इस पत्र में कहा गया है कि प्रबंधकीय कारणों के चलते पंजाब के सभी पुलिस कर्मचारियों तथा अधिकारियों की छुटिटयों पर आगामी आदेश तक पूर्ण रूप से रोक लगाई जाती है। केवल विशेष हालातों में ही अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टी सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से ही मंजूर होगी। सरकार के निर्देश पर इसी तरह से चंडीगढ़ में सभी मेडिकल अधिकारियों की भी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। उन्हें 24 घंटे सातों दिन इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। नेशनल हेल्थ मिशन, चंडीगढ़ (यूटी) के हेल्थ डायरेक्टर ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में लिखा गया है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात सभी मेडिकल अधिकारी और स्टाफ की सभी छुट्टियां तुरंत प्रभाव से रद्द की जाती हैं। उन्हें 24 घंटे कभी भी ड्यूटी के लिए तैयार रहना होगा। अगर किसी भी समय और जगह ड्यूटी के लिए बुलाया जाए, तो तुरंत रिपोर्ट करें। फोन कॉल का तुरंत जवाब देना जरूरी है, नहीं तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्वी चम्पारण का मधुबन बना नगर पंचायत, लोगों को मिलेंगी शहरों जैसी सुविधाएं

पटना। बिहार में पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया है। सरकार की ओर से आज ही अधिसूचना जारी कर इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है। मधुबन के नगर पंचायत बनने के साथ ही बिहार में नगर पंचायतों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। मधुबन बिहार का 262 वां नगर निकाय बना है। मधुबन के नगर पंचायत बनने से यहां के निवासियों को अच्छी सड़कें, सट्रीट लाइट, पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं तो हासिल होंगी ही, शहरों की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार जैसी आधारभूत ढांचे का निर्माण भी इस क्षेत्र में कराया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने मधुबन को नगर पंचायत बनाने की घोषणा करने के साथ ही खुशी जाहिर की कि इस क्षेत्र का विकास अब शहरों की तर्ज पर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और नगर विकास विभाग इन क्षेत्रों में बेहतरीन आधारभूत संरचना मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प है।

# हरकी पैड़ी पर पहुंची श्री विश्वनाथ जगदीश शीला डोली

**मां गंगा में स्नान कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। हरकी पैड़ी पर गुरुवार को श्री विश्वनाथ जगदीश शीला डोली गंगा स्नान के लिए पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां गंगा में डोली स्नान कराया गया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, सामाजिक समरसता और विश्व कल्याण की कामना की गई।इस अवसर पर पूर्व काबीना मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, महामंडलेश्वर ललित नंद गिरी महाराज और अनेक ब्राह्मणों ने मिलकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि यह धर्मयात्रा 31 दिनों तक पूरे उत्तराखंड में भ्रमण करेगी और समाज में धार्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना, सर्व धर्म समभाव, पर्यावरण संरक्षण, सनातन धर्म के उत्थान और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण का संदेश देगी।काबिना मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि यह यात्रा विगत कई वर्षों से चल रही है। इसका मूल उद्देश्य धर्म की स्थापना और पर्यावरण की रक्षा करना है। इस यात्रा में रमेश शर्मा, अंकुर पालीवाल, संजय वर्मा, मनोज झा आदि रहे।

## पंजाब के सीमावर्ती गुरदासपुर में रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक रहेगा ब्लैकआउट

चंडीगढ़। पंजाब के सीमावर्ती जिला गुरदासपुर में अगले आदेशों तक रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक ब्लैक आउट रहेगा। गुरदासपुर के जिला उपायुक्त ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। पंजाब का गुरदासपुर जिला भारत-पाक सीमा से सटा हुआ है। यहां पहले भी कई बार आतंकी हमले और घुसपैठ की घटनाएं हो चुकी हैं। भारत-पाक एयर स्ट्राइक के बाद गुरुवार को गुरदासपुर के जिला उपायुक्त ने इस संबंध में आदेश जारी किए। गुरदासपुर जिले में रोजाना रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक पूरी तरह से ब्लैक आउट रहने के दौरान किसी प्रकार की गतिविधि नहीं होगी। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वह सड़क पर गश्त करेंगे और यह सुनिश्चित करवाएंगे कि आम नागरिक घरों में रहे। जिला उपायुक्त ने निर्देश जारी किए हैं कि जिले में जेल तथा अस्पतालों में पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। इसके बावजूद जेल प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करेगा कि रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक जेल व अस्पतालों में कम से कम लाइटें जलाई जाएं। बाहरी क्षेत्रों को पर्दों के साथ कवर किया जाए। ऐसी व्यवस्था की जाए कि इस समयावधि के दौरान जेल व अस्पतालों से रोशनी की कोई किरण बाहर न आए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063